कार्तिक कृष्ण पक्ष 08, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

रांची का तापमान
कांके: अधिक. 29.0° न्यून. 18.5°
रांची: अधिक. 29.4° न्यून. 19.8°

रांची, मंगलवार
14 अक्टूबर 2025
वर्ष-26, अंक- 250, पृष्ठ-12
मूल्य 2 रु.

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




# लालू, राबड़ी और तेजस्वी पर भ्रष्टाचार के आरोप तय

**आईआरसीटीसी होटल घोटाला मामला**

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की विशेष अदालत ने सोमवार को आईआरसीटीसी होटल घोटाला मामले में 14 आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किए। सीबीआई के अनुसार, राजद प्रमुख लालू प्रसाद, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और बेटे तेजस्वी प्रसाद यादव के अलावा राज्यसभा सदस्य प्रेमचंद गुप्ता, उनकी पत्नी सरला गुप्ता, आईआरसीटीसी अधिकारियों, कोचर ब्रदर्स समेत कुल 14 आरोपियों के खिलाफ आरोप तय कर दिए गए हैं। सीबीआई की विशेष अदालत ने इस मामले में 27 अक्टूबर से 7 नवंबर तक प्रतिदिन सुनवाई करते हुए अभियोजन पक्ष के सबूतों की पेशी तय की है। यह सुनवाई स्पेशल सीबीआई जज विशाल गोगने की अदालत में हुई, जिसमें लालू परिवार सहित सभी आरोपी व्यक्तिगत रूप से मौजूद रहे।

कोर्ट ने कहा कि मामले में करप्शन की साजिश रची गई थी और आरोपियों को इससे प्रत्यक्ष लाभ मिला। कोर्ट ने माना कि लालू प्रसाद की जानकारी में ही यह साजिश रची गई और उनके परिवार को सीधे तौर पर आर्थिक लाभ पहुंचाया गया। अदालत ने कहा कि राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव को बेहद कम कीमत पर जमीन दी गई, जो कि आईआरसीटीसी (इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड शेष पेज 11 पर



**आईआरसीटीसी स्कैम से जुड़े मामले में दिल्ली के सीबीआई के विशेष कोर्ट में हुई सुनवाई**

**कोर्ट में लालू ने कहा, हम आरोपों को स्वीकार नहीं करते मुकदमे का सामना करेंगे**

## 5 जुलाई 2017 को दर्ज किया गया था मामला

यह मामला 5 जुलाई 2017 को दर्ज किया गया था। जांच एजेंसी ने आरोप लगाया था कि लालू प्रसाद ने रेल मंत्री रहते हुए मेसर्स सुजाता होटल प्राइवेट लिमिटेड (एसएचपीएल) के मालिक विजय कोचर और विनय कोचर सहित अन्य लोगों के साथ मिलकर आईआरसीटीसी के रांची और पुरी स्थित बीएनआर (बंगाल रेलवे नागपुर) होटलों की लीजिंग में अनियमितताएं कीं। सीबीआई के अनुसार, लालू प्रसाद ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए आईआरसीटीसी के कई अधिकारियों की मिलीभगत से कोचर ब्रदर्स को अनुचित लाभ पहुंचाया। इसके एवज में पटना स्थित एक कीमती भूमि को कोचर ब्रदर्स ने एक ऐसी कंपनी को बेच दिया, जो लालू प्रसाद के करीबी और राजद के राज्यसभा सदस्य प्रेमचंद गुप्ता से जुड़ी थी। यह जमीन मेसर्स डिलाइट मार्केटिंग कंपनी प्राइवेट लिमिटेड (डीएमसीपीएल) के नाम से खरीदी गई थी, जिसे बाद में लारा प्रोजेक्ट्स एलएलपी के नाम से परिवर्तित कर दिया गया। शेष पेज 11 पर

**राष्ट्रीय नवीन मेल**

## सत्य और सेवा की अपनी अनमोल धरोहर



**सुरेश बजाज**
प्रधान संपादक

राष्ट्रीय नवीन मेल की स्थापना के बाद से तीन दशकों का सफर अविस्मरणीय रहा है। राष्ट्रीय नवीन मेल के संस्थापक एवं प्रधान संपादक के रूप में जब कदम रखा था, और तब से यह अखबार पलामू, डाल्टनगंज, और इसके आसपास के इलाकों के लोगों के जीवन में गहरे जुड़ाव के साथ पत्रकारिता की क्रांति का प्रतीक बन गया है। 14 अक्टूबर 1994 को इस अखबार की शुरुआत एक मकसद के साथ हुई थी। सच्चाई को उजागर करना, जनता की आवाज़ बनना, और समाज के हर तबके को न्याय एवं विकास की ओर प्रेरित करना। आज तीन दशक से अधिक समय बाद, इस मिशन की अनुभूति मेरे दिल में उतनी ही प्रबल है जितनी प्रारंभ में थी।

प्रारंभ से ही हमारा उद्देश्य केवल समाचार देना नहीं था, बल्कि हम चाहते थे कि हमारा अखबार समाज की चेतना का माध्यम बने। इसलिए हमने सत्य, निष्पक्षता और समाज सेवा को अपने मूल स्तंभ बनाया। पलामू का यह क्षेत्र, जिसकी सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और सामाजिक विविधताएं अत्यंत गहन हैं, यहां के लोगों की आवाज़ को हम तक पहुंचाना हमारा पहला कर्तव्य समझा। इस दिशा में राष्ट्रीय नवीन मेल की टीम कई बार कठोर परिस्थितियों का सामना किया, कई चुनौतियों को पार किया, लेकिन कभी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया।

राष्ट्रीय नवीन मेल की टीम उस समय से पलामू के इतिहास, उसके नायकों और उसकी संस्कृति को संजोने की भी बहुत कोशिश की। नीलांबर-पीतांबर के स्वतंत्रता संग्राम को लेकर हमारी टीम की रिपोर्टिंग और उपलब्धियां इसलिए खास हैं कि वे सिर्फ इतिहास का हिस्सा नहीं, बल्कि हमारे वर्तमान के लिए प्रेरणा हैं। हमारी पत्रकारिता का उद्देश्य ऐसे महापुरुषों के उदाहरण को नए पीढ़ी तक पहुंचाना रहा है, जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर आज़ादी और समाज के लिए लड़ाई लड़ी।

30 वर्ष की पत्रकारिता यात्रा में हमने कई बार महसूस किया कि पत्रकारिता केवल खबरों का संकलन नहीं है, बल्कि यह जनता और सरकार के बीच सेतु का काम करती है। हर खबर जो हमारी टीम ने प्रकाशित की, चाहे वह सड़क या बिजली की समस्या हो, शिक्षा का अभाव हो या स्वास्थ्य सेवाओं की कमी, उसका उद्देश्य था जागरूकता और प्रशासनिक क्रियाशीलता बढ़ाना। कई बार हमारी खबरों ने जनप्रतिनिधियों और अधिकारीयों को तुरंत कार्रवाई के लिए प्रेरित किया, और हम इसी संबंध को अपने लिए बड़ी सफलता मानते हैं।

पिछला वर्ष हमारे लिए विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा है। डिजिटल युग में संक्रमण के बावजूद, हमने अपने प्रिंट संस्करण की गुणवत्ता और विश्वसनीयता बनाए रखी। साथ ही, डिजिटल माध्यम का भी हमनें भरपूर सदुपयोग किया, जिससे हमारी खबरें अधिक तेजी से और व्यापक स्तर पर पहुंच सकीं। इस बदलाव के दौर में अखबार ने न केवल भाषा और शैली में नवीनता लाई, बल्कि जनता के करीब भी रहा। इस संवादात्मक प्रक्रिया ने पत्रकारिता को जनता के लिए और भी सजीव और कारगर बनाया है।

राष्ट्रीय नवीन मेल ने पाया कि आज का पाठक केवल खबरों का उपभोक्ता नहीं है, बल्कि वह संवेदनशीलता, विश्लेषण, और संदर्भ की भी अपेक्षा करता है। इसीलिए हम अपने रिपोर्टरों को स्थानीय मुद्दों के साथ-साथ वैश्विक संदर्भ में भी शिक्षित करने का प्रयास कर रहे हैं ताकि खबरें व्यापक और गहराई से प्रस्तुत की जा सकें। हमने सामाजिक न्याय, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, और शिक्षा सुधार जैसे विषयों को अखबार के स्तंभों में प्रमुखता दी है ताकि जागरूकता और स्वविवेक को बढ़ावा दिया जा सके। राष्ट्रीय नवीन मेल की पत्रकारिता की मुख्य विशेषता है, उसका जन-समाज के हर वर्ग से जुड़ाव। किसान हो, मजदूर हो, शिक्षक हों या छात्र, अखबार ने हर तबके की जरूरतों और समस्याओं को समर्पित रिपोर्टिंग के माध्यम से संवारा है। हमने राजनीति, प्रशासन, और समाज के बीच पारदर्शिता लाने की कोशिश की है।

शेष पेज 11 पर

## पलामू एसीबी ने बीपीएम को पांच हजार घूस लेते किया गिरफ्तार



- **एएनएम लीलावती कुमारी से मांगे थे घूस के रूप में 10 हजार**

**लातेहार।** पलामू एसीबी की टीम ने सोमवार को लातेहार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीपीएम अजय भारती को 5000 रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। बेंदी उप स्वास्थ्य केंद्र की एएनएम लीलावती कुमारी पर कार्य में लापरवाही बरतने का आरोप लगा था। इस मामले में विभाग द्वारा जांच की गई, जिसमें वह वह निर्दोष साबित हुई। शेष पेज 11 पर

## घाटशिला विस सीट के उपचुनाव की अधिसूचना जारी, मतदान 11 नवंबर को

- **नामांकन की अंतिम तिथि 21 अक्टूबर, मतदान का समय सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक**

**रांची।** झारखंड की 45-घाटशिला (एसटी) विधानसभा सीटपर 11 नवंबर 2025 को उपचुनाव होने जा रहा है। यह सीट झामुमो के विधायक राम दास सोरेन के निधन के कारण 15 अगस्त, 2025 को खाली हुई थी। सोमवार को निर्वाचन आयोग ने उपचुनाव की अधिसूचना जारी कर दी। घाटशिला (एसटी) विधानसभा सीट के लिए 11 नवंबर 2025 को मतदान होगा। 14 नवंबर 2025 को मतगणना होगी। शेष पेज 11 पर

### रंगदारी वसूलने वाले गिरोहों पर पुलिस ने कसा शिकंजा

# रांची में दो मुठभेड़ में दो घायल समेत 5 गिरफ्तार

- **तुपुदाना-बालसिरिंग में हुई मुठभेड़ में सुजीत सिन्हा गिरोह के तीन पकड़ाए, एक घायल**
- **मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र में मुठभेड़ में दो धराए, कुख्यात अपराधी प्रभात राम जख्मी**

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** राजधानी में सोमवार को पुलिस और अपराधियों के बीच पांच घंटे के भीतर मुठभेड़ की दो अलग-अलग घटनाएं हुईं। इनमें पुलिस की गोली से दो अपराधी घायल हुए हैं। इनके अलावा, मौके से तीन अन्य अपराधियों को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। साथ ही, कई हथियार बरामद किए गए हैं। पहली घटना सोमवार की सुबह तुपुदाना-बालसिरिंग क्षेत्र में हुई। यहां कुख्यात सुजीत सिन्हा गिरोह के अपराधी बड़ी घटना अंजाम देने के इरादे से इकट्ठा हुए थे। एसएसपी राकेश रंजन को इसकी सूचना मिली। उन्होंने तुरंत स्पेशल टीम मौके पर भेजी। बालसिरिंग पहाड़ के पास पुलिस को देखते ही अपराधी गोली चलाने लगे। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की। जवाबी कार्रवाई में सुजीत सिन्हा गिरोह से जुड़ा अपराधी आफताब घायल हो गया। वहीं, दो अन्य अपराधियों को मौके से गिरफ्तार किया गया। शेष पेज 11 पर




### अपराधियों के खिलाफ जारी रहेगी राजधानी पुलिस की कार्रवाई : एसएसपी राकेश रंजन

एसएसपी राकेश रंजन ने कहा कि अपराधियों के खिलाफ रांची पुलिस की कार्रवाई जारी रहेगी। उनके पास अब केवल दो ही रास्ते हैं। या तो आत्मसमर्पण कर दें, या पुलिस की गोली खाने को तैयार रहें। ज्ञात हो कि इससे पहले 10 अक्टूबर 2025 को खलारी थाना क्षेत्र में पुलिस और राहुल दुबे गिरोह के बीच मुठभेड़ हुई थी। उस मुठभेड़ में गैंग के दो सदस्य साजन अंसारी और अमित गुप्ता घायल हुए थे, जबकि दो अन्य को गिरफ्तार किया गया था। उस कार्रवाई में भी पुलिस ने भारी मात्रा में हथियार और कारतूस बरामद किए थे।

### राज्य सरकार की प्राथमिकता है बेहतर कानून व्यवस्था

हेमंत सोरेन सरकार की अपराधियों के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की नीति है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हमेशा कहा है कि अपराध नियंत्रण में किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने हमेशा कहा है कि राज्य के नागरिकों को बेहतर कानून व्यवस्था और सुरक्षा प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों से यह भी कहा है कि अपराधों पर नकेल कसने के लिए नई तकनीक का प्रयोग करें। असामाजिक तत्वों का डाटाबेस तैयार किया जाए, जिससे कि विशेष स्थिति में उन पर नियंत्रण पाने के लिए त्वरित कार्रवाई हो सके।



**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है।
आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप
**82925 53444** विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क
**+91 82923 73444**
कार्यकारी संपादक।

## हजारीबाग में नक्सली ठिकाने से एसएलआर और कारतूस बरामद

**नवीन मेल डेस्क**

**हजारीबाग।** हजारीबाग पुलिस को नक्सल विरोधी अभियान में बड़ी सफलता मिली है। जिला पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने सोमवार को हजारीबाग-बोकारो जिले के सीमावर्ती जंगलों में सर्च ऑपरेशन के दौरान भारी मात्रा में हथियार और अन्य सामग्रियां बरामद की हैं। बरामद वस्तुओं में दो एसएलआर, मैगजीन, बड़ी संख्या में कारतूस, पिट्ठू बैग, वर्दी, दस्तावेज और अन्य नक्सली सामान शामिल हैं। बताया गया कि हजारीबाग के एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि नक्सलियों का एक दस्ता सीमावर्ती शेष पेज 11 पर



**पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम को मिली सफलता**

## केरल में लोहरदगा के युवक की चाकू मारकर की गई हत्या

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिले के कुडू थाना क्षेत्र की जिंगी पंचायत के जोंजरो गांव के एक युवक की केरल में चाकू मारकर हत्या कर दी गई है। युवक का शव केरल के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पड़ा हुआ है। इस संबंध में सोमवार को केरल पुलिस ने परिजनों को सूचना दी है। मृतक के परिजन युवक का शव लाने के लिए परेशान हैं। बताया जाता है कि कुडू थाना क्षेत्र के जोंजरो गांव निवासी परमेश्वर टोप्पो रोजगार की तलाश में गांव के साथियों के साथ केरल गया हुआ था। शेष पेज 11 पर

## रांची के युवक की पायलट ट्रेनिंग के दौरान जोहानसबर्ग में हादसा, मौत

**रांची/नई दिल्ली। (आईएएनएस)**

दक्षिण अफ्रीका के जोहानसबर्ग में पायलट ट्रेनिंग के दौरान विमान क्रैश होने से रांची के युवक पीयूष पुष्प की दर्दनाक मौत हो गई। 20 वर्षीय पीयूष रांची के अरगोड़ा कटहल मोड़, लाजपत नगर के निवासी और रांची स्थित जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली के पूर्व शिक्षक टीएन साहू के पुत्र थे।जानकारी के अनुसार, ट्रेनिंग के दौरान विमान उड़ाते समय अचानक तकनीकी खराबी आ गई, जिसके कारण विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में गंभीर रूप से घायल पीयूष को जोहानसबर्ग के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। पीयूष दक्षिण अफ्रीका के प्रतिष्ठित वालकैन एविएशन इंस्टीट्यूट में पायलट ट्रेनिंग ले रहे थे। शेष पेज 11 पर



**घर में पसरा मातम, दक्षिण अफ्रीका के प्रतिष्ठित एविएशन इंस्टीट्यूट में ले रहे थे प्रशिक्षण**

## मोकीर, हॉविट और एघियन को अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार



**आर्थिक विकास में इनोवेशन की स्टडी के लिए दिया गया है स्वेरिग्स रिक्सबैंक नोबेल पुरस्कार**

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में सोमवार को अर्थशास्त्र के नोबेल पुरस्कार की घोषणा हुई। आर्थिक विज्ञान में स्वेरिग्स रिक्सबैंक नोबेल पुरस्कार 2025 का ऐलान रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज में दोपहर 3:15 बजे हुआ। इस वर्ष अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार तीन अर्थशास्त्रियों जोएल मोकीर (अमेरिका), पीटर हॉविट (अमेरिका) और फिलिप एघियन (यूके) को मिला है। यह पुरस्कार आर्थिक विकास में इनोवेशन की स्टडी के लिए मिला है।

नोबेल समिति ने कहा, इन अर्थशास्त्रियों ने बताया है कि इनोवेशन से कैसे आर्थिक विकास का रास्ता खुलता है। तकनीक तेजी से बदलती है और हम सभी पर असर डालती है। 'नोबेल प्राइज ऑर्गेनाइजेशन' के अनुसार, इस पुरस्कार का आधा हिस्सा जोएल मोकिर को 'तकनीकी प्रगति के माध्यम से सतत विकास के लिए आवश्यक शर्तों की पहचान करने के लिए' मिलेगा। वहीं, दूसरा हिस्सा संयुक्त रूप से फिलिप एघियन और पीटर हॉविट को 'रचनात्मक विनाश के माध्यम से सतत विकास के सिद्धांत के लिए' प्रदान किया जाएगा।

शेष पेज 11 पर

**इंडिया**

## सूचना अधिकार के 20 साल में 20 कदम आगे या पीछे ?



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

12 अक्तूबर को बीस बरस पूरे करने वाले सूचना के अधिकार को नागरिक और राजनीतिक अधिकारों पर मानवाधिकार के रूप में देखा गया है। भारत में लोक प्रशासन में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने के लिए सूचना की स्वतंत्रता अधिनियम, 2002 बना,पर इसे कभी अधिसूचित नहीं किया गया। यह लागू भी नहीं हुआ और इसके कमजोर प्रावधानों की आलोचना भी हुई।वर्ष 2005 में एक व्यापक सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 बना, जो लागू भी हुआ। भारत के संविधान के अनुच्छेद-19 (1) (ए) के अंतर्गत जो वाक्-स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति स्वतंत्रता का अधिकार नागरिकों को दिया गया है, उसमें सूचना प्राप्त करने का अधिकार अंतर्निहित है। सूचना के अधिकार को मौलिक अधिकार के रूप में स्वीकार किया गया है। ये कानून नागरिकों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेने, सरकारी गतिविधियों, नीतियों और निर्णयों के बारे में जानकारी लेने, लोक प्राधिकारियों के नियंत्रण में उपलब्ध सूचनाओं तक पहुंच हासिल करने और जन-सामान्य के प्रति नौकरशाही की जवाबदेही, शुचिता व पारदर्शिता का अधिकार देता है।भारत में आरटीआई कानून को लागू हुए दो दशक पूरे हुए हैं, इसलिए इसके प्रभाव और क्रियान्वयन की चुनौतियों पर गौर करना जरूरी होगा। यहां उल्लेखनीय है कि विश्व के 132 देशों ने सूचना के अधिकार को सांविधानिक गारंटी के तौर पर अपनाया या आरटीआई कानून बनाए। इन्हें लागू करने के लिए कानूनी ढांचों की मजबूती पर आधारित सेंटर फॉर लॉ एंड डेमोक्रेसी (सीएलडी) की ग्लोबल आरटीआई रेटिंग में वर्ष 2011 में भारत दूसरे स्थान पर था, लेकिन लगातार गिरावट के बाद 2024 में यह खिसक कर नौवें पायदान पर आ गया। इस गिरावट का कारण भारत के आरटीआई कानून की दूसरी अनुसूची में व्यापक अपवाद होना है, जो सुरक्षा, खुफिया और अन्य निकायों से सूचना तक पहुंच को प्रतिबंधित करते हैं। यह छूट इसलिए दी गई है, ताकि राष्ट्रीय सुरक्षा, व्यक्तिगत गोपनीयता या अन्य महत्वपूर्ण हितों को सुरक्षित रखा जा सके। हालांकि, इन छूटों की व्याख्या करने की गुंजाइश काफी होती है, जिसका उपयोग अक्सर जन सूचना अधिकारियों द्वारा सूचना देने से बचने के लिए किया जाता है। सरकारों की राजनीतिक इच्छाशक्ति के अभाव का ही नतीजा है कि इस कानून के अस्तित्व में आने के दो दशक बाद भी सरकारी कार्यालयों में आसानी से सूचना देने की प्रवृत्ति विकसित नहीं हो




पाई है, कहीं बड़ी संख्या में आवेदन लंबित हैं, तो कहीं आधी-अधूरी, अपूर्ण और भ्रामक सूचनाएं दी जाती हैं। राज्य सूचना आयोगों में अपीलों की तादाद लगातार बढ़ती रहती है, न तो सूचना देने में तीस दिन की समय-सीमा का पालन किया जाता है और न ही सूचना देने और अपीलों के निस्तारण में देरी का कारण ही बताया जाता है। सूचना का अधिकार (संशोधन) अधिनियम, 2019 के जरिये केंद्र और राज्य स्तर पर सूचना आयुक्तों की सेवा शर्तों में संशोधन हुआ, इन संशोधनों से सूचना आयुक्तों की स्वतंत्र कार्यप्रणाली प्रभावित हुई है। इसी तरह वर्ष 2023 में आरटीआई एक्ट की धारा-8 (1)(जे) के संशोधन में सभी व्यक्तिगत जानकारी को प्रकटीकरण से छूट दी गई। ऐसे में, आम लोगों का हथियार बन चुके इस कानून के मूल स्वरूप को बचाए रखना और लोगों में इस कानून के इस्तेमाल की बेहतर समझ बनाना एक बड़ी चुनौती जैसा है। सूचना के अधिकार कानून के अमल में अगर ऐसी ही उदासीनता जारी रही, तो यह कानून निष्प्रभावी हो जाएगा और अभी घपलों-घोटालों, लोक सेवकों के भ्रष्टाचार से सबंधित जो भी जानकारियां छनकर ही सही, मिल रही हैं, वे भी नहीं मिलेंगी। सरकार को द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग की सिफारिशें लागू करनी चाहिए, जिनमें आरटीआई अधिनियम के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए गठित राष्ट्रीय समन्वय समिति का राष्ट्रीय मंच के रूप में कार्य, आरटीआई राष्ट्रीय पोर्टल के कार्यों की निगरानी और अधिनियम के प्रभाव का मूल्यांकन, राज्य स्तर पर विश्वसनीय गैर-लाभकारी संगठनों को शामिल किया जाना, लोक प्राधिकरणों में सूचना अधिकार के उचित कार्यान्वयन के लिए पर्याप्त कर्मचारियों की नियुक्ति, दस्तावेजी रिकॉर्ड का उचित रख-रखाव, सूचना मांगने वालों की जीवन सुरक्षा, सरकारी अधिकारियों का व्यापक प्रशिक्षण और रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण इत्यादि शामिल हैं।

# विनोद पांडेय की माता के निधन पर सीएम ने शोक संवेदना प्रकट की



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन सोमवार को राज्य समन्वय समिति के सदस्य-सह-झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय के हरमू हाउसिंग कॉलोनी स्थित आवास पहुंचकर उनकी माता जलेश्वरी देवी के निधन पर गहरी शोक संवेदना प्रकट की। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिजनों को इस कठिन घड़ी में संबल प्रदान करने की कामना की। मुख्यमंत्री ने विनोद कुमार पांडेय एवं उनके परिजनों से मुलाकात की तथा उनका ढांढ़स बंधाया। मालूम हो कि विगत 12 अक्टूबर को राज्य समन्वय समिति के सदस्य-सह-झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय की माता जलेश्वरी देवी का निधन हो गया था। जलेश्वरी देवी अपने पीछे चार पुत्र एक पुत्री सहित भरापूरा परिवार छोड़ गई हैं।

## पूर्व डीसी छवि रंजन जेल से निकले बाहर



**रांची।** सेना के कब्जे वाली बरियातू की जमीन की खरीद-बिक्री के मामले में जेल में बंद रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को उच्चतम न्यायालय से मिली जमानत के बाद सोमवार को जेल से बाहर निकले। इससे पहले उनकी ओर से ईडी के स्पेशल जज योगेश कुमार की अदालत में मुचलका दाखिल किया गया। साथ ही उच्चतम न्यायालय की ओर से दिए गए शर्तों का पालन करने का भी लिखित आश्वासन दिया गया। आरोपित छवि रंजन की ओर से कोर्ट में एक-एक लाख रुपये के दो जमानतदार दाखिल किए गए। इसके बाद कोर्ट ने होटवार के जेल अधीक्षक के पास रिलीज ऑर्डर भेज दिया। इसके बाद वह जेल बाहर निकल गए। उल्लेखनीय है कि ईडी की ओर से गिरफ्तार किए गए छवि रंजन की जमानत याचिका को उच्चतम न्यायालय ने 10 अक्टूबर को स्वीकार कर लिया था।

# प्रत्येक जिले में 100-100 गरीब मरीजों के नाम राशन कार्ड में जुड़ेंगे : डॉ. इरफान

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** राज्य की गरीब और बीमार जनता के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए राज्य सरकार ने सोमवार को बड़ा निर्णय लिया है। खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने घोषणा की है कि राज्य के प्रत्येक जिले में विशेष रूप से 100-100 गरीब एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों के नाम राशन कार्ड में जोड़े जाएंगे, ताकि वे आयुष्मान भारत योजना और अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा है कि केंद्र सरकार की उदासीनता के कारण अब तक कई गरीबों की जान इलाज के अभाव में चली गई। केंद्र की वर्तमान गाइडलाइन के अनुसार राशन कार्ड में नाम काटे बिना नया नाम नहीं जोड़ा जा सकता है।

ऐसे में बड़ी संख्या में गरीब लोग सरकारी योजनाओं से वंचित हो रहे थे। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। ऐसे में उन्होंने संकल्प लिया है कि मंत्री रहते किसी गरीब की जान इलाज के अभाव में नहीं जाएगी। विधायक और सांसद से सहयोग करने का आग्रह मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने राज्य के सभी विधायकों और सांसदों से इस दिशा में सहयोग करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा है कि यदि उनके क्षेत्र



में कोई गरीब मरीज ऐसा है, जिसका नाम राशन कार्ड में शामिल नहीं है और वह आर्थिक तंगी के कारण इलाज नहीं करवा पा रहा है, तो वे तुरंत संबंधित उपायुक्त और जिला आपूर्ति पदाधिकारी से संपर्क कर उसका नाम सूची में जुड़वाएं, ताकि उस मरीज का तत्काल इलाज सुनिश्चित किया जा सके।

## बीआईटी मेसरा का 35वां दीक्षांत समारोह कल, इसरो अध्यक्ष होंगे मुख्य अतिथि



**नवीन मेल संवाददाता**

रांची। बिड़ला प्रौद्योगिकी संस्थान (बीआईटी), मेसरा का 35वां दीक्षांत समारोह 15 अक्तूबर को आयोजित होने जा रहा है। इस समारोह में देशभर से प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया जाएगा। समारोह में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष डॉ वी नारायणन मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे और दीक्षांत भाषण देंगे। इस समारोह में 1,600 से अधिक छात्र-छात्राओं को स्नातक, स्नातकोत्तर, डॉक्टरेट और डिप्लोमा कार्यक्रमों की उपाधियां प्रदान की जाएंगी। साथ ही, संस्थान के अध्यक्ष सीके बिड़ला भी उपस्थित रहेंगे और विद्यार्थियों को जीवन के हर क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रेरित करेंगे। विद्यार्थियों की उपलब्धियों का होगा उत्सव संस्थान के कुलपति प्रो इंद्रनील मन्ना समारोह के दौरान वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे, जिसमें बीआईटी मेसरा की अनुसंधान उपलब्धियों, उद्योग जगत के साथ सहयोग और अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक साझेदारियों की झलक मिलेगी।

सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि बीआईटी मेसरा का यह 35वां दीक्षांत समारोह न सिर्फ विद्यार्थियों की उपलब्धियों का उत्सव होगा, बल्कि वैज्ञानिक नवाचार, करुणा और सामाजिक उत्तरदायित्व से परिपूर्ण भविष्य की नींव भी रखेगा।

### कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक

# रबी फसल के बीज वितरण में लागू होगा क्लस्टर मॉडल : कृषि मंत्री

**नवीन मेल संवाददाता**



● 100 गांव का बनेगा एक क्लस्टर

**रांची।** राज्य में रबी फसल की तैयारी को लेकर कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक सोमवार को नेपाल हाउस में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने की। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं की रफ्तार बढ़ाई जाए और लाभुकों के घर तक योजनाओं की वास्तविक पहुंच सुनिश्चित की जाए।

मंत्री ने कहा कि झारखंड में रबी फसल के बीज वितरण का कार्य अब क्लस्टर आधारित मॉडल पर किया जाएगा। प्रत्येक क्लस्टर में 80 से 100 गांव शामिल होंगे और हर क्लस्टर को किसी विशेष फसल के लिए पहचाना जाएगा। बिरसा फसल विस्तार योजना के तहत किसानों को 100 प्रतिशत अनुदान पर बीज वितरित किया जाएगा।

बैठक में मंत्री ने कहा कि विभाग की योजनाओं को धरातल पर लागू करने में तेजी लाई जाए ताकि किसानों को समय पर लाभ मिल सके। रबी फसल को लेकर जिला और प्रखंड स्तर पर विशेष तैयारी करने के निर्देश भी दिए गए।

दलहन और तिलहन फसलों को बढ़ावा देने के लिए किसानों के बीच जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस बार किसानों के लिए आयोजित होने वाली गोष्ठियां पंचायत स्तर पर होंगी, जिससे ग्रामीण स्तर तक योजनाओं की जानकारी पहुंच सके।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि नवंबर माह में रांची में राज्य स्तरीय कृषि व्यापार मेला आयोजित किया जाएगा। मंत्री ने अधिकारियों को मेले की सफलता सुनिश्चित करने के लिए विशेष जिम्मेदारी दी। उन्होंने कहा कि इस वर्ष अच्छी वर्षा हुई है, जिससे खरीफ की फसल बेहतर स्थिति में है और रबी की बुवाई के लिए भी अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई हैं।

मंत्री ने निर्देश दिया कि जिलों से प्राप्त मांग के अनुसार रबी फसल के लिए पर्याप्त मात्रा में बीज उपलब्ध कराया जाए, ताकि किसानों को किसी तरह की परेशानी न हो। बैठक में विभागीय सचिव अबू बक्कर सिद्दिखी, विशेष सचिव गोपाल तिवारी, विशेष सचिव प्रदीप हजारी, कृषि निदेशक भोर सिंह यादव, उद्यान निदेशक माधवी मिश्रा और समिति निदेशक विकास कुमार उपस्थित थे।

## नियम कानून को ताक पर रख काम कर रही पुलिस : मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड पुलिस के काम करने के तरीके पर सोमवार को सवाल उठाते हुए कहा कि राजधानी रांची में एसएसपी, डीआईजी और आईजी जैसे उच्च-रैंकिंग अधिकारी हैं, लेकिन गोंदा और नामकुम थानों से जुड़े एक गंभीर आपराधिक मामले (आवेदिका खुशी तिवारी के अभ्यावेदन) की जांच समीक्षा करने की बारी आई, तो यह काम पुलिस डीआईजी (बजट) को सौंपा गया है। क्या डीजीपी की नजर में रांची में तैनात ये अधिकारी इतने सक्षम अधिकारी नहीं हैं कि उन्हें वित्तीय मामलों के डीआईजी को जांच का काम सौंपना पड़ा? यह पुलिस बल की अक्षमता और नियमों के घोर उल्लंघन का प्रमाण है।

मरांडी ने कहा कि एक तरफ सरकार आईआरबी/जैप बटालियन की महिला आरक्षियों को उनके विशेष प्रशिक्षण के विपरीत, थानों में मुंशी (क्लर्क) का गैर-कानूनी काम देने को उतावली है, जिससे कई बटालियनों में 15% से अधिक बल अनआर्म्ड ड्यूटी में चला जा रहा है। दूसरी तरफ, जब एक संवेदनशील मामले की समीक्षा की बात आई, तो इसे बजट विभाग को सौंप दिया। मरांडी ने कहा कि अगर रांची के उच्चाधिकारी इतने ही नाकारा हैं कि वे जांच के बुनियादी काम भी नहीं कर सकते, तो उन्हें पद से हटा देना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि ऐसा लगता है पुलिस विभाग में सबकुछ बिना नियम-कानून के ठीक वैसे ही चलता है, जैसे संवैधानिक कायदे-कानून और अखिल भारतीय पुलिस सेवा के नियमों को ठेंगा दिखाकर एक रिटायर्ड आईपीएस वर्दी पहन कर डीजीपी के पद को चला रहे हैं?

## न्यू चंदन ज्वेलरी शॉप में ठगी का प्रयास विफल, अंतरराज्यीय ठग गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** सुखदेवनगर थाना क्षेत्र 12 बजे न्यू मार्केट चौक स्थित न्यू चंदन ज्वेलर्स नामक दुकान में एक व्यक्ति को दो अंगूठी खरीदने के बहाने ठगी करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। ज्वेलरी दुकानदार को ग्राहक के व्यवहार पर संदेह हुआ, जिसके बाद उन्होंने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन शुरू की और ठगी करने का प्रयास कर रहे व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान रितेश राज उर्फ सोनू राजा बीघा, थाना फतेहपुर, जिला गया, बिहार के रूप में हुई है। ठगी के तरीके का खुलासाः पूछताछ में रितेश राज उर्फ सोनू ने अपनी अपराध शैली का विस्तृत खुलासा किया, उसने बताया कि वह अपने सहयोगी अभय के साथ मिलकर रांची के विभिन्न एटीएम सेंटरों में ग्राहकों के एटीएम कार्ड फंसाकर उनका पिनकोड प्राप्त करते थे और फिर उनके खाते से पैसे की चोरी करते थे। उनकी कार्यशैली यह थी कि वे एटीएम मशीन में कार्ड प्रवेश स्थान पर गोंद लगा देते थे, जिससे ग्राहक का एटीएम कार्ड मशीन में ही चिपक जाता था। इसके बाद, रितेश राज उर्फ सोनू एटीएम सेंटर में प्रवेश कर, ग्राहक को अपने सहयोगी अभय का एक फर्जी मोबाइल नंबर देकर संपर्क करने को कहते थे, यह बताते हुए कि वह एटीएम के इंजीनियर हैं। इस बातचीत के दौरान वे ग्राहक से चतुराई से उसका पिनकोड प्राप्त कर लेते थे। फिर, वे कार्ड निकालकर दूसरे एटीएम से पैसे की चोरी करते थे।

## सीठियो पोस्ट ऑफिस का ताला तोड़कर नगदी चार्जर और बैटरी चोरी

**रांची।** रांची के सीठियो उपडाक घर का ताला तोड़कर चोरों ने नगदी समेत कई सामान की चोरी कर ली है। घटना 11 अक्टूबर की है। इस संबंध में पोस्टमास्टर मो अब्दुल हक अंसारी ने धुर्वा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पोस्ट मास्टर मो अब्दुल हक अंसारी ने आवेदन में कहा कि 11 अक्तूबर की शाम में वह ताला बंद कर घर लौट आए थे। 12 अक्तूबर को पता चला कि पोस्ट ऑफिस में चोरी हुई है। इसके बाद वह पोस्ट ऑफिस पहुंचे। देखा कि मुख्य द्वार का ताला टूटा हुआ है। कैश काउंटर में रखे चार हजार नगदी के अलावा मोबाइल डिवाइस चार्जर, आईपीपीबी डिवाइस और बैट्री गायब हैं। इसके बाद वह थाना पहुंचे और मामला दर्ज कराया है। इधर, दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### दिवाली और महापर्व छठ को लेकर डीजीपी की समीक्षा बैठक

# विधि-व्यवस्था व अपराध नियंत्रण पर जोर

- चैंबर ऑफ कॉमर्स के साथ समन्वय और सुरक्षा पर विशेष बल

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** आगामी दीपावली और छठ महापर्व के मद्देनजर डीजीपी अनुराग गुप्ता ने सोमवार को पुलिस मुख्यालय में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। यह बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई, जिसमें विधि-व्यवस्था बनाए रखने और अपराध की रोकथाम की प्रशासनिक तैयारियों पर गहन विचार-विमर्श हुआ। इस दौरान फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज रांची के पदाधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। डीजीपी ने सभी एसपी को राज्य में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने त्योहारों के दौरान 24x7 नियंत्रण कक्ष में पुलिस पदाधिकारी और बल की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा। धनतेरस के पर्व को देखते हुए चोरी और छिनतई की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए बाजार क्षेत्रों में नियमित गश्त करने का निर्देश दिया गया। दीपावली के मद्देनजर संवेदनशील स्थानों पर अग्निशमन वाहनों की प्रतिनियुक्ति करने का आदेश दिया गया।

सभी छठ घाटों - नदी, तालाब, डैम आदि जगहों को सुरक्षित करने और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी प्रकार के सुरक्षात्मक उपाय किए जाने पर बल दिया गया। अवैध शराब और ड्रग्स के कारोबार में संलिप्त अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। बैठक में सभी एसपी को यह भी निर्देश दिया गया कि वे अपने-अपने जिलों में चैंबर ऑफ कॉमर्स के साथ समन्वय स्थापित करें और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हर महीने पदाधिकारियों के साथ बैठक करें।

# क्रेडिट के पात्र पेंशनधारक लाभार्थियों के लिए सीजीएचएस ने जारी किए निर्देश

- संशोधित सीजीएचएस दरें 13 अक्टूबर की मध्यरात्रि से हुई लागू

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) अब एनएचए प्लेटफॉर्म (टीएमएस 2.0 / यूएमपी/ एचईएम 2.0) पर स्थानांतरित हो रही है। साथ ही, संशोधित सीजीएचएस दरें 13 अक्टूबर 2025 की मध्यरात्रि से लागू होंगी। सभी सीजीएचएस पेंशनधारक लाभार्थी जो क्रेडिट के लिए पात्र हैं, उन्हें कुछ निर्देशों का पालन करना जरूरी है, ताकि सेवा प्राप्त करने में कोई बाधा न आए। वहीं, सीजीएचएस कार्ड का कोई भी दुरुपयोग, चाहे लाभार्थी द्वारा हो या सूचीबद्ध एचसीओ द्वारा, एक दंडनीय अपराध है और संबंधित नियमों एवं कानूनों के अंतर्गत कार्रवाई योग्य है। कहा गया है कि ये निर्देश तत्काल प्रभाव से लागू हो गई हैं और उल्लिखित कार्यालय ज्ञापनों के साथ तब तक प्रभावी रहेंगी जब तक कोई अन्य आदेश जारी न हो। कहा गया है कि लाभार्थी मोबाइल अपडेट, ई-कार्ड डाउनलोड या शिकायतों के लिए अपने नजदीकी सीजीएचएस वेलनेस सेंटर या उस शहर के अतिरिक्त निदेशक कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं, जहां उसका कार्ड पंजीकृत है।

### सीजीएचएस पेंशनधारक लाभार्थियों के लिए निर्देश

#### देखभाल की पहुंच और पहचान

- रेफरल की तिथि के कारण इलाज से इनकार नहीं किया जाएगा। सभी सूचीबद्ध स्वास्थ्य सेवा संस्थानों (एचसीओ) को निर्देश दिया गया है कि वे 13/10/2025 से पहले जारी वैध रेफरल के आधार पर भी सीजीएचएस लाभार्थियों को इलाज प्रदान करें।
- डिजिटल सीजीएचएस कार्ड मान्य है। यदि भौतिक सीजीएचएस कार्ड (प्लास्टिक या पेपर) उपलब्ध नहीं है, तो लाभार्थी निम्नलिखित स्रोतों से डाउनलोड किया गया ई-कार्ड प्रस्तुत कर सकते हैं - सीजीएचएस वेबसाइट, माई सीजीएचएस 2.0 मोबाइल ऐप एवं डिजिलॉकर। इसकी स्पष्ट सॉफ्ट कॉपी सभी एचसीओ में स्वीकार्य होगी।

#### मो. नंबर, ओटीपी सत्यापन व सहमति

- टीएमएस 2.0 में क्लेम सबमिशन के लिए ओटीपी सत्यापन अनिवार्य है। उन्हें अपना पंजीकृत मोबाइल नंबर एचसीओ को उपलब्ध कराना होगा। लाभार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि उनका मोबाइल नंबर सीजीएचएस डाटाबेस में अपडेट है। यदि टीएमएस 2.0 पोर्टल पर नंबर उपलब्ध नहीं है, तो एचसीओ द्वारा सही नंबर मांगा जाएगा, ताकि रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी की जा सके। मोबाइल नंबर अपडेट करने के लिए निकटतम सीजीएचएस वेलनेस सेंटर (डब्ल्यूसी) से संपर्क किया जासकता है। यदि टीएमएस पोर्टल पर लाभार्थी की फोटो या वार्ड पात्रता की जानकारी नहीं है, तो संबंधित शहर के अतिरिक्त निदेशक (एडी) कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है, जहां कार्ड पंजीकृत है। लाभार्थी फोटो अपलोड व वार्ड पात्रता अपडेट करा लें।
- विशेष परिस्थितियों में ओटीपी सत्यापन के लिए परिचारक का मोबाइल नंबर उपयोग किया जा सकता है। ऐसे मामलों में एचसीओ को टीएमएस 2.0 पोर्टल पर परिचारक का संबंध स्पष्ट रूप से दर्ज करना होगा।

#### जियो-टैगिंग, फीडबैक व पारदर्शिता

- **जियो-टैग फोटो :** एचसीओ को देखभाल स्थल पर जियो-टैगिंग के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। साथ ही, लाभार्थियों से अनुरोध किया गया है कि जब एचसीओ जियो-टैग फोटो ले, तो सहयोग किया जाए।
- **डिस्चार्ज के समय अनिवार्य फीडबैक :** गुणवत्ता निगरानी के तहत, डिस्चार्ज के समय सीजीएचएस फीडबैक फॉर्म भरना अनिवार्य है। यह फॉर्म एचसीओ द्वारा क्लेम के साथ अपलोड किया जाएगा। लाभार्थी/ रोगी के परिचारक को यह स्पष्ट रूप से बताना होगा कि क्या भर्ती के समय कोई राशि ली गई थी।

#### बिलिंग नियम

- संशोधित बनाम पुरानी दरें (तिथि अनुसार) : 13.10.2025 (00:00 बजे) या उसके बाद की सेवाओं पर संशोधित सीजीएचएस दरें लागू होंगी। 12.10.2025 (23:59 बजे) तक की सेवाओं पर पुरानी सीजीएचएस दरें लागू होंगी।
- **अमान्य मदों के लिए अलग बिल :** यदि एचसीओ लाभार्थी से सीजीएचएस नियमों के अंतर्गत अप्राप्त मदों के लिए शुल्क लेता है, तो उसे अलग बिल/ रसीद जारी करनी होगी। साथ ही, ऐसे अमान्य मदों को सीजीएचएस से क्लेम किए जाने वाले अंतिम बिल में शामिल नहीं किया जाना चाहिए। कोई ड्राफ्ट/अस्थायी/चल रहे बिल स्वीकार्य नहीं होंगे। एचसीओ को ऐसे किसी भी अलग बिल की प्रति क्लेम के साथ अपलोड करनी होगी। वहीं, लाभार्थी को किसी भी भुगतान की उचित रसीद अवश्य एकत्र करनी और सुरक्षित रखनी चाहिए।

#### शिकायत व दुरुपयोग की रोकथाम

- **अस्पताल स्तर पर शिकायत निवारण डेस्क :** हर सूचीबद्ध एचसीओ को शिकायत निवारण की व्यवस्था बनाए रखनी होगी। आवश्यकता होने पर, एचसीओ में प्रदर्शित नोडल अधिकारी से संपर्क किया जा सकता है।
- **संदेहास्पद सूचना की रिपोर्ट करें :** यदि किसी लाभार्थी को ऐसे एसएमएस या सूचना प्राप्त होती है, जो उसने एचसीओ से सेवा प्राप्त किए बिना पाई हो, तो तुरंत उस शहर के संबंधित अतिरिक्त निदेशक (एडी) कार्यालय को सूचित करें, जहां कार्ड पंजीकृत है, ताकि सत्यापन और कार्रवाई की जा सके।

### एमओयू एक्सचेंज सह एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

# नगर निगमों के लिए होगा सिटी लाइवलीहुड एक्शन प्लान तैयार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** नगर विकास विभाग ने राज्य के 10 नगर निगमों यथा रांची, धनबाद, देवघर, मेदिनीनगर, मानगो, आदित्यपुर, गिरिडीह, हजारीबाग, चास एवं जमशेदपुर में सिटी लाइवलीहुड एक्शन प्लान तैयार करने का फैसला किया है। इसे लेकर स्मार्ट सिटी परिसर स्थित जुपमी भवन में सोमवार को नगरीय प्रशासन निदेशालय के तत्वाधान में एमओयू एक्सचेंज सह एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। सिटी लाइवलीहुड एक्शन प्लान तैयार करने के लिए राष्ट्रीय स्तर की तकनीकी संस्थान एनआईटी, कालीकट का चयन किया गया है। कार्यशाला में प्लान तैयार करने से सम्बंधित एमओयू दस्तावेज का आदान-प्रदान निदेशालय की निदेशक नैंसी सहाय, एनआईटी, कालीकट स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के चेयरमेन डॉ. पी.पी अनिल कुमार तथा सम्बंधित नगर निगमों के नगर आयुक्त, उप नगर आयुक्त एवं सहायक नगर आयुक्त के बीच किया गया।



● सरकार के द्वारा पहली बार शहरी क्षेत्र में आजीविका से सम्बंधित जमीनी हकीकत, वर्तमान एवं भविष्य की चुनौतियां, सतत आजीविका के साधन

कार्यशाला में बताया गया कि शहरी नागरिकों, महिलाओं, स्थानीय कारीगरों, युवाओं, स्वयं सहायता समूहों, कॉमन इंटरेस्ट ग्रुप इत्यादि का सर्वे, स्किल असेसमेंट, आजीविका के वर्तमान साधन, चुनौतियां, आजीविका के नए आयाम, बाजार व्यवस्था इत्यादि से संबंधित अगले पांच साल का रोड मैप तैयार किया जाएगा। इसी आधार पर नगर निकायों के लिए सिटी लाइवलीहुड एक्शन प्लान भी तैयार किया जाएगा। कार्यशाला में एनआईटी कालीकट के प्रोफेसरों द्वारा सिटी लाइवलीहुड एक्शन प्लान तैयार करने से सम्बंधित पूरी प्रक्रिया एवं कार्य योजना का प्रस्तुतिकरण भी दिया गया।

योजनाओं को लागू करने में सुविधा होगी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नैंसी सहाय ने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा पहली बार शहरी क्षेत्र में आजीविका से सम्बंधित जमीनी हकीकत, वर्तमान एवं भविष्य की चुनौतियां, सतत आजीविका के साधन, कमजोर समूह और उद्यम इत्यादि का सर्वे एवं फाइनल रिपोर्ट तैयार करने हैं। इसे सिटी लाइवलीहुड एक्शन प्लान से तैयार कराया जा रहा है। यह पहल भविष्य में रोजगार सृजन, गरीबी उन्मूलन एवं आर्थिक सम्पन्नता का माध्यम बनेगी। यह पहल केंद्र एवं राज्य सरकार को नीति निर्धारण एवं योजनाओं को लागू करने में लाभकारी होगा।



छठ महापर्व को लेकर रांची नगर निगम का स्वच्छता अभियान जोरों पर

# जलाशयों की सफाई के लिए चलाया गया है विशेष अभियान

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर रांची नगर निगम ने यह सुनिश्चित किया है कि हर एक श्रद्धालु स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित वातावरण में पूजा-अर्चना कर सकें। प्रशासक के निर्देश पर निगम का यह महा-अभियान केवल प्रमुख तालाबों तक सीमित नहीं है, बल्कि शहर के दूर-दराज स्थित सभी छोटे-बड़े जलाशयों में भी वृहद स्तर पर सफाई, समतलीकरण और सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है।

निगम सीमित संसाधनों के बावजूद पूरी तत्परता के साथ विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। प्रत्येक तालाब का लगातार निरीक्षण पदाधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों द्वारा किया जा रहा है ताकि किसी भी प्रकार की कमी न रहे। सोमवार को सहायक प्रशासक ने देवी मंडप, सरोवर नगर छठ घाट का निरीक्षण किया एवं संबंधित सुपरवाइजर को स्थल पर व्यापक स्तर पर सफाई एवं समतलीकरण करने का निर्देश दिया।

वार्ड 52, हेसग तालाब में निगम की टीम द्वारा बोट के माध्यम से तालाब के मध्य भाग और किनारों की सफाई की गई। पंडरा नवाटोली छठ घाट पर जेसीबी मशीन से संपर्क मार्ग का समतलीकरण कार्य किया गया। वार्ड 36 पुंदाग तालाब, वार्ड 40 शालीमार छठ घाट, वार्ड 04 बढ़गई तालाब, वार्ड 06 न्यू बांधगाड़ी, वार्ड 52 हेसग तालाब, वार्ड 38 छोटा डैम तथा वार्ड 26 एचआईजी तालाब, वार्ड 07, जुमार नदी छठ घाट में घाटों एवं संपर्क पथों की वृहद स्तर पर सफाई की गई। सभी तालाबों के संपर्क पथों पर अवस्थित नालियों की सफाई एवं खुले नालियों पर स्लैब से ढकने का कार्य प्रगति पर है।

**वार्ड 34 गंगानगर छठ घाट एवं वार्ड 26 एचआईजी तालाब में चला विशेष अभियान**

रांची नगर निगम की टीम द्वारा वार्ड 34 गंगानगर छठ घाट का विशेष भ्रमण करते हुए स्थानीय निवासियों से जलाशय एवं घाट की समस्याओं के संबंध में जानकारी ली गई, जिसके उपरांत स्थल पर विशेष सफाई अभियान शुरू किया गया। पहुंच पथ की समस्या को लेकर निगम द्वारा पहल करते हुए पथ का समतलीकरण कार्य जेसीबी के माध्यम से किया गया। साथ ही ग्रास कटिंग, झाड़ू, घाट से मिट्टी हटाने का कार्य एवं नालियों की सफाई सुनिश्चित की गई। इसके अलावा निगम की टीम द्वारा वार्ड 26 एचआईजी तालाब को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए अभियान प्रारंभ की गई। मोटर के माध्यम से तालाब से जल की निकासी की गई एवं आस-पास के क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाया गया।

### कांके डैम छठ घाट पर सिविल वर्क प्रारंभ

छठ महापर्व की तैयारी को लेकर रांची नगर निगम घाटों की मरम्मती एवं रंग-रोगन का कार्य प्रारंभ कर दिया है। इसी क्रम में सोमवार को कांके डैम स्थित छठ घाट पर सीढ़ियों की मरम्मती सहित अन्य सिविल वर्क का कार्य शुरू किया गया है। निगम द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### जलाशयों में फिटकरी एवं ब्लीचिंग पाउडर का हो रहा उपयोग

जलाशयों में फिटकरी का उपयोग जल की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए किया जा रहा है। सोमवार को अरगोड़ा तालाब, कांके डैम, बड़ा तालाब इत्यादि में फिटकरी डाली गई।

उपायुक्त के जनता दरबार में पहुंचे फरियादी

# बीमार बच्ची के इलाज के लिए मां की फरियाद पर त्वरित कार्रवाई

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** चार दिन से मेरी बेटी ने कुछ खाया नहीं है सर... वो तड़प रही है... उसे बचा लीजिये सर प्लीज... आपके दरवाजे से सब खुशी-खुशी लौटते हैं, मेरी बच्ची को बचा लीजिए सर... मैंने अपने जेवर बेचकर अब तक बच्ची का इलाज करवाया है... सर प्लीज... वीणा देवी कुछ इस तरह से उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के जनता दरबार में फरियाद लगा रही थी। बीमार बच्ची के इलाज के लिए एक मां की फरियाद पर तुरंत एक्शन लेते हुए उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री ने सिविल सर्जन से बात की। सिविल सर्जन द्वारा बताया गया कि बताया गया कि बच्ची का इलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत संभव है।

उपायुक्त के निर्देश पर तुरंत आयुष्मान कार्ड बनवाकर बच्ची के इलाज की प्रक्रिया प्रारंभ की गई।

सोमवार को समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित जनता दरबार में उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के समक्ष बड़ी संख्या में आम नागरिक अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। उपायुक्त द्वारा प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए मौके पर ही समाधान अथवा संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

- **सेविका को शोकॉज करने का निर्देश**

माण्डर प्रखण्ड के बंझिला टोला से आयी महिलाओं ने सेविका पर सत्यापन में गड़बड़ी और शिकायत नहीं करने के एवज में पैसे का ऑफर करने का आरोप लगाया। उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री ने इस पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को सेविका को शो-कॉज करने का निर्देश दिया। साथ ही, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा को सभी संबंधित मामलों की जांच कर निष्पादन करने का आदेश दिया। जनता दरबार के दौरान मंईयां सम्मान योजना से संबधित और भी शिकायतें आयी जिस पर उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा को जांच कर निष्पादन का निर्देश दिया गया।

### ✔ सीओ और कर्मचारियों को शो-कॉज करने का निर्देश

अनगड़ा प्रखण्ड के हेसल पंचायत की मुखिया द्वारा बार बार आवेदन समर्पित करने के बाद भी खाता संख्या में सुधार न किये जाने की शिकायत की। दस्तावेजों का अवलोकन करने के बाद उपायुक्त श्री मंजूनाथ द्वारा अनगड़ा सीओ और कर्मचारियों को शो-कॉज करने का निर्देश दिया गया।

### ✔ घरेलू हिंसा के मामले में चौकीदार का वेतन रोका गया

पिठोरिया थाना क्षेत्र की एक महिला ने बताया कि उसका पति दूसरी शादी कर चुका है और उसे घर से निकाल दिया गया है, इस संबंध में थाने में भी शिकायत करने के बाद कोई कार्रवाई नहीं की गयी, बल्कि महिला और उसके पिता पर झूठा केस भी दर्ज करा दिया गया। मामले पर उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा चौकीदार का वेतन रोकने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य है कि हर नागरिक को समय पर न्याय मिले।

### लोकरंजन सम्मान के लिए चयनित हुआ अंकुश्री का कहानी संग्रह 'एक और मंगरा'

**रांची।** त्रिवेणी ग्रामोद्योग उत्थान समिति एवं लोकरंजन प्रकाशन, प्रयागराज द्वारा वरिष्ठ साहित्यकार अंकुश्री के कहानी संग्रह 'एक और मंगरा' को लोकरंजन सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। सम्मान समारोह 01 नवंबर, 2025 को केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, प्रयागराज में संपन्न होगा।




## रांची नगर निगम द्वारा अवैध होर्डिंग्स के विरुद्ध अभियान जारी




नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** रांची नगर निगम द्वारा "अवैध होर्डिंग्स के विरुद्ध कार्रवाई के लिए विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को नगर निगम की बाजार शाखा टीम ने रातु रोड से आईटीआई बस स्टैंड तक कुल 09 अवैध होर्डिंग्स को काटकर पूर्णतः हटा दिया गया। निगम की टीम यह अभियान आगामी दिनों में भी निरंतर रूप से संचालित किया जाएगा। प्रत्येक वार्ड में सर्वेक्षण कर ऐसे सभी अवैध विज्ञापन पट् होर्डिंग्स को हटाने की दिशा में कार्रवाई जारी रहेगी। साथ ही, अधिकृत एजेंसियों को केवल अनुमति स्थानों पर ही विज्ञापन लगाने के निर्देश दिए जा रहे हैं ताकि शहर का स्वरूप व्यवस्थित और सौंदर्यपूर्ण बना रहे।

## दो दिवसीय आईपीएम ओरियंटेशन प्रशिक्षण आज से

**रांची।** भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र,रांची के द्वारा 14 एवं 15 अक्टूबर को ईटकी प्रखंड के ईटकी पूर्वी ग्राम में दो दिवसीय आईपीएम ओरियंटेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उक्त ओरियंटेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रगतिशील किसानों एवं कीटनाशक विक्रेताओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। फसलों पर कीटनाशकों के अधिक उपयोग के कारण इस क्षेत्र का चुनाव किया गया है। प्रशिक्षण में किसानों को आई पी एम तकनीक से फसल सुरक्षा के विभिन्न विधियों के विषय जानकारी दी जाएगी।

### आज / कल




# असहाय व्यक्ति को लाया गया सद्गुरु कृपा आश्रम

- **आश्रम में निराश्रितों की संख्या 41 हुई**

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के अंतर्गत काम कर रही सामाजिक संस्था श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम पुंदाग में चल रहे मंदबुद्धि, दिव्यांग, निराश्रितों लोगों की निःशुल्क सेवा संस्था जनवरी 2024 से लगातार कर रही है। सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल एवं प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि रविवार को एक मंदबुद्धि व्यक्ति को आश्रम में लाया गया। जो मानसिक रोगी है आश्रम की टीम को सूचना मिली कि हेहल बुकरू में एक लावारिस अवस्था में मंदबुद्धि व्यक्ति घूम रहा है। आश्रम की टीम ने उसे बुकरू से रेस्क्यू करके आश्रम लाया। टीम में आश्रम के सेवा साथी परमेश्वर साहू, सूरज कुमार और सत्यम कुमार शामिल थे। उसके बाद अस्पताल में उसकी मेडिकल जांच कराई गई। बाद में सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम (सत्य प्रेम सभागार) मे लाया गया। उस व्यक्ति का नाम और पते की कोई जानकारी नहीं मिली है। आश्रम कमेटी ने इसका नाम माधव प्रभु रखा है। आश्रम की टीम को सूचना मिलने पर समय-समय पर जरूरतमंदों को रेस्क्यू किया जाता है आश्रम में रह रहे इन सभी निराश्रितो को गुरुजी सदानंद जी महाराज के सहयोग से घर जैसा माहौल देने की कोशिश की जाती है। प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि अभी सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में 40 दिव्यांग और निराश्रितों का समुचित देखभाल और सेवा की जा रही है।



# सीसीएल मुख्यालय में "मेगा रक्तदान शिविर" का सफल आयोजन

- **"रक्तदान- मानवता की सेवा में एक कदम"**

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** सतर्कता जागरूकता अभियान-2025 के तहत सोमवार को सीसीएल मुख्यालय में एक "मेगा रक्तदान शिविर" का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीसीएल के कर्मचारी, उनके परिजन एवं विभिन्न संगठनों के कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस शिविर में कुल 159 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

इस अवसर पर सीसीएल के निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनीकी/संचालन) चंद्र शेखर तिवारी तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार उपस्थित रहे। अधिकारियों ने फीता काटकर कैंप का शुभारंभ किया और रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। वहीं कहा कि सतर्कता जागरूकता अभियान-2025 के अंतर्गत सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में अब तक 17 रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा चुका है, जिसमें कुल 1090 यूनिट रक्त एकत्र किया गया है। यह उपलब्धि सीसीएल परिवार की मानवता के प्रति संवेदनशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व का सशक्त प्रमाण है।

रक्तदान न केवल किसी जरूरतमंद के जीवन को बचाने का माध्यम है, बल्कि यह रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। इसके साथ ही यह समाज में एकता, सहयोग और मानवता के मूल्यों को भी सशक्त बनाता है।

सीसीएल स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं सामुदायिक सहयोग जैसे क्षेत्रों में विभिन्न पहल के माध्यम से समाज के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है।



### आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं ने बेड़ो में किया उग्र प्रदर्शन

# आंगनबाड़ी सेविकाओं को उनका हक और अधिकार देना ही होगा : बसंती देवी

**नवीन मेल संवाददाता**



**बेड़ो।** बेड़ो की आंगनवाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं ने बेडो. प्रखंड मुख्यालय परिसर में हुंकार भरते हुए बेड़ोकी सीडीपीओ और पर्यवेक्षिका के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए तत्काल उनका स्थानांतरण करने की मांग की। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश आंगनबाड़ी कर्मचारी सभा की प्रदेश महामंत्री सुंदरी तिर्की ने कहा कि आंगनबाड़ी सेविकाएं और सहायिका अब शोषण बर्दाश्त नहीं करेगी। वहीं झारखंड प्रदेश आंगनबाड़ी कर्मचारी सभा की सचिव सह प्रखंड अध्यक्ष उमेरा खातुन ने कहा कि आंगनबाड़ी सेविकाओं को शिक्षिका एवं आंगनबाड़ी सहायिकाओं को चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी घोषित किया जाय। वहीं बेड़ो के पूर्व उप प्रमुख धनंजय कुमार रॉय ने आंगनबाड़ी सेविकाओं के हक और अधिकार के आंदोलन को समर्थन देते हुए आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं के साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया। जबकि बेडो. प्रखंड आंगनबाड़ी कर्मचारी सभा की प्रखंड की सचिव बसंती देवी ने कहा कि आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं के मानदेय में वृद्धि करते हुए आंगनबाड़ी सेविकाओं का वेतन 20 हजार रुपए तथा आंगनबाड़ी सहायिकाओं के मानदेय को न्यूनतम 15 हजार किया जाय। वहीं इटकी प्रखंड की तेजतर्रार आंगनबाड़ी सेविका पुष्पा देवी ने कहा कि आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं के मानदेय में पिछले दस वर्षों से वृद्धि नहीं की गई है और काम पूरी सख्ती के साथ ली जा रही है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी सेविकाएं अब जुल्म सितम बर्दाश्त नहीं करेंगी। इस मौके पर आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं ने संयुक्त रूप से धरना प्रदर्शन का आयोजन करते हुए सीडीपीओ के खिलाफ मोर्चा खोला। आंगनबाड़ी सेविकाओं ने हुंकार भरते हुए कहा कि अब आंगनबाड़ी सेविकाओं को बरगलाने की हर कोशिश नाकाम होगी। आंगनबाड़ी सेविकाओं ने प्रखंड विकास पदाधिकारी के नाम पर पांच सूत्री मांग पत्र सौंपा और सभी मांगों को अविलंब पूर्ण करने की मांग की। इस मौके पर सरस्वती देवी, सल्याणी धान, विश्वासी लकड़ा, चंद्रमणी किस्पोट्टा, अंजुम आरा, नजीमा खातुन, इशरत जहां, उत्तम किंडो, विनिता उरांव सहित सैकड़ों आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं ने अपने आंदोलन के दौरान उग्र रूप दिखाया।

### 70वां हुंडई फिल्मफेयर अवॉर्ड्स 2025 विद गुजरात टूरिज्म

# 'लापता लेडीज' को मिला बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** 70वां हुंडई फिल्मफेयर अवॉर्ड्स 2025 विद गुजरात टूरिज्म, 11 अक्टूबर की रात अहमदाबाद के ईका एरिना, कांकरीया लेक में आयोजित किया गया। मौके पर बॉलीवुड के बड़े सितारे, शानदार परफॉर्मेंस दिया। यह एक ऐसा एडिशन रहा जिसने हिंदी सिनेमा की बेहतरीन प्रतिभा और क्रिएटिविटी का जश्न मनाया। 'लापता लेडीज' को बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड मिला। अभिषेक बच्चन को 'आई वॉन्ट टू टॉक' के लिए और कार्तिक आर्यन को 'चंदू चैंपियन' के लिए बेस्ट एक्टर (मेल) का अवॉर्ड संयुक्त रूप से मिला। आलिया भट्ट को 'जिगरा' के लिए बेस्ट एक्टर (फीमेल) अवॉर्ड मिला। यह शाम टैलेंट, ग्लैमर और सिनेमा की शानदार उपलब्धियों को समर्पित रही।

शाम की शुरुआत एक शानदार ड्रोन शो से हुई, जिसने अहमदाबाद के आसमान को रोशनी से भर दिया। इस शो में हिंदी सिनेमा के सफर को बेहद खूबसूरती से दिखाया गया।

## न्यूज बॉक्स

### जाति प्रमाण पत्र नहीं बनने से लोहरा समाज में नाराजगी



**खलारी।** बुकबुका पंचायत के साईं नगर में रविवार को लोहरा समाज की बैठक हुई। अध्यक्षता कुलदीप लोहरा ने की। बैठक में खलारी क्षेत्र के लोहरा समाज के लोगों के जाति प्रमाण पत्र निर्गत नहीं होने के मुद्दे पर विशेष चर्चा हुई। उपस्थित लोगों ने बताया कि प्रमाण पत्र नहीं बनने से समाज के बच्चों को शैक्षणिक कार्यों और सरकारी नौकरियों में गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि इस समस्या को रांची जिला कमेटी के समक्ष रखा जाएगा, ताकि शीघ्र समाधान हो सके। बैठक में किरण देवी, दुर्गा देवी, अनिता देवी, अजय लोहरा, यशोदा देवी, कृष्ण लोहरा, सुनीता देवी, शिवानी देवी, सुनीशा देवी, रुक्मिणी देवी, सुकरा लोहरा, उमेश लोहरा और छवि लोहरा समेत अनेक लोग उपस्थित थे।

### ग्रामीणों ने किया जमीन नहीं देंगे का ऐलान



**खलारी।** ग्राम लुकोइया में रविवार को कोयला खनन क्षेत्र के गांवों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता रामजीत उरांव तथा संचालन रामकुमार उरांव ने किया। बैठक में हेंजदा, कुटकी, डेंबुआ, विजन, सिदालू, ठेना सहित खनन प्रभावित और खनन संभावित क्षेत्रों के ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। बैठक के दौरान ग्रामीणों ने खनन से उत्पन्न समस्याओं और अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि वर्ष 1990 से अब तक क्षेत्र में खनन कार्य चलने के बावजूद उचित मुआवजा, रोजगार और पुनर्वास की व्यवस्था नहीं की गई है। जमीन के म्यूटेशन से स्थानीयता, संस्कृति और पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंचा है। ग्रामीणों ने कहा कि कंपनी द्वारा बाहरी प्रजातियों के पौधे लगाए जाने से स्थानीय जैव विविधता खत्म हो रही है। सभा में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जब तक सरकार और कंपनी स्थानीयता, पर्यावरण, रोजगार और पुनर्वास की ठोस गारंटी नहीं देती, तब तक ग्रामीण अपनी जमीन किसी भी हालत में नहीं देंगे।

### खलारी कैथोलिक चर्च में धूमधाम से मनाया गया नवाखानी



**खलारी।** खलारी के शांतिनगर स्थित कैथोलिक चर्च में रविवार को नवाखानी (तुसगो पर्व) बड़े धूमधाम और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। यह पर्व नए फसलों की कटाई के बाद ईश्वर के प्रति आभार व्यक्त करने के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर ईसाई धर्मावलंबियों ने अपने खेतों में उपजे नए अन्न को प्रभु येशु के चरणों में अर्पित किया। धार्मिक अनुष्ठान के तहत विशेष मिस्सा पूजा सह प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसे फादर आस्कर टोप्पो ने फादर हिलारियुस तिग्गा एवं फादर आर्थर के साथ संपन्न कराया। पूजा से पहले सभी मसीही विश्वासी पारंपरिक वेशभूषा में मांदर की थाप पर नाचते-गाते हुए चर्च में प्रवेश किए। फादर आस्कर टोप्पो ने कहा कि नवाखानी पर्व ईश्वर को धन्यवाद देने का पावन अवसर है। नई फसल ईश्वर की कृपा का प्रतीक है, जो हमें उनके आशीर्वाद से प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि इस दिन हम अपने पूर्वजों को भी श्रद्धा और सम्मान अर्पित करते हैं, जिनकी मेहनत से हमें खेत-खलिहान नसीब हुए हैं।

### एसजीएफआई में सरला बिरला स्कूल के छात्रों ने किया बेहतर प्रदर्शन



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी अद्भुत प्रतिभा, अटूट संकल्प और उत्कृष्ट खेल भावना का परिचय देते हुए 'खेलो झारखंड' के अंतर्गत आयोजित एसजीएफआई (स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया) ताइक्वांडो चैम्पियनशिप 2025-26 में विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता खेलगांव स्टेडियम में संपन्न हुई, जिसमें राज्यभर के अनेक प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी योग्यता का डंका बजाया। कक्षा दसवीं की ऋद्धिमा सिंह और सिया शुक्ला ने स्वर्ण पदक जीतकर अपनी अद्वितीय क्षमता, दृढ़ निश्चय और एकाग्रता का परिचय दिया। दोनों छात्राओं का चयन एसजीएफआई राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जो विद्यालय के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। कक्षा नौवीं की सुनिधि श्रद्धा महतो ने रजत पदक अर्जित कर विद्यालय की उपलब्धियों में एक और गौरवशाली अध्याय जोड़ा, वहीं कक्षा नौवीं के अंश ठाकुर ने कांस्य पदक हासिल कर अपनी लगन और विद्यालय की खेल संस्कृति का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। कुल मिलाकर, सरला बिरला पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने 4 पदक जीतकर यह सिद्ध किया कि मेहनत, अनुशासन और समर्पण के साथ सफलता निश्चित है।

### 500 मीटर की दौड़ एवं लंबी कूद में सुजीत उरांव एवं फूलचंद मुंडा ने प्रथम स्थान हासिल किया

**लापुंग।** राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय ककरिया के छात्रों ने खेलो झारखंड 2024-25 के अंतर्गत जिला स्तरीय प्रतियोगिता के अंडर-19 बालक वर्ग मे फूलचंद मुंडा ने 5.4 मीटर लंबी कूद में तथा सुजीत उरांव ने 1500 मीटर की दौड़ में प्रथम स्थान हासिल कर दोनों ने ककरिया और लापुंग का नाम रौशन किया। वहीं ऊंची कूद में सुजीत उरांव ने दूसरा स्थान हासिल किया। जबकि अंडर 17 बालक वर्ग में 800 मीटर की दौड़ में सनील उरांव ने दूसरा स्थान हासिल किया। सुजीत उरांव ने 1500 मीटर की दौड़ सिर्फ चार मिनट 22 सेकेंड में पूरी कर इतिहास रचा। जबकि सुजीत उरांव ने ही 1.5 मीटर की ऊंची कूद कूद कर जिला में दूसरा स्थान हासिल किया। छात्र-छात्राओं की इस उपलब्धि पर राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय ककरिया की प्रधान शिक्षिका रेखा आरती कुजूर, राजकीय मध्य विद्यालय ककरिया के प्रधानाध्यापक प्रकाश उरांव एवं खेल कोच सह सहायक अध्यापक मो. समीउल्लाह हक ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### 40वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप झारखंड की बेटियों ने दिलाया कांस्य पदक



**रांची।** भुवनेश्वर स्थित कलिंगा स्टेडियम में आयोजित 40वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में चौथे दिन तक झारखंड के एथलीटों ने बेहतर प्रदर्शन किया। बालिका अंडर 18 आयु में मिडले रिले में 2:22.05 सेकेंड का समय लेते हुए पुतुल बास्की (दुमका), अनामिका उरांव (बोकारो), आशा कुमारी (धनबाद), पूनम कुमारी (रांची) की चौकड़ी ने कांस्य पदक जीता। वहीं कई एथलीटों का प्रदर्शन सराहनीय रहा तथा कई फाइनल में पहुंचे।

**बालक अंडर 16 आयु वर्ग :** मिडले रिले -एमानुएल किस्कू (साहेबगंज), अनित उरांव (लातेहार), रवि उरांव (गुमला), जयदीप उरांव (लातेहार) चौथा स्थान, बालिका अंडर 20, आकांक्षा कुमारी-(पलामू)200 मीटर पांचवां, **बालक अंडर 18 आयु :** मिडले रिले में दीपक मुंडा (रांची), शुभम एक्का (गुमला), विक्की लोहरा (बोकारो), आकाश दीप किंडो (गुमला) की चौकड़ी ने छठा स्थान प्राप्त किया।

बालक अंडर 20आयु वर्ग रितेश कुमार (रामगढ़) 400 मीटर हर्डल्स आठवें, **बालिका अंडर 16 पेंटाथलन :** सपना यादव (रांची) बारहवा बालक अंडर 16 पेंटाथलन : जयदीप उरांव (लातेहार) आठवां एवं परमा हांसदा (साहेबगंज) बारहवा, फाइनल में पहुंची

### पिठौरिया पुलिस की बड़ी कामयाबी

# उलातु के घर में चोरी के मामले का हुआ उद्भेदन, 2 गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**



**पिठौरिया।** पिठौरिया थाना क्षेत्र के उलातु गांव में पिछले 6 अक्टूबर को घर में ताला एव लॉकर तोडकर लाखों रुपए के जेवरात अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिए जाने के मामला का आज उद्वभेदन करने में पिठौरिया पुलिस कामयाब रही। इस संबंध में जानकारी के अनुसार ऊलातु गाव के इम्तियाज हुसैन के घर में ताला एवं लॉकर तोड़कर सोने चांदी सहित अन्य जेवरात की चोरी हुई थी जिसके तहत भुक्तभोगी ने पिठोरिया थाना में कांड संख्या 130/2025 के तहत मामला दर्ज किया गया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए पिठोरिया थाना प्रभारी अभय कुमार द्वारा मामले की गहनता से जांच की गई । जाच उपरांत कांड में संलिप्त दो अपराध कर्मी क्रमशः सोहेल मलिक पिता करीम अली तथा मोहम्मद इमरान उर्फ सोनू पिता खलील खान ग्राम उलातु, वर्तमान पता गुदडी डोमटोली थाना लोअर बाजार रांची को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।दोनो की निशानदेही पर चोरी हुए गहने की बरामदगी भी पिठौरिया पुलिस कर ली है।

### मछली खाने के बाद 3 की मौत 4 अस्पताल में भर्ती

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में डायरिया का आतंक फैला हुआ है। पटमदा प्रखंड की ओड़िया पंचायत के दांदूडीह गांव में डायरिया फैलने से पंद्रह दिन में 3 बुजुर्गों की मौत हो चुकी है और कुल 30 लोग बीमार हो गए। फिलहाल बंगाल के बारी अस्पताल में 2 और पटमदा में 2 मरीजों का इलाज चल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि खेतों की छोटी मछलियों को खाने से डायरिया फैला। रविवार सुबह गंभीर हालत में झामुमो के पंचायत सचिव महेंद्र महतो के पिता हिमांशु महतो व पत्नी नीलिमा महतो को माचा स्थित सीएचसी में भर्ती कराया गया। पहली मौत शांति मुर्मू की घर में ही 26 सितंबर को हो गई। इसके बाद सावित्री देवी की 28 सितंबर को घर में ही मौत हो गई, जबकि 6 अक्तूबर को लॉबिंद्र महतो की जमशेदपुर के मर्सी अस्पताल में मौत हो गई।

### गुमशुदा राहुल जल्द पहुंचेंगे घर



**चान्हो।** योजनाबद्ध समेकित प्रयास का सार्थक परिणाम देखने को मिला। चान्हो के गुमशुदा ओपा निवासी राहुल रंजन का पता मिल गया। वहीं इसकी सूचना राहुल के परिजनों को दी गई, वे वहां पहुंच गए। अब राहुल जल्द अपने घर वापस लौटेंगे। परिजनों के अनुसार राहुल की शारीरिक एवं मानसिक स्थिति ठीक नहीं है।

### खलारी कांग्रेस ने चलाया 'वोट चोर, गद्दी छोड़' हस्ताक्षर अभियान



**खलारी।** प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार सोमवार को खलारी प्रखंड में 'वोट चोर, गद्दी छोड़' हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खलारी प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष साबीर अंसारी ने की। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष शहजाद अनवर उपस्थित थे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आज लोकतंत्र और संविधान पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। वोट चोरी जैसी प्रवृत्तियां इसी संकट का उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी किसी भी कीमत पर संविधान पर हो रहे हमलों को बर्दाश्त नहीं करेगी। इस अवसर पर ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष सोमनाथ मुंडा और कांके विधानसभा के विधायक प्रतिनिधि गोपाल तिवारी ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने लोकतंत्र की रक्षा के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने हस्ताक्षर कर यह संदेश दिया कि जनता किसी भी लोकतंत्र विरोधी ताकतों के आगे झुकने को तैयार नहीं है। इस मौके पर कांग्रेस नेत्री इंदिरा देवी, मेरी तिर्की, राजेशसिंह मिंटू, तनवीर आलम, गोपाल सिंह, विक्की सिंह, बाबू खान, विधायक प्रतिनिधि मोनू रजक, जावेद अंसारी, वीरेंद्र यादव, शशि मुंडा, राजेश गंझू, गीता देवी, नीलू देवी, लिली स्टेला, गुड़िया देवी सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मुरी में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन



**सिल्ली।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांति कुंज हरिद्वार के तत्वाधान में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन संत माईकल 2 स्कूल मुरी में किया गया। परीक्षा में कक्षा पांचवीं से बारहवीं तक के बच्चों ने भाग लिया। विद्यालय के निदेशक राकेश कुमार ने कहा कि इस परीक्षा का उद्देश्य छात्रों को भारतीय संस्कृति के इतिहास, परंपराओं और मूल्यों से परिचित कराना है, ताकि वे चरित्रवान और जिम्मेदार नागरिक बन सकें। इस तरह के विषयों से छात्रों को अपनी संस्कृति के इतिहास मूल्यों और परंपराओं से जोड़ते हैं। उन्होंने विद्यालय में परिक्षा को आयोजित करने के लिए अखिल विश्व गायत्री परिवार को आभार व्यक्त किया। इस परीक्षा में टिम के संरक्षक की भूमिका विद्यालय के प्राचार्य सीएल प्रजापति ने निभाई और निरीक्षक के रूप में शिक्षिका मंजू कुमारी, ममता गोस्वामी, मनीषा सिंह एवं शिक्षक वि वेंकट राव शामिल रहे।

### झारखंड के दो जिलों में बनेंगे चिड़ियाघर, एक टाइगर सफारी भी बनेगी

**रांची।** झारखंड में दो नए चिड़ियाघर बनाये जाएंगे। इनमें से एक गिरिडीह और दूसरा दुमका में बनेगा। साथ ही पलामू टाइगर रिजर्व के पास एक टाइगर सफारी भी बनेगी। यह जानकारी रविवार को प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) परितोष उपाध्याय ने जमशेदपुर वन प्रभाग और टाटा स्टील की ओर से संयुक्त रूप से आयोजित वन्य जीव सप्ताह 2025 के समापन समारोह में दी। वे बतौर मुख्य अतिथि समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इससे वन्यजीव शिक्षा और आउटरीच को और मजबूत करने में मदद मिलेगी। उन्होंने वन्यजीव संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाने में ऐसे आयोजनों के महत्व पर जोर दिया और जमशेदपुर वन प्रभाग और टाटा स्टील जूलॉजिकल सोसाइटी के सहयोगात्मक प्रयासों की सराहना की।

### अरसंडे पंचायत में उप स्वास्थ्य केंद्र की मांग जोर पकड़ रही

# ग्रामीणों ने आंदोलन की दी चेतावनी

- विधायक सुरेश बैठा की अनुशंसा के बाद भी विभाग ने पहल नहीं की।

**नवीन मेल संवाददाता**

**पिठौरिया।** कांके प्रखंड के अरसण्डे पंचायत के लोगों की वर्षों पुरानी मांग उप स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना को लेकर अब फिर जोर पकड़ रही है। पंचायत समिति सदस्य लालचंद प्रसाद सोनी ने इस दिशा में कई बार प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को आवेदन सौंपा, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। जानकारी के अनुसार, श्री सोनी ने "सरकार आपके द्वार" कार्यक्रम के दौरान दिनांक 20 दिसंबर 2021 को कांके प्रखंड परिसर में आवेदन दिया था। इसके बाद उन्होंने पूर्व स्वास्थ्य मंत्री को 25 सितंबर 2023 को भी पत्र सौंपा था, जिस पर तत्कालीन मंत्री ने गंभीरता दिखाते हुए अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग रांची को पत्र भेजा था। इतना ही नहीं, 17 जून 2025 को उन्होंने माननीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफ़ान अंसारी को भी आवेदन दिया था तथा 19 जनवरी 2025 को विधायक सुरेश बैठा को पत्र सौंप कर इस मुद्दे पर ध्यान आकृष्ट कराया था। लेकिन कई स्तरों पर पहल के बावजूद उप स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधा के अभाव में उन्हें छोटी-छोटी बीमारियों के इलाज के लिए भी कांके या रांची शहर का रुख करना पड़ता है। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को इससे सबसे अधिक परेशानी होती है। पंचायत समिति सदस्य लालचंद प्रसाद सोनी ने कहा, "कई बार आवेदन देने के बावजूद अब तक कार्रवाई नहीं होना बेहद निराशाजनक है। विधायक सुरेश बैठा की अनुशंसा के बाद भी विभाग ने पहल नहीं की। ग्रामीण अब उम्मीद लगाए बैठे हैं कि सरकार जल्द इस दिशा में ठोस कदम उठाए।" ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर शीघ्र उप स्वास्थ्य केंद्र की स्वीकृति नहीं मिली, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

**समस्याओं पर चर्चा** — एसीएस सेंट्रल कमेटी की विशेष बैठक, मनोज उरांव ने कहा

# एसीएस छात्र अधिकारों की सशक्त आवाज रहा है

**नवीन मेल संवाददाता**

- आदिवासी समाज और आदिवासी छात्रों की समस्याओं के समाधान पर विस्तार से चर्चा की



**बुढ़मू।** जिकरा जलप्रपात स्थित भुतही दाह परिसर में आदिवासी छात्र संघ (एसीएस)की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता संगठन के क्षेत्रीय अध्यक्ष मनोज उरांव ने की। मौके पर उन्होंने एसीएस संगठन के इतिहास, उपलब्धियों तथा आदिवासी समाज और आदिवासी छात्रों की समस्याओं के समाधान पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि एसीएस संगठन सदैव शिक्षा, सामाजिक जागरूकता और छात्र अधिकारों की सशक्त आवाज रहा है। उन्होंने छात्रों को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का आह्वान किया। डीएसपीएमयू के अध्यक्ष विवेक तिर्की ने कहा कि यह एक नया इतिहास लिखने का आगाज है। हम सब झारखंड के लोगों को अपना हक, अधिकार और समाज को समर्पित करने जा रहे हैं। यह एक संकल्प है — सामूहिक जागरूकता, सामाजिक उत्थान और आदिवासी पहचान को मजबूती देने का।"बैठक में डीएसपीएमयू, खूंटी कॉलेज, मांडर कॉलेज, बेडो कॉलेज, आदिवासी कॉलेज हॉस्टल करमटोली, आदिवासी कॉलेज हॉस्टल हतमा, रातू प्रखंड समिति, बुढ़मू प्रखंड, खेलारी, ओरमांझी, मांडर, नगड़ी और नामकुम के प्रतिनिधि शामिल हुए।

# सीसीएल सीएमडी ने किया रोहिणी परियोजना का दौरा



**खलारी।** सीसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (सीएमडी) नीलेंद्रकुमार सिंह ने सोमवार को एनके एरिया स्थित केडीएच और रोहिणी परियोजनाओं का दौरा किया।उन्होंने सबसे पहले केडीएच खदान का निरीक्षण किया, उसके बाद रोहिणी परियोजना पहुंचे। निरीक्षण के दौरान सीएमडी ने परियोजना पदाधिकारी से खदान विस्तारीकरण से जुड़ी प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों के विस्थापन, मुआवजा, पुनर्वास, रोजगार और ब्लास्टिंग सुरक्षा से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि खदान संचालन पूरी पारदर्शिता और ईमानदारी से किया जाए तथा उत्पादन बढ़ाने के लिए मशीनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जाए। सीएमडी ने कहा कि खदान को व्यवस्थित और सुरक्षित तरीके से चलाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। इसके बाद उन्होंने केडीएच खदान के अंदर जाकर कोयला खनन और डिस्पैच की प्रक्रिया का निरीक्षण किया।

### राष्ट्रीय पर्यटन सम्मेलन में झारखंड के दो स्थलों की होगी चर्चा

# जानकारी जुटाने हजारीबाग पहुंचे मंत्री

- मंत्री ने कहा कि यह स्थल रैयती जमीन पर है, जिन लोगों की जमीन जाएगी उन्हें सरकार उचित मुआवजा देगी. फिर इस क्षेत्र को विकसित किया जाएगा

**नवीन मेल संवाददाता**



**हजारीबाग।** झारखंड के दो पर्यटक स्थल की चर्चा 15-16 अक्टूबर को उदयपुर में आयोजित राष्ट्रीय पर्यटन सम्मेलन में होने जा रही है. जिसमें एक मैक्लुस्कीगंज और दूसरा हजारीबाग का 3000 वर्ष से अधिक पुराना बड़कागांव प्रखंड स्थित पंकरी बरवाडीह की मेगालिथ की . सम्मेलन की अध्यक्षता केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत करेंगे. उदयपुर 15-16 अक्टूबर को राष्ट्रीय पर्यटन सम्मेलन की मेजबानी करेगा. इस सम्मेलन का उद्देश्य भारत के पर्यटन पारिस्थितिकी तंत्र को बेहतर बनाने के लिए एक ढांचा तैयार करना है. सम्मेलन में झारखंड के दो पर्यटक स्थल मैक्लुस्कीगंज और हजारीबाग का मेगालिथ पर चर्चा होगी. झारखंड सरकार के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू सम्मेलन में हिस्सा लेंगे. इस बाबत उन्होंने दोनों पर्यटक स्थलों का दौरा कर जानकारी इकट्ठा कर रहे हैं. हजारीबाग पहुंचे पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि देश का एकमात्र 3000 साल पुराना मेगालिथ हजारीबाग में है. यह बेहद आश्चर्य की बात है कि अब तक यह स्थल उपेक्षित रहा है. उन्होंने कहा कि बहुत जल्द इसे विकसित किया जाएगा. यह स्थल रैयती जमीन पर है, जिन लोगों की जमीन जाएगी उन्हें सरकार उचित मुआवजा देगी. फिर इस क्षेत्र को विकसित किया जाएगा, ताकि विश्व पटल पर इसकी पहचान बन सके. वहीं मेगालिथ के खोजकर्ता शुभआशीष दास भी निरीक्षण के दौरान मंत्री सुदिव्य के साथ बड़कागांव में थे. शुभआशीष ने कहा कि यह एक बड़ी खुशखबरी है कि हजारीबाग के मेगालिथ की चर्चा केंद्रीय पर्यटन मंत्री के सामने होने जा रही है. लोग दूर-दराज से यहां घूमने के लिए आएंगे. राष्ट्रीय पर्यटन सम्मेलन में झारखंड के दो पर्यटक स्थलों की चर्चा बड़ी बात है. आने वाले दिनों में हजारीबाग के मेगालिथ और मैक्लुस्कीगंज की पहचान पूरे विश्वभर में पर्यटन स्थल के रूप में होगी.

## गोला में अलग अलग हादसे में एक वृद्धा सहित दो की मौत

- स्थानीय लोगों ने बताया कि दोपहर डेढ़ बजे के करीब वह घर से मवेशी चराने के लिए पुरना टांड़ की ओर गया था

**नवीन मेल संवाददाता**

**गोला।** गोला थाना क्षेत्र के जाभीया गांव निवासी मेघनाथ महतो पिता महेश महतो 32 वर्ष ने रविवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। स्थानीय लोगों ने बताया कि दोपहर डेढ़ बजे के करीब वह घर से मवेशी चराने के लिए पुरना टांड़ की ओर गया था। खेत की ओर गए किसानों की नजर पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटक रहे शव पर पड़ी, तो यह घटना पूरे क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि मेघनाथ ने किन कारणों से फांसी लगाई है। इधर परिजनों ने कोई भी कानूनी कार्रवाई करने से इंकार कर दिया। इसके बाद भी पुलिस ने परिजनों को समझाबूझा कर शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि तीन भाईयों मृतक सबसे बड़ा था। उसका एक दो वर्षीय पुत्री भी है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि माता, पिता, पत्नी व भाईयों के बीच भी किसी तरह का विवाद नहीं था। इसके बाद भी उसकी आत्महत्या करने पर लोग आश्चर्यचकित हैं। इधर पुलिस मृतक के आत्महत्या करने के कारणों की जांच कर रही है। थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज बॉक्स

### 5 वर्षीया बच्ची लापता, पिता ने थाना में दिया आवेदन



**बरही ।** खोड़ाहर पंचायत के छोटकी केवाल निवासी मनोज रविदास की 5 वर्षीया पुत्री अंजली कुमारी रविवार से लापता है. इसे लेकर पीड़ित पिता ने थाना में आवेदन देकर खोज की गुहार लगाई है. पीड़ित ने बताया कि प्रतिदिन की तरह रविवार की सुबह साढ़े आठ बजे वह मजदूरी करने बरही गया था. घर पर उसकी मां और पत्नी थी. बच्ची मुहल्ले में खेल रही थी. जिसे अंतिम रूप से साढ़े तीन बजे तक देखा गया. उसके बाद उसकी पुत्री का कुछ भी पता नही चल रहा है. आस-पास और रिश्तेदारों के घर में भी काफी खोज बीन किया गया परंतु कुछ भी पता नही चला. बच्ची काला रंग के टी शर्ट और पैंट पहनी हुई है, जिसका रंग गेहुंआ है. पीड़ित पिता के आवेदन के आधार पर पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर छान बीन कर अग्रेतर कारवाई में जुट गई है.

### हाई -लो वोल्टेज से उपभोक्ता परेशान विभाग मौन



**बरकट्ठा।** गोरहर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बंडासिंगा मोड़ में ट्रांसफार्मर में खराबी आने के कारण हाई -लो वोल्टेज से उपभोक्ता परेशान है। इस बाबत स्थानीय निवासी सुजीत कुमार ने बताया कि पिछले 15 दिनों से लो -हाई वोल्टेज से हमलोग परेशान हैं। इस संबध में जेई अभिषेक आनंद को जानकारी दी गई परंतु उन्होंने आश्वाशन देकर चुप्पी साध ली है। हाई -लो वोल्टेज रहने के कारण उपभोक्ताओं का फ्रीज, लैपटॉप, पंखा, मोटर आदि जल गई है। विभाग की लापरवाही के कारण हाई - लो वोल्टेज से उपभोक्ताओं को लाखों का नुकसान उठाना पड़ा है। वहीं उपभोक्ता किशोर साव ने कहा कि इसकी जानकारी विभाग को भी दी। परंतु समस्या का कोई समाधान नहीं हो पाया है। इससे उपभोक्ताओं में काफी आक्रोश है। बंडासिंगा मोड़ पर लगे ट्रांसफार्मर से सैकड़ों घरों को रोशनी मिलती है। इस मामले को लेकर पुनः जेई अभिषेक आनंद से दूरभाष पर संपर्क की तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

### सड़क के बीच खड़ा बिजली पोल दे रहा है बड़ी दुर्घटनाओं को दावत



**बरकट्ठा।** प्रखंड के बरकट्ठा प्लस टू हाई स्कूल के बगल में राष्ट्रीय राजमार्ग के पास एक नई सड़क का निर्माण कर कालीकरण का कार्य पूरा कर दिया गया है। यह सड़क हाई स्कूल से सलैया ,पचफेड़ी होते हुए तिलैया मार्ग को जोड़ती है। इस रास्ते पर प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में वाहनों और लोगों की आवाजाही होती है।लेकिन विभागीय लापरवाही साफ झलकती है। सड़क के बीचो-बीच बिजली का पोल जस का तस खड़ा छोड़ दिया गया है और बिना हटाए ही सड़क बना दी गई है। हाइवे से सटी इस सड़क पर बीच में खड़ी पोल किसी भी समय गंभीर हादसे का कारण बन सकती है। विदित हो सड़क के ठीक बगल में एक बड़ा खेल मैदान भी है, जहां सुबह होते ही स्थानीय युवक, बच्चे और ग्रामीण बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। ऐसे में यह पोल न केवल वाहनों के लिए, बल्कि मैदान आने-जाने वाले लोगों के लिए भी बड़ा खतरा बना हुआ है।गौर करने वाली बात यह है कि अब तक न तो बिजली विभाग और न ही सड़क निर्माण एजेंसी की ओर से इस पोल को हटाने की कोई पहल की गई है। लेकिन लोगों के बीच इस मुद्दे को लेकर चर्चा ज़रूर है।

### विद्युत चोरी की रोकथाम को लेकर चलाई गई छापेमारी अभियान, 14 के विरुद्ध मामला दर्ज

**बरकट्ठा।** चलकुशा प्रखंड क्षेत्र में बिजली चोरी रोकथाम को लेकर छापामारी अभियान चलाकर 14 लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया गया है. छापामारी अभियान में बरही सहायक विधुत अभियंता सत्य नारायण भोगता, बरकट्ठा कनीय अभियंता अभिषेक आनंद एवं विधुत मानव दिवस कर्मी शामिल थे. अधिकारियों ने बिजली चोरी करते ग्राम मानगो निवासी महेन्द्र चौधरी पिता हरिहर चौधरी, नकुल चौधरी पिता जमुना चौधरी, ललन चौधरी ववित‍ा रामेश्वर चौधरी, कौलेश्वर चौधरी पिता दुखन चौधरी, अशोक चौधरी पिता स्व अनूप चौधरी, प्रवीण चौधरी पिता शशी कपूर चौधरी, बिशेश्वर चौधरी पिता बाढो चौधरी, इन्द्रदेव चौधरी पिता पीताम्बर चौधरी, ग्राम खारी निवासी मंगर पंडित पिता स्व गुलू पंडित, ग्राम बाराडीह निवासी रंजीत यादव पिता वासुदेव यादव, सुरेश यादव पिता वासुदेव यादव, इन्द्रदेव पासवान पिता वासुदेव, राजू यादव पिता वासुदेव यादव, ग्राम सलैयडीह रोड़ निवासी प्रवीण साव पिता वासुदेव साव को पकड़ा है. इस बाबत बरकट्ठा कनीय अभियंता अभिषेक आनंद ने चलकुशा थाना में कांड संख्या 60/25 के तहत मामला दर्ज कराया है.

### कृषि, पशुपालन व सहकारिता विभाग अंतर्गत ट्रैक्टरों व कृषि यंत्रों का किया गया वितरण



**रामगढ़।** कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग अंतर्गत भूमि संरक्षण प्रभाग द्वारा सोमवार को जिला समाहरणालय परिसर में मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना एवं सोलर पंप सेट वितरण योजना के तहत लाभुकों को ट्रैक्टर एवं सोलर पंपसेट उपलब्ध कराया गया। इस दौरान रामगढ़ विधायक ममता देवी, मांडू विधायक मांडू निर्मल महतो, उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा रविंद्र कुमार गुप्ता द्वारा योजना के तहत लाभुकों को लाभ दिया गया। मौके पर मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना के तहत 50% अनुदान पर सपना महिला स्वयं समूह, कमल आजीविका सखी मंडल, चांदनी महिला समूह, रोशनी आजीविका सखी मंडल, आजीविका सखी स्वयं सहायता समूह को ट्रैक्टर उपलब्ध कराया गया। वहीं, सोलर पंप सेट 90% अनुदान पर फागु बेदिया, कयूम अंसारी, बबीता देवी, दहाबुन निशा, मुनुवा देवी, सोनी देवी, प्रदीप प्रसाद, जमन महतो, दीपक कुमार महतो, धर्मेंद्र कुमार, मुकंद महतो को पंपसेट उपलब्ध कराया गया। मौके पर भूमि संरक्षण पदाधिकारी अनूप कुमार हेंब्रम, कनीय अभियंता नरेंद्र देव पटेल सहित अन्य उपस्थित थे।

### कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने एसडीओ के नाम सौंपा पत्र

## 24 घंटे के अंदर दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की



**रामगढ़।** कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधि मंडल ने सोमवार को अनुमंडल पदाधिकारी रामगढ़ अनुराग कुमार तिवारी के नाम. पत्र सौंपा। सौपे गए पत्र में शहर के गांधी चौक स्थित गांधी जी की प्रतिमा को असामाजिक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त किये जाने के संबंध में बताया गया की इससे कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता मर्माहत हैं। साथ ही शहर के वे सभी लोग जो गांधी जी के प्रति आस्था रखते हैं वे इस घटना से आक्रोशित हैं। कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधि मंडल ने कहा की इस घटना में शामिल असामाजिक व्यक्ति की पहचान कर उसे अविलंब गिरफ्तार किया जाए। साथ ही गांधी जी की क्षतिग्रस्त प्रतिमा की अच्छे तरीके से मरम्मत करवाया जाए। कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधि मंडल ने कहा की यदि 24 घंटा के अंदर घटना में शामिल दोषियों की गिरफ्तारी नही होती है और क्षतिग्रस्त प्रतिमा की मरम्मती का कार्य शुरू नही हुआ तो विवश होकर पार्टी कार्यकर्ता गांधी चौक के समक्ष आंदोलन करेंगे। प्रतिनिधि मंडल में राजकुमार यादव, प्रकाश करमाली, मुकेश यादव, संजय साव आदि शामिल थे।

### उपायुक्त ने विभिन्न परियोजनाओं को लेकर की समीक्षा बैठक कहा

# कार्यों को ससमय पूरा करें पदाधिकारी

- उपायुक्त ने सभी परियोजनाओं के अधिकारियों को किए जा रहे कार्यों के दौरान आने वाली समस्याओं से जिला प्रशासन को अवगत कराने का निर्देश दिया

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** आधारभूत संरचनाओं, एफआरए, भूअर्जन तथा विभिन्न परियोजनाओं को लेकर सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। भारतमाला परियोजना, राष्ट्रीय राजमार्ग 33, रेलवे सहित अन्य सड़क निर्माण संबंधित योजनाओं की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने पैकेजवार मुआवजा भुगतान की स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान उपायुक्त ने कार्यो में तेजी लाने का निर्देश दिया । वहीं, संबंधित क्षेत्रों के अंचल अधिकारियों को मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया संबंधित ग्राम सभा के आयोजन सहित अन्य प्रक्रियाएं पूरी करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने सीसीएल, पथ निर्माण विभाग, पीवीयूएनएल, सहित अन्य परियोजनाओं के अधिकारियों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए एफआरए, एनओसी, जमीन अधिग्रहण सहित लंबित मामलों की जानकारी लेने के उपरांत जल्द से जल्द कार्रवाई करते हुए उनके निष्पादन के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्य में लापरवाही न करें पदाधिकरी जिस बर्दाश्त नहीं कई नहीं किया जाएगा। सभी योजनाओं को ससमय पूरा करने का चेतावनी दी। उपायुक्त ने अंचलवार अंचल अधिकारियों से उनके उनके क्षेत्रों में चल रही परियोजनाओं में भूमि सहित अन्य मामलों के तहत हो कार्यों की जानकारी लेने के उपरांत मामलों पर कार्रवाई करते हुए ससमय उनका निष्पादन करने का निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी परियोजनाओं के अधिकारियों को किए जा रहे कार्यों के दौरान आने वाली समस्याओं से जिला प्रशासन को नियमित रूप से अवगत कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान वन प्रमंडल पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता रामगढ़, अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, सिविल सर्जन, जिला भूअर्जन पदाधिकारी, नजारत उप समाहर्ता, विभिन्न परियोजनाओं के महाप्रबंधक, जिला स्तरीय अधिकारियों, अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

### एसडीओ व प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा ने किया गांधी की प्रतिमा का निरीक्षण



**रामगढ़।** रामगढ़ शहर अंतर्गत गांधी चौक स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा क्षतिग्रस्त होने संबंधित सूचना प्राप्त होने पर उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज के निर्देश पर सोमवार को अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी एवं प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा सह नजारत उप समाहर्ता रविंद्र कुमार गुप्ता ने स्थल पर पहुंचकर प्रतिमा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उनके द्वारा प्रतिमा की जांच की गई। जांच के उपरांत प्रतिमा की मरम्मती का कार्य शुरू किया गया। टाटा के प्रतिनिधि दीपक श्रीवास्तव को प्रतिमा की मरम्मती सुनिश्चित कराने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही प्रतिमा के पुराने हो जाने के मद्देनजर नयी प्रतिमा लगाए जाने की कार्यवाई की जा रही है।

### गिद्दी डीएवी में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

**गिद्दी।** गिद्दी डीएवी में सोमवार को सीसीएल अरगड्डा क्षेत्रीय प्रबंधन ने विशेष अभियान 5.0 के अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें विद्यालय के छात्र- छात्राओं ने स्वच्छ भारत, हरित भारत, स्वच्छ ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण, और मेरा सपना - स्वच्छ भारत जैसे विषयों पर आधारित चित्रों के माध्यम से सामाजिक संदेशों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। रंगों के माध्यम से छात्रों ने न केवल अपनी कल्पनाओं को साकार किया बल्कि समाज को एक मजबूत संदेश भी दिया।

### भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी डाड़ी प्रखंड कार्यकर्ताओं की बैठक

**गिद्दी।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक अंचल सचिव नेमन यादव की अध्यक्षता में सोमवार को गिद्दी सी में हुई। बैठक में राज्य सचिव महेंद्र पाठक उपस्थित थे। बैठक में 7 नवंबर को डाड़ी प्रखंड कार्यालय समक्ष धरना प्रदर्शन करने, 26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर उपायुक्त कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करने और 21 दिसंबर को शताब्दी वर्ष का रांची समापन कार्यक्रम सफल बनाने की तैयारी पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही विभिन्न कोलियरी में पेलोडर बंद करके हैंड लोडिंग चालू करने की मांग की गई। इसके पहले बैठक को पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने संबोधित किया। बैठक में उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जन जागरण अभियान चलाने का निर्णय लिया गया।

### साइबर ठग का ध्यान अब मंईयां सम्मान की राशि पर

## किसी भी योजना के भुगतान के लिए लाभुक से नहीं मांगे जाते हैं ओटीपी : बीडीओ

- सोशल मीडिया के माध्यम से लिंक भेज कर पेंशन योजना या अन्य योजना के नाम पर एप्लीकेशन डाउनलोड करवाते हैं

**नवीन मेल संवाददाता**



**बरही ।** इन दिनों साईबर ठग मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान, मातृत्व लाभ, वृद्धा, विधवा या विकलांगता पेंशन भुगतान करने या करवाने के नाम पर क्षेत्र में सक्रिय हैं. इसके लिए लोगों को सावधान और जागरूक रहने की आवश्यता है. उक्त बातें बीडीओ जयपाल महतो ने कही. उन्होंने बताया कि कतिपय सूत्रों से सरकार के विभिन्न योजनाओं में लाभुक से भुगतान करने या करवाने की बात कहकर ओटीपी मांगा जा रहा है. इसके साथ हीं कुछ वेबसाइट और साइबर अपराधी प्ले स्टोर अथवा सोशल मीडिया के माध्यम से लिंक भेज कर पेंशन योजना या अन्य योजना के नाम पर एप्लीकेशन डाउनलोड करवाते हैं. फिर मोबाईल हैक कर उनके खाता से राशि निकाले जाने की भी जानकारी मिली है. जो साईबर अपराधियों की सोची समझी चाल है. उन्होंने बताया कि प्रखंड कार्यालय से किसी भी योजना में राशि की भुगतान के लिए लाभुक से न तो ओटीपी की मांग नहीं की जाती और न ही एप्लीकेशन डाउनलोड करवाया जाता है. ऐसे कॉल पर ध्यान नहीं दें और किसी को भी अपना ओटीपी या गुप्त कोड नहीं बताए. यह साईबर अपराधियों द्वारा बिछाया गया एक जाल है. सावधान और सतर्क रहे और अन्य लोगों को भी जागरूक करें.

### हजारीबाग में हल और बैल लेकर सड़क पर उतरे विधायक प्रदीप प्रसाद

# प्रशासन और सरकार को दिया अल्टीमेटम



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** जिले के सड़क की हालत देख सदर विधायक प्रदीप प्रसाद अपना विरोध दर्ज कराने, हल और बैल के साथ सड़क पर उतर गए. आलम यह रहा कि उनके विरोध की बात सुनते ही स्थानीय लोगों ने भी उन्हें सपोर्ट किया. इस बीच नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त भी हजारीबाग-चतरा रोड के लेपो चौक पहुंचे. विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि सदर विधानसभा क्षेत्र की शायद ही कोई ऐसी सड़क होगी जो दुरुस्त है. जिसमें मेन रोड, बस स्टैंड, ग्वाल टोली चौक, रामनगर, शिवदयाल, ओकनी रोड, इंद्रपुरी चौक हर जगह सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे मिलेंगे. सबसे खराब स्थिति हजारीबाग-चतरा रोड के लेपो रोड की है. यहां एक कदम चलना भी सुरक्षित नहीं है, यहां आए दिन सड़क दुर्घटना और गाड़ी पलटने की खबरें आती रहती हैं, जिसे देखते हुए विधायक प्रदीप प्रसाद ने अपना विरोध दर्ज कराया है. इस दौरान विधायक ने सांकेतिक विरोध के रूप में हल से लेपो रोड की जुताई करना शुरू कर दिया. इस बीच विधायक ने राज्य सरकार को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि 24 घंटे के अंदर सड़क निर्माण का काम शुरू हो जाना चाहिए. विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि वर्तमान हेमंत सरकार, मंईयां सम्मान योजना देने में व्यस्त है और मूलभूत सुविधाएं लोगों तक नहीं पहुंच पा रही है. शहर में सड़क की स्थिति बेहद खराब है. जनप्रतिनिधि होने के नाते मुझे हर दिन स्थानीय लोगों का फोन आता है. कार्यालय में हजारों आवेदन खराब सड़क को लेकर आते हैं. दर्जनों बार नगर निगम कार्यालय और जिला प्रशासन को सड़क दुरुस्त करने के लिए बोला भी गया लेकिन किसी ने भी इस ओर ध्यान नहीं दिया. इसे देखते हुए अब आम जनता के सहयोग से पूरे हजारीबाग में जहां-जहां सड़क हैं वहां विरोध दर्ज किया जाएगा. विपिन कुमार, सहायक नगर आयुक्त, हजारीबाग नगर निगम ने कहा कि सड़क पर जलापूर्ति के लिए नगर निगम काम कर रही है.

**सड़क सुधारने का विधायक ने दिया अल्टीमेटम**

इधर, विरोध करने के दौरान झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सह कांग्रेस के जिला अध्यक्ष जयप्रकाश भाई पटेल भी गुजर रहे थे. इन्होंने कहा कि सड़क की स्थिति बेहद खराब है. सरकार का ध्यान आकृष्ट करवाएंगे ताकि सड़क ठीक हो सके. सदर विधायक प्रदीप प्रसाद जनमुद्दे को लेकर सड़क पर उतरे हैं. उन्होंने ऐलान कर दिया कि यह सांकेतिक विरोध है. सड़क नहीं सुधरा तो पूरे शहर में विरोध होगा. इसके लिए जिला प्रशासन और वर्तमान सरकार जिम्मेदार होगी .

## खुशबू और साक्षी ने तीरंदाजी में किया कमाल, जीता गोल्ड और सिल्वर मेडल

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** डॉ भीमराव अंबेडकर विद्यालय की दो होनहार छात्राएं खुशबू कुमारी और साक्षी कुमारी ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से पूरे विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। रांची के खेल गांव में आयोजित राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में दोनों छात्राओं ने शानदार निशानेबाजी का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में राज्य के 24 जिलों से आए प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें कई सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थी भी शामिल थे। कड़े मुकाबले में खुशबू कुमारी ने सटीक निशाने लगाकर प्रथम स्थान हासिल किया और गोल्ड मेडल अपने नाम किया। वहीं, साक्षी कुमारी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया और सिल्वर मेडल जीता।

प्रतियोगिता में उनके प्रदर्शन की सभी ने सराहना की। दोनों छात्राओं को मेडल के साथ प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय परिसर में दोनों विजेता छात्राओं के सम्मान में एक छोटा समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य देवनंदन राम ने दोनों छात्राओं को सम्मानित करते हुए कहा कि खुशबू और साक्षी ने यह सिद्ध कर दिया है कि लगन और मेहनत से सरकारी विद्यालयों के छात्र भी बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ खेलकूद भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। प्रधानाचार्य ने सभी विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि विद्यालय का प्रयास है कि बच्चों को शिक्षा के साथ खेल के क्षेत्र में भी अवसर दिया जाए ताकि वे राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय का गौरव बढ़ा सकें। विद्यालय परिवार, शिक्षकगण और सहपाठियों ने भी खुशबू और साक्षी की इस सफलता पर उन्हें बधाई दी।

## बानो में स्किल प्रतियोगिता-सह प्रदर्शनी आयोजित




नवीन मेन संवाददाता

**बानो।** झारखंड एजुकेशन प्रोजेक्ट काउंसिल रांची के दिशा-निर्देशानुसार एस एस +2 उच्च विद्यालय बानो में व्यावसायिक शिक्षा के तहत विद्यार्थियों में जागरूकता और समझ विकसित करने हेतु स्किल प्रतियोगिता-सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में विद्यालय के विभिन्न व्यावसायिक ट्रेड — हेल्थ केयर, आईटी और मीडिया एंड इंटरटेनमेंट — के विद्यार्थियों ने मॉडल के माध्यम से अपनी प्रतिभा और कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में हेल्थ केयर ट्रेड से सामावल सायमा और अन्नू कुमारी, आईटी ट्रेड से आदिनंद बड़ाइक और आदित्य कुमार मिश्रा, तथा मीडिया एंड इंटरटेनमेंट ट्रेड से सुलोचना कुमारी और बॉबी कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक आनंद कुमार, शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में छिपी प्रतिभा और आत्मविश्वास को उजागर करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। विजेताओं को शुभकामनाएँ देते हुए उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर प्रशिक्षक अफजल अंसारी, शिवानंद गुप्ता, प्रतिमा कुमारी और अन्य शिक्षकगण भी उपस्थित थे और विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में समेकित जनजातीय विकास अभिकरण की समीक्षा बैठक संपन्न

# जनजातीय विकास योजनाओं के समयबद्ध निष्पादन का निर्देश

- सरना-मसना घेराबंदी कार्यों की प्रगति की समीक्षा, लंबित कार्य शीघ्र पूरा करने का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता




**सिमडेगा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त कंचन सिंह की अध्यक्षता में समेकित जनजातीय विकास अभिकरण (आईटीडीए) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सरना-मसना घेराबंदी से संबंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई तथा लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालयों एवं आश्रम आवासीय विद्यालयों में चल रहे निर्माण कार्यों की जानकारी ली और गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर बल दिया।इसके साथ ही आवासीय विद्यालयों के छात्रावास, कल्याण अस्पताल बानो और सोय से संबंधित मामलों पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने कहा कि प्री एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति और साइकिल वितरण योजना के वितरण के बाद रिपोर्ट अनिवार्य रूप से प्रस्तुत की जाए। उन्होंने वन अधिकार पट्टा प्राप्त लाभुकों की आगे की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने का भी निर्देश दिया।इसके अलावा धुमकुड़िया भवनों के निर्माण कार्य एवं अधूरे भवनों को जल्द पूर्ण कर उनकी रिपोर्ट सौंपने को कहा गया। बैठक में जनजातीय कल्याण से संबंधित सभी योजनाओं की समीक्षा की गई और नए योजनाओं के प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया गया।बैठक में निदेशक समेकित जनजातीय विकास अभिकरण सिमडेगा, कल्याण विभाग के पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनजातीय हितों से जुड़ी सभी योजनाओं का समयबद्ध एवं पारदर्शी निष्पादन सुनिश्चित किया जाए ताकि योजनाओं का लाभ सीधे जरूरतमंदों तक पहुंच सके।

### सिमडेगा पुलिस की बड़ी सफलता

## 50 पैकेट में 62.624 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर थाना पुलिस को एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर हलवाई नदी पुलिया के पास बंगाल नंबर की कार से भारी मात्रा में 62.624 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। इस संबंध में सोमवार को आयोजित प्रेस वार्ता में पुलिस अधीक्षक एम. अर्शी ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि राउरकेला से सिमडेगा के रास्ते होते हुए एक मेरून रंग की कार से बिहार की ओर अवैध गांजा की खेप ले जाई जा रही है।सूचना के आलोक में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिमडेगा के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम और सशस्त्र बलों द्वारा हलवाई नदी पुल के समीप देर शाम वाहन चेकिंग अभियान शुरू किया गया। करीब रात 9:15 बजे राउरकेला की ओर से आती हुई संदिग्ध कार को रोका गया। पूछताछ में चालक ने अपना नाम विशाल पटेल पिता मनीष पटेल, निवासी रामनगर आंदर ढाला, थाना नगर थाना, जिला सिवान (बिहार) बताया।वाहन की तलाशी के दौरान पुलिस ने कार की डिक्की में लोहे के चदरे से वेल्डिंग कर बनाए गए गुप्त केबिन में छिपाए गए 50 छोटे पैकेटों में अवैध गांजा बरामद किया, जिसका कुल वजन 62.624 किलोग्राम पाया गया। पुलिस ने मौके से गांजा, वाहन और एक ओप्पो मोबाइल फोन जब्त किया।इस मामले में सिमडेगा थाना कांड संख्या 110/25, दिनांक 13.10.2025, धारा 20(B)(ii)(B) NDPS एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अभियुक्त विशाल पटेल को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।सिमडेगा पुलिस की इस कार्रवाई को मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। प्रेस वार्ता में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बैजू उरांव एवं थाना प्रभारी रोहित कुमार रजक उपस्थित रहे।

## हर परिवार तक विकास की रोशनी पहुंचाना हमारा संकल्प: विधायक भूषण बाड़ा



**केरसई।** केरसई प्रखंड के टैंसेर नवाटोली में 63 केवीए और दुर्गाटोली में 25 केवीए नए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन विधायक भूषण बाड़ा ने किया। मौके पर विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि हर गांव तक बिजली पहुंचाना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। ग्रामीण क्षेत्र के हर परिवार तक विकास की रोशनी पहुंचे, यही हमारा संकल्प है। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए हमारी टीम निरंतर प्रयासरत है। मौके पर उपस्थित जिप सदस्य एवं महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष जोसिमा खाखा ने कहा कि ग्रामीणों की सुविधा और बच्चों की पढ़ाई के लिए निर्बाध बिजली आपूर्ति बहुत जरूरी है। कांग्रेस पार्टी जनता के बीच जाकर उनके मूलभूत जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि सह मुखिया मुंश खेस, विधायक प्रतिनिधि सुरेन्द्र प्रसाद, मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार, अल्पसंख्यक अध्यक्ष बशारत अंसारी, कार्यकारी प्रखंड अध्यक्ष बालासीयूस खेस, उप प्रमुख सिलबेस्टर बघवार, 20 सूत्री सदस्य मनोहर प्रसाद, जिला सचिव विनय तिग्गा, पंचायत अध्यक्ष नोवेल मिंज, मन्नू यादव, अरविंद यादव, सुधीर मिंज, शंभु प्रसाद, प्रतिमा कुजूर, उर्मिला केरकेट्टा, शोभेन तिग्गा, सुचिता तिर्की, ईश्वर दास, प्रभाकर तिर्की, संजोम बेक, जीवन बेक, विल्सन बेक, धीरज बेक, सौरव तिर्की, मुकुट बेक, राजकुमार तिर्की सहित भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे।

## बानो में आदिवासी लोहरा समाज की प्रखंड स्तरीय बैठक संपन्न

**बानो।** आदिवासी लोहरा समाज की बानो इकाई की बैठक जिला कमिटी के पदाधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष विकास मगहिया ने की। इस दौरान समाज के उत्थान, एकता, शिक्षा और पारंपरिक संस्कृति को बनाए रखने पर चर्चा की गई। जिला कमिटी के पदाधिकारियों ने कहा कि आदिवासी लोहरा समाज की संस्कृति, परंपरा और सामाजिक संस्कार उसकी पहचान हैं, जिन्हें यथावत सुरक्षित रखना जरूरी है।बैठक में लोहरा समाज के विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र बनवाने में हो रही दिक्कतों पर चर्चा की गई। प्रखंड अध्यक्ष ने सरकार से लिपिकीय त्रुटियों को दूर करने की मांग रखी।जिला अध्यक्ष बासुदेव तिर्की ने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए युवा पीढ़ी को नेतृत्व संभालना होगा, जबकि महासचिव अशोक इंदवार ने कहा कि समाज में शिक्षा और जागरूकता बढ़ाना हमारा मुख्य उद्देश्य है।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष बासुदेव तिर्की, सचिव अशोक इंदवार, जिला महासचिव रामेराम इंदवार, सुनील बरवा, जलडेगा प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार इंदवार, सचिव बसंत लोहारा, पंचायत अध्यक्ष चरकु लोहारा, कोलेबिरा प्रखंड अध्यक्ष मुनेश्वर तिर्की, उपाध्यक्ष दशरथ लोहारा, सुरेन्द्र लोहारा, बानो प्रखंड अध्यक्ष विकास लोहारा, सचिव कांति देवी, कोषाध्यक्ष सुकांति देवी, सुखन लोहारा, साहूबेड़ा पंचायत अध्यक्ष बहुरन लोहारा, बांकी पंचायत अध्यक्ष सोनिया लोहारा, सचिव ममता देवी, कोषाध्यक्ष रामू लोहारा, रंजीत लोहारा, बुधराम लोहारा, छोटू लोहारा समेत प्रखंड के अनेक भाई-बहन उपस्थित रहे।

## जमीअत उलेमा ने किया पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन

**सिमडेगा।** पर्यावरण संरक्षण और इस्लामी परंपराओं को आगे बढ़ाते हुए जमीअत उलेमा-ए-हिंद जिला सिमडेगा द्वारा सोमवार को पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सिमडेगा स्थित कब्रिस्तान परिसर में संपन्न हुआ,जहाँ चंदन के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम की अगुवाई जमीअत के जिला सदर मौलाना मिन्हाज रहमानी ने की। इस अवसर पर मौलाना रहमानी ने कहा कि पेड़ लगाना केवल पर्यावरण की सेवा नहीं है,बल्कि यह पैग़म्बर हज़रत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की सुन्नत भी है। हमारे नबी ने पेड़ लगाने को सवाब का काम बताया है। हमें चाहिए कि हम इस सुन्नत को अपनाकर आने वाली पीढ़ियों को एक बेहतर माहौल दें। चंदन के पौधे विशेष रूप से इसलिए चुने गए क्योंकि ये ना सिर्फ धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण हैं,बल्कि पर्यावरण की दृष्टि से भी अत्यंत लाभकारी होते हैं।

## सिम्हातु पंचायत क्षेत्र में आम बागवानी योजना के तहत आम पेड़ वितरित किए गए

**बानो।** प्रखंड के अंतर्गत सिम्हातु पंचायत में आम बागवानी योजना के तहत एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर सभी ग्रामों में आम के पौधों का वितरण किया गया। यह वितरण सभी लाभुकों की उपस्थिति में पारदर्शी तरीके से संपन्न हुआ।इस कार्यक्रम में पंचायत के कई प्रमुख पदाधिकारी और कर्मी मौजूद रहे।मुख्य रूप से रोजगार सेवक श्रीपति महतो, आवास मित्र संदीप बोदरा, ब्रजेश सिंह,फलिंद्र, अखिलेश्वर दास सहित सभी मेट और वार्ड सदस्य कार्यक्रम में सक्रिय रूप से उपस्थित थे।आम बागवानी योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में हरियाली बढ़ाना,फल उत्पादन को प्रोत्साहित करना और स्थानीय लोगों को आजीविका के नए साधन उपलब्ध कराना है।इस पहल से न केवल पर्यावरण संरक्षण को बल मिलेगा,बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नया संबल मिलेगा।लाभुकों ने इस पहल के लिए प्रशासन का आभार जताया और पौधों की उचित देखभाल करने का संकल्प लिया।

## सभी अंचल अधिकारियों के साथ अपर समाहर्ता ने की राजस्व कार्यों की समीक्षा



**सिमडेगा।** समाहरणालय सभागार में सोमवार को अपर समाहर्ता सिमडेगा ज्ञानेंद्र कुमार की अध्यक्षता में सभी अंचल अधिकारियों के साथ राजस्व से संबंधित एजेंडा-वार समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में दाखिल-खारिज के लंबित मामले, सो-मोटो दाखिल खारिज, सक्सेशन म्यूटेशन, पार्टीशन दाखिल-खारिज, भूमि सीमांकन, राजस्व न्यायालय/एसएआर के लंबित वाद, तथा परिसोधन पोर्टल पर लंबित शिकायतों की विस्तृत समीक्षा की गई। अपर समाहर्ता ने सभी अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया कि राजस्व से जुड़े सभी मामलों का ससमय निष्पादन सुनिश्चित करें ताकि आम नागरिकों को समय पर न्याय और सुविधा मिल सके। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी सिमडेगा, भूमि सुधार उपसमाहर्ता सिमडेगा, जिला भू अर्जन पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी एवं अंचल निरीक्षक उपस्थित रहे।

## कुरडेग में दो चचेरे भाइयों के घर में चोरी, 13 हजार नगद व जेवरात पर चोरों का हाथ साफ

**कुरडेग।** थाना क्षेत्र के राजस्व ग्राम लिटीमारा के टोला चपाटांड़ में रविवार की रात अज्ञात चोरों ने दो चचेरे भाइयों प्रकाश यादव एवं संतोष यादव के घर का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने घर से 13,000 रुपये नगद के साथ-साथ जेवरात एवं अन्य कीमती सामान भी उड़ा लिए। घटना के समय दोनों भाई अपने घर पर मौजूद नहीं थे।मिली जानकारी के अनुसार, प्रकाश यादव अपने परिवार के साथ ससुराल गए हुए थे, क्योंकि उनकी सास की तबीयत खराब थी, वहीं संतोष यादव भी अपने परिवार के साथ



घर से बाहर थे। इसी मौके का फायदा उठाते हुए चोरों ने दोनों घरों को निशाना बनाया और रात के अंधेरे में फरार हो गए।सोमवार सुबह ग्रामीणों ने जब घर का ताला टूटा देखा तो तुरंत घटना की सूचना प्रकाश यादव और संतोष यादव को दी। सूचना पाकर प्रकाश यादव घर पहुंचे और मामले की जानकारी कुरडेग थाना पुलिस को दी।घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी संतोष कुमार राय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की छानबीन शुरू कर दी। इस संबंध में कुरडेग थाना कांड संख्या 41/2025 दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों में चोरी की इस घटना को लेकर भय और नाराजगी का माहौल देखा जा रहा है।

# मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग बानो में लगा भर्ती कैंप एएनएम जीएनएम की छात्राओं ने कराया रजिस्ट्रेशन

नवीन मेल संवाददाता




**बानो।** युवाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय सह मॉडल करियर सेंटर, सिमडेगा की पहल पर सोमवार को मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग, बानो में भर्ती कैंप का आयोजित किया गया। इस मेले का शुभारंभ जिला नियोजन पदाधिकारी आशा मैक्सिमा लकड़ा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज की एएनएम एवं जीएनएम प्रशिक्षणरत छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं के लिए कार्यरत संस्थानों के लिए अपना ऑन-स्पॉट रजिस्ट्रेशन कराया।भर्ती कैंप में जिला नियोजनालय द्वारा नर्सिंग, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सेवा क्षेत्र से जुड़ी कई प्रतिष्ठित संस्थानों को आमंत्रित किया गया था। जिला नियोजन पदाधिकारी आशा मैक्सिमा लकड़ा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार युवाओं को स्वरोजगार और रोजगार दोनों के अवसर प्रदान करने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि नर्सिंग जैसे मानवीय सेवा से जुड़े क्षेत्र में रोजगार की संभावनाएं तेजी से बढ़ रही हैं, अतः छात्राएं आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें।कॉलेज के निदेशक डॉ प्रह्लाद मिश्रा ने जिला नियोजनालय का धन्यवाद देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं को रोजगार के अवसरों की सीधी जानकारी मिलती है। कार्यक्रम में लगभग 70 से अधिक छात्राओं ने पंजीकरण कराया। मेले के दौरान नियोजन विभाग की टीम ने भी छात्रों को ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया, करियर विकल्प और प्रशिक्षण योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। भर्ती कैंप सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और छात्राओं ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम उन्हें भविष्य की दिशा तय करने में मददगार साबित होते हैं। मौके पर संस्थान के कॉर्डिनेटर रविकांत मिश्रा,जीएनएम की प्राचार्या एरेन बेक, एएनएम की प्राचार्या निशि डुंगडुंग सहित अन्य ट्यूटर्सगण उपस्थित रहे।

## मदर टेरेसा कॉलेज में नर्सिंग छात्राओं को दी गई फेयरवेल

**बानो।** मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग बानो में फेयरवेल समारोह मनाया गया जिसमें जीएनएम एवं एएनएम की 14वीं बैच की छात्राओं का विदाई सम्मान दिया गया । जिसमे मुख्य अतिथि जिला नियोजन पदाधिकारी आशा मैक्सिमा लकड़ा विशिष्ट अतिथि प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी कोलेबिरा डॉ मोहित कुमार सवैया जिला परिषद सदस्य बरजो कंडुलना निदेशक डॉ. प्रहलाद मिश्रा सचिव निभा मिश्रा, रविकांत मिश्रा , प्राचार्या एरेन बेक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुरूआत किया गया ।

छात्राओं ने मंगलाचरण एवं एक से बढ़कर एक सुंदर नृत्य प्रस्तुति कर सबों का मन मोहा । आज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला नियोजन पदाधिकारी ने छात्राओं को दृढ़ संकल्प रहने को कहा वहीं डॉ.मोहित कुमार ने छात्राओं से कहा कि अपने काम के प्रति समर्पित रहे निदेशक डॉ. प्रहलाद मिश्रा ने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा की आप सब जहां भी रहे अपने प्रेम और दया की भावना से सेवा और पूर्ण निष्ठा से अपने कार्य को करें आज के इस कार्यक्रम में एएनएम और जी एन एम का बेस्ट मॉनिटर अवार्ड प्रेमिका बा एवं सुजीता उरांव को दिया गया स्टूडेंट ऑफ द ईयर खुशी मिंज एवं प्रियंका रेजिना मिंज को दिया गया मदर टेरेसा कॉलेज के छात्राओं के लिए जिला नियोजन कार्यालय के द्वारा रोजगार मेला कैंप भी लगाया गया इसमें सभी छात्रों का नियोजन कार्यालय के द्वारा रजिस्ट्रेशन किया गया।

## न्यूज बॉक्स

### ऑटो पलटने से एक कि मौत

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत सामटोली के गोतरा खमन भदरा के पास सोमवार को दोपहर में ऑटो पलटने से ऑटो में सवार तिलईटांड गांव निवासी शीतल सिंह नामक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि सतीश सिंह और चालक घायल हो गए ।मामले की जानकारी पुलिस को दी गई जिसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त ऑटो को अपने साथ ले गई तथा घायल को अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। वहीं मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर आगे कार्रवाई में जुट चुकी है ।जानकारी देते हुए घायल सतीश सिंह ने बताया कि वह लोग सिमडेगा बाजार खरीदारी करके अपने घर की ओर लौट रहे थे इसी दौरान चालक नशे में था और नियंत्रण खो दिया जिससे कि ऑटो पलट गई और इसकी वजह से शीतल सिंह ऑटो के नीचे दब गया जिसकी मौके पर ही मौत हो गई । समाचार लिखे जाने तक उसके शव का पोस्टमार्टम नहीं हो सका था।

### तीन महीनों से फरसा टोली में बिजली नहीं, भाजपा नेता श्रद्धानंद से मिले ग्रामीण



**सिमडेगा।** सिमडेगा प्रखंड के सेवई पंचायत फरसा टोली में पिछले तीन महीनों से विद्युत समस्या बनी हुई है। ग्रामवासियों ने भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा के साथ मिलकर विद्युत संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु विद्युत कार्यपालक अभियंता सिमडेगा के कार्यालय का दौरा किया। कार्यालय में अभियंता की अनुपस्थिति के कारण ग्रामवासियों ने आवेदन जमा किया।श्रद्धानंद बेसरा ने मोबाइल के माध्यम से कार्यपालक अभियंता को फरसा टोली की समस्या से अवगत कराया और शीघ्र समाधान के लिए आग्रह किया। जानकारी के अनुसार, तीन महीने पहले आए आंधी-तूफान में गांव के सात-आठ विद्युत खंभे क्षतिग्रस्त हो गए थे। इसके बावजूद विभाग द्वारा खंभों को बदलने का कार्य अभी तक नहीं किया गया है। इसके अतिरिक्त, कुछ दिनों पहले विद्युत ट्रांसफार्मर भी खराब हो गया।ग्रामवासियों ने आवेदन जमा करने के दौरान करमपाल मांझी, दिनेश मांझी, लगन प्रधान, भागवती देवी, बालकिशोर बेसरा, सुरेंद्र मांझी, सगनी देवी सहित कई महिला और पुरुष उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि अधिकारियों द्वारा शीघ्र कार्रवाई कर फरसा टोली में विद्युत आपूर्ति बहाल की जाएगी।

### बोलबा प्रखंड में कांग्रेस का 'वोट चोर गद्दी छोड़' हस्ताक्षर अभियान आयोजित



**बोलबा।** बोलबा प्रखंड में कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित 'वोट चोर गद्दी छोड़' हस्ताक्षर अभियान की बैठक प्रखंड उपाध्यक्ष ज्वलंत बेक की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड पर्यवेक्षक बिपिन पंकज मिंज उपस्थित रहे। इस अभियान को पंचायत से लेकर बूथ कमेटी स्तर तक चलाया जाएगा।प्रखंड पर्यवेक्षक बिपिन पंकज मिंज ने कहा कि देश में लोकतंत्र और संविधान पर लगातार हमले हो रहे हैं और जनता की आवाज दबाई जा रही है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में यह कार्यक्रम पूरे देश में चल रहा है और इसे अधिक से अधिक सफल बनाना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने केंद्र सरकार पर लोकतंत्र की मूल भावना को चोट पहुँचाने और जनता के मताधिकार की अवहेलना करने का आरोप लगाया।इस अभियान के माध्यम से कांग्रेस पार्टी जनजागरण और लोकतंत्र की रक्षा का व्यापक आंदोलन चला रही है। उन्होंने सभी उपस्थित कांग्रेसी नेताओं से अपील की कि हस्ताक्षर अभियान को घर-घर तक पहुँचाया जाए। बैठक में उपस्थित प्रमुख नेताओं में ज्वलंत बेक, वरिष्ठ कांग्रेसी ललन सिंह, सांसद प्रतिनिधि सुनिल टोप्पो, विधायक प्रतिनिधि अमृत मिंज, अंतोनी केरकेट्टा, ओबीसी प्रखंड अध्यक्ष कमल नाग, पंचायत अध्यक्ष रोशन बरला, तलेस्फोर केरकेट्टा, विमला जयसवाल, रश्मि केरकेट्टा, अल्पसंख्यक प्रखंड अध्यक्ष सिलबानुस केरकेट्टा, जोर्ज मिंज सहित कई कांग्रेसी शामिल थे।

### कोलेबिरा में वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान का आयोजन




**जलडेगा।** जलडेगा प्रखंड अंतर्गत ओड़गा में वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में टाटी, परबा, ओड़गा और कुटुंगिया पंचायतों के जमीनी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, प्रखंड पर्यवेक्षक फूलकेरिया डांग, महिला अध्यक्ष कोलेबिरा महिमा केरकेट्टा और प्रखंड अध्यक्ष सुशील जड़िया भी शामिल हुए।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने कहा कि भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था को मनुवादी सोच वाले लोग खत्म करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि बाबा भीमराव अंबेडकर द्वारा दिए गए संविधान ने सभी समुदायों और धर्मों के हितों को ध्यान में रखकर लोकतंत्र की नींव रखी। लेकिन वर्तमान भाजपा सरकार आम जनता के मताधिकार को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। इसलिए यह हस्ताक्षर अभियान लोकतंत्र और जनता के अधिकार की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण है।विधायक ने लोगों से अपील की कि वे राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रहे इस मुहिम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और अभियान को सफल बनाएं।इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष सुशील जड़िया, मंडल अध्यक्ष सुनील सुरीन, हेलारियूस लुगुन, लाजरुस समद, जुलयुस लुगुन, शफिरा जोजो, सुशाना जोजो, पावल कंडुलना, रहीम खान, मंगलदास जोजो, जुएल जोजो, संजय हेमरोम, मुख्तार खान, कमरुद्दीन खान, ओड़गा मुखिया मुकुट समद, नेल्सन जोजो, निरल जोजो सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पूजा समिति ने छठ घाटो का लिया जायजा व्यवस्था की ली जानकारी

# समय सीमा के अंदर प्रशासनिक अधिकारी छठ घाट व रास्ता करें दुरुस्त : विधायक

नवीन मेल संवाददाता



**बरही ।** कुछ हीं दिनों में चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व छठ प्रारंभ होने को हैं. इसे लेकर विधायक मनोज कुमार यादव की अध्यक्षता में प्राचीन छठ घाट स्थित सूर्य मंदिर प्रांगण में स्थानीय लोगों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई. जिसमें छठव्रतियों और श्रद्धालुओं को होने वाले समस्याओं, छठ घाट व रास्ते की सफाई, बरहीडीह मोड़ से छठ घाट तक प्रकाशीय व्यवस्था, साज सज्जा और सुरक्षा पर विस्तार से चर्चा हुई. विधायक ने सभी के बातों को गंभीरता से सुनी और कहा कि छठ महापर्व लोक आस्था का सबसे बड़ा पर्व है, जिसमें स्वच्छता और सुरक्षा सर्वोपरि है. इस बाबत उन्होंने कई आवश्यक सुझाव व निर्देश भी दिया. बैठक के अंत में विधायक श्री यादव उपस्थित जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों व स्थानीय लोगों के साथ छठ घाट का निरीक्षण भी किया. मौके पर उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को महापर्व के पूर्व सभी तैयारियां पूर्ण करने का निर्देश दिया ताकि श्रद्धालुओं या छठव्रतियों को कोई परेशानी नही हो. बैठक में विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, स्थानीय मुखिया शमशेर आलम, पंसस जीतू ठाकुर, छठ पूजा समिति के अध्यक्ष राजसिंह चौहान, गुरुदेव गुप्ता, पुअनि संतोष कुमार, एसआई रूपलाल यादव, कैलाशपति सिंह, अशोक सिंह, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, मनोज साव, आकाश जायसवाल, नागेश्वर प्रसाद केशरी, कृपाल राणा, भोली पासवान, छोटी ठाकुर, राजकुमार केशरी, राजकुमार यादव, अमित गौरव उर्फ पमपम, विकास सिंह, संजय साव, टिंकू आलम, अमित सिंह, मुकेश सिंह, सुरेश चंद्रवंशी, विक्की सिंह, , कौशिक कुमार, बिनोद साव, महेंद्र प्रसाद उर्फ बाली, पिंटू ठाकुर, पिंटू सिंह, संजय कुमार, सुरेश राम आदि सहित कई लोग मौजूद थे.

## गरबा डांडिया के प्रतिभागी को किया गया पुरस्कृत

**झरिया।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान मे गायत्री शक्ति पीठ बस्ताकोला में रविवार को गरबा एवं डंडियां का आयोजन किया गया। उदघाटन विधायक राज सिन्हा ने दीप प्रज्वलित कर किया। संचालन विभूति शरण सिंह ने किया।,जिसमें मां दुर्गा की आरती के बाद दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शरुआत हुई। कार्यक्रम में गरबा व डंडिया में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार विरतण किया गया। मुख्य अतिथि धनबाद विधायक राज सिन्हा और सामूहिक विवाह के अध्यक्ष प्रदीप सिंह थे। कार्यक्रम में युवतियां,व महिलाओं ने भाग लिया। पारितोषिक पाने वालों में नेहा कुमारी,आराध्या कुमारी,काजल कुमारी, उषा कुमारी, नीलम कुमारी, सोनाली कुमारी, गीता, पूजा कुमारी आदि थी।

## आठ साल बाद पूर्व विधायक संजीव सिंह की वापसी, कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

**धनबाद।** झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह की वापसी को लेकर कार्यकर्ताओं में खुशी देखी गयी. अपने चचेरे भाई नीरज सिंह व चार अन्य की हत्या के आरोप से बरी होने के बाद पूर्व डिप्टी मेयर सह संजीव सिंह पहली बार कार्यकर्ताओं के सामने सार्वजनिक रूप से आये. अगस्त में धनबाद की विशेष एमएलए व एमपी कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में संजीव सिंह समेत सभी आरोपियों को बरी कर दिया था. आठ साल तक जेल में रहने के कारण संजीव सिंह डिप्रेशन और अन्य बीमारियों से पीड़ित थे. बरी होने के बाद उन्होंने लंबी मेडिकल प्रक्रिया पूरी की और अब डॉक्टरों ने उन्हें पूरी तरह से फिट घोषित कर दिया है. जिसके बाद वह हवाई मार्ग से दिल्ली से दुर्गापुर एयरपोर्ट पर उतरे और सड़क मार्ग से धनबाद के लिए रवाना हुए.

## बुजुर्गों की मुस्कान लौटाने की पहल, जीवन ज्योति ने कराया फन गेम ट्रायल

**जमशेदपुर।** मानगो डिमना रोड स्थित शंकोसाई रोड नंबर-5 में रविवार को जीवन ज्योति संस्था की ओर से बुजुर्गों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए फन गेम ट्रायल कार्यक्रम आयोजित किया गया. इसमें मानगो, आदित्यपुर सहित जमशेदपुर के विभिन्न क्षेत्रों से 50 से अधिक बुजुर्गों ने भाग लिया. कार्यक्रम में तीन मनोरंजक गेम आयोजित किये गये- म्यूजिकल चेयर, इन-आउट गेम और कलर पहचानो गेम. सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. म्यूजिकल चेयर में मुनसिटी के सुनील प्रसाद श्रीवास्तव प्रथम, विश्वनाथ प्रसाद सिंह द्वितीय और वीआईपी अपार्टमेंट के आरबी सहाय तृतीय स्थान पर रहे. इन-आउट गेम में एनके मंडल प्रथम, आरबी सहाय द्वितीय और जितेंद्र राय तृतीय स्थान पर रहे. वहीं कलर पहचानो गेम में बीके दास, एलबी प्रसाद और जितेंद्र राय विजेता बने.


**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**

नाम एवं पहनावा
मो0 सईद अली
रंग–सांवला, ऊँचाई–
5 फीट 2 ईंच,
पहनावा– बैगनी शर्ट
एवं ब्लू जींस पैंट ।



उपरोक्त गुमशुदा व्यक्ति मो0 सईद अली, उम्र–55 वर्ष पता–नेवरी विकास, थाना सदर, मेसरा ओ0पी0 जिला–राँची जो दिनांक–18.09.25 को रात्रि लगभग 09.25 बजे अपने धर से बिना बताये कहीं चले गये है। जो आजतक अपने घर वापस नहीं आये है। जिसके संबंध में मेसरा ओ0पी0 सनहा संख्या–12/2025, दिनांक–26.09.2025, दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त गुमशुदा पुरूश कहीं मिलता/दिखता है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, सदर, रॉची। –9431102090
ओ0पी0 प्रभारी मेसरा रॉची। –9431706571

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची

PR 364012 Police(25-26)#D


## टाटा-आद्रा मार्ग में 13 से 19 तक कई ट्रेनें रद्द, कुछ शॉर्ट टर्मिनेट व डायवर्ट

**जमशेदपुर।** चक्रधरपुर और आद्रा डिवीजन में रेलवे ट्रैक पर निर्माण संबंधी कार्य होने के चलते कई ट्रेनों को रद्द, शॉर्ट टर्मिनेट, री-शिड्यूल व डायवर्ट करने का फैसला रेलवे ने किया है. इस संबंध में रेलवे अपने यात्रियों को एडवाइजरी जारी कर दी है, ताकि उन्हें अपनी संबंधित तिथियों पर यात्रा में किसी तरह की कोई परेशानी नहीं हो. रेलवे द्वारा जारी सूचना के अनुसार आसनसोल-आद्रा-आसनसोल (68046-68045) मेमू पैसेंजर 19 को रद्द रहेगी. आद्रा-भागा-आद्रा ( 68077-68078) मेमू पैसेंजर 13, 14 और 19 अक्टूबर को रद्द रहेगी. मुंजनइ-चंद्रपुरा-भोजूडीह (68079-680780) मेमू पैसेंजर 14, 17 और 18 अक्टूबर को रद्द रहेगी. आद्रा-मिदनापुर-आद्रा ( 68090-68089) मेमू पैसेंजर 17 अक्टूबर को रद्द रहेगी. शॉर्ट टर्मिनेट होनेवाली ट्रेनें में टाटा-आसनसोल-बराभूम (68056-68060) मेमू पैसेंजर 14 अक्टूबर को आद्रा तक ही चलेगी.

### वनाधिकार अधिनियम के लंबित प्रकरणों के शीघ्र निष्पादन को लेकर डीसी ने की बैठक

# सामुदायिक दावों से संबंधित वादों का निष्पादन तीन दिनों के अंदर किया जाए

नवीन मेल संवाददाता




**हजारीबाग।** उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने सोमवार को समाहरणालय सभागार में वनाधिकार अधिनियम से संबंधित वन भूमि पर पट्टा/अधिकार प्रदान करने के मुद्दे पर अंचलाधिकारियों एवं रेंजरों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने सभी अंचलाधिकारियों एवं रेंजरों को निर्देश दिया कि वनाधिकार अधिनियम के अंतर्गत लंबित वन पट्टा, व्यक्तिगत एवं सामुदायिक दावों से संबंधित वादों का निष्पादन आगामी तीन दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पदाधिकारी जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करें, सभी रजिस्टरों को अद्यतन रखें एवं अभिलेखों का उचित संधारण सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने यह भी निर्देश दिया कि लंबित वादों का निपटारा संयुक्त सत्यापन के माध्यम से ग्रामसभा स्तर से किया जाए, ताकि प्रक्रिया पारदर्शी एवं विधिसम्मत हो। बैठक में उपस्थित अधिकारियों को वनाधिकार अधिनियम से संबंधित सभी नियमों एवं विनियमों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उपायुक्त ने यह भी स्पष्ट किया कि प्रत्येक वाद के निष्पादन में स्वीकृति या अस्वीकृति के कारणों का स्पष्ट उल्लेख किया जाना आवश्यक है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से अपेक्षा की कि प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से लेकर नियमानुसार शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें। बैठक में उपायुक्त के अलावा पूर्वी, पश्चिमी वन प्रमंडल एवं वन्यजीव-अभयारण्य प्रभाग के डीएफओ, सदर एसडीओ, जिला कल्याण पदाधिकारी, संबंधित अंचलाधिकारी, रेंजर सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग भवन प्रमंडल संख्या–1, राँची**

**अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना–77/2025–26**

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सँख्या–1,राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय :– दिनांक 21.10.2025 को 1.00 (एक) बजे अपराहन् तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 24.10.2025 को 3.00(तीन) बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 24.10.2025 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर भवन अंचल–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची एवं कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
7. निविदा खोलने का स्थान :– अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यों का विवरण :–

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation work for the Roof Treatment for West Wing & Central Wing Terrace of Yojna Bhawan Building in the Campus of Nepal House at Doranda Ranchi | 4932300 | 98700 | 5000 | Two Months |
| 2 | Renovation of Bungalow No.-119 Polish, Wooden Flooring, Wallpaper, Etching Glass, Window Blind, Granite Fixing at Nepal House (High Court Pool) Doranda, Ranchi (Occupied by Hon'ble Justice Rajesh Shanker | 4427000 | 88600 | 5000 | Two Months |
| 3 | Renovation of Judge Bungalow No.-2 (Old) Opposite St. Xavier's School (Residence of Hon'ble Judge) with Painting work, Renovation of Office Room with other Miscellaneous work at Doranda, Ranchi (High Court Pool) | 4984000 | 99700 | 5000 | Two Months |
| 4 | Making Tree Guard Platform with Installation of Indoor Fountain Supplying Furniture gazibo- 02 Shed No-03 Nos and Pathway at Old Cheif Engineer Residence Building at Circular Road Ranchi | 2915300 | 58500 | 5000 | Two Months |


नोट :– निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्ल संख्या–1, राँची।

PR.NO.364013 Building(25-26):D


### पीड़ित ने पुलिस अधिकारियों से न्याय की लगाई गुहार

## हथियार से लैस लोगों ने जान से मारने की दी धमकी



**बरकट्ठा।** प्रखंड के ग्राम कोनहराखुर्द निवासी शकुर मियां के घर वालों को हथियार से लैस लोगों के द्वारा जान मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। इस बाबत शकुर मियां पिता स्व केवल मियां ने हजारीबाग पुलिस अधीक्षक, बरही डीएसपी एवं बरकट्ठा थाना में आवेदन देकर जान माल की सुरक्षा की गुहार लगायी है। जिसमें बताया है कि 12 अक्टूबर की सुबह लगभग तीन बजे के करीब ग्राम बरकट्ठा निवासी समीम अहमद पिता इतेखार अहमद, उनकी पत्नी सैदून निशा, उसके पुत्र औरंजेब अहमद, इबरान अंसारी पिता कलाम अंसारी, मिनहाज अली पिता स्व मजहर अली के द्वारा मेरे घर के दरवाजे को धक्का मारकर व गाली गलौज देते हुए जबरन खुलवाय बाहर निकलने पर देखा की सभी लोग हरवे हथियार से लैस होकर जान मारने की धमकी देते हुए मेरी जमीन को छोड़ देने के लिए दबाव डाल रहा है। कहा कि जिस जमीन को लेकर विवाद चल रही है उसके एवज में मुझे दस लाख रुपए दो नही तो हत्या कर इसी जमीन में गाड़ देंगे। बताया कि मेरी जमीन जिसका खाता नंबर 105, प्लॉट नंबर 15 रकवा 4.83 डीसमिल मेरी पत्नी कबिरन खातून के नाम से हासिल है। जिसपर वर्षों से हमलोग का दखल व कब्जा बना हुआ है। उक्त जमीन पर हमलोग को कमजोर समझ कर समीम अहमद जबरन कब्जा करना चाहता है। मंसूबों पर कामयाब नही होता देख हमेशा मुझपर झूठा मुकदमा कर और धमकी देकर जमीन हथियाने का कई बार कोशिश कर चुका है।

शकुर मियां ने अधिकारियों से मामले को संज्ञान में लेकर इसकी जांच पड़ताल कर न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।

### प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव ने भारत की बहु-एजेंसी संरचना की रूपरेखा प्रस्तुत की

## डॉ. पीके मिश्र ने स्वैच्छिक उच्च-स्तरीय सिद्धांतों को क्रियान्वित करने की भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** आपदा जोखिम न्यूनीकरण (डीआरआर) पर जी-20 मंत्रिस्तरीय बैठक के पहले दिन, प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ पीके मिश्र ने दो उच्च-स्तरीय कार्यक्रमों - "एकजुटता और अनुकूलनः पूर्व-चेतावनी प्रणालियों के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग और एकजुटता में डीआरआर का विस्तार" और "डीआरआर निवेश को बढ़ाने के लिए तकनीकी नवाचार और राजनीतिक नेतृत्व का सेतु निर्माण" में भारत का प्रतिनिधित्व किया। एकजुटता और अनुकूलन सत्र में, डॉ. मिश्र ने इस बात पर जोर दिया कि पूर्व-चेतावनी प्रणालियां तकनीकी विलासिता नहीं, बल्कि अनुकूलन को लेकर रणनीतिक निवेश हैं। उन्होंने भारत की बहु-एजेंसी संरचना के बारे में चर्चा की, जिसमें मौसम विज्ञान, जल विज्ञान, भूकंप विज्ञान और समुद्र विज्ञान संस्थानों को एक सामान्य चेतावनी प्रोटोकॉल-अनुपालक एकीकृत चेतावनी प्रणाली के माध्यम से एकीकृत किया गया है, जो पहले ही 109 बिलियन से अधिक अलर्ट जारी कर चुकी है। उन्होंने जी-20 से वैश्विक "सभी के लिए पूर्व-चेतावनी" प्रणाली के अंतर्गत अंतर-संचालनीय क्षेत्रीय प्लेटफार्मों, साझा डेटा प्रोटोकॉल और संयुक्त क्षमता निर्माण संबंधी पहलों को मजबूत करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि भारत पूर्व-चेतावनी को एक समावेशी, बहुभाषी और पूर्वानुमानयोग्य वैश्विक सार्वजनिक हित के रूप में देखता है। डीआरआर के वित्तपोषण पर आयोजित कार्यक्रम में, डॉ. मिश्र ने जी20 स्वैच्छिक उच्च-स्तरीय सिद्धांतों के सिद्धांत 2 और 4 के अनुरूप भारत की पांच-स्तंभ वित्तपोषण रणनीति का विस्तृत विवरण दिया।

उन्होंने वित्त आयोग के तहत भारत के संवैधानिक मॉडल का वर्णन किया, जिसने बहु-वर्षीय, नियम-आधारित डीआरआर आवंटन, राज्यों और स्थानीय निकायों को विकेन्द्रीकृत वित्तपोषण और राष्ट्रीय आपदा जोखिम सूचकांक के माध्यम से साक्ष्य-आधारित प्राथमिकता सुनिश्चित की। राहत-केंद्रित से जोखिम तत्काल सूचना के प्रतिमान की ओर भारत के बदलाव पर प्रकाश डालते हुए, उन्होंने नवीन स्थानीय-स्तरीय प्रणालियों, समर्पित शमन निधियों, आपदा-विशिष्ट कार्यक्रमों और आपदा मित्र स्वयंसेवकों के माध्यम से समुदाय-आधारित तैयारियों का प्रदर्शन किया, जो अनुकूलन को सीधे सार्वजनिक वित्त और शासन में समाहित करते हैं। इस अवसर पर, डॉ. मिश्र ने दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील, ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैंड के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं।


**कार्यालय, जिला परिषद्, कोडरमा**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 09/2025–26**

जिला योजना अनाबद्ध निधि अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 में निम्न स्वीकृत क्रमांक– 07 में वर्णित कार्य के लिए झारखण्ड सरकार के समुचित श्रेणी में निविदा की शर्त–1 के अनुसार जिला परिषद कोडरमा में निबंधित संवेदकों से $F_2$ प्रपत्र पर मुहर बंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद्, कोडरमा।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक–21.10.2025 एवं 24.10.2025 (कार्यालय कार्य दिवस एवं समयावधि तक)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक–25.10.2025 (अपराह्न 03:00 बजे तक)
4. निविदा खुलने की तिथि :– दिनांक–25.10.2025 (अपराह्न 04:00 बजे)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला परिषद् कार्यालय, जि0ग्रा0वि0शा0 भवन, कोडरमा।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– जि0ग्रा0वि0शा0 सभागार, कोडरमा।
7. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र0 | प्रखंड का नाम | योजना का नाम | परिमाण विपत्र की राशि (रु0 में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू० में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | कोडरमा | ग्राम भंडरवा में महाबीर यादव घर से तालाब तक नाली निर्माण | 2434100.00 | 49000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 2 | सतगावॉ | ग्राम टेहरो स्थित सकरी नदी, महेश्वरनाथ के पास गार्डवाल एवं सीढी निर्माण | 1027900.00 | 21000.00 | 2500.00 | 03 माह |
| 3 | जयनगर | पंचायत तिलोकरी के सतघरवा टोला स्थित श्याम सुदर महतो घर से अडवार तक पीसीसी पथ निर्माण | 1719998.00 | 34500.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 4 | जयनगर | पंचाय गोहाल ग्राम मकतपुर स्थित ऑगनबाडी केन्द्र से किशोर चौधरी घर होते हुए आर0ई0ओ0 रोड तक पीसीसी पथ निर्माण | 1205354.00 | 24500.00 | 2500.00 | 03 माह |
| 5 | डोमचॉच | प्रखंड डोमचॉच के पूरनाडीह ग्राम में प्रयाग यादव के घर से रघु यादव के घर तक पी0सी0सी0 पथ एवं नाली निर्माण | 2491039.50 | 50000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 6 | डोमचॉच | प्रखंड डोमचॉच के फुलवरिया में बैधनाथ मेहता के घर से आर0ई0ओ0 रोड से समदा आहर तालाब तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण | 2449188.21 | 49000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 7 | जयनगर | ग्राम पंचायत तिलोकरी टोला गरवाटॉड पिसपिरो में आर0ई0ओ0 रोड आम पेड से ऑगनबाडी खधिया तक पीसीसी पथ निर्माण | 1867255.00 | 37500.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 8 | जयनगर | प्रखंड जयनगर के पंचायत जयनगर पूर्वी में ग्राम खेसकरी मदरसा आर0सी0डी0 रोड से कर्बला तक पीसीसी पथ निर्माण | 2466173.00 | 49500.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 9 | कोडरमा | पंचायत भवन चाराडीह के सामने कलभर्ट एवं गार्डवाल निर्माण | 2222100.00 | 44500.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 10 | जयनगर | ग्राम पंचायत नईटाड के ग्राम मैसौंधा के बिरहोर टोला में सामुदायिक भवन का निर्माण | 1867844.00 | 37500.00 | 5000.00 | 06 माह |
| 11 | जयनगर | ग्राम पंचायत नईटाड के ग्राम मैसौंधा के बिरहोर टोला को जोडने वाली सडक की बाई ओर गार्डवाल निर्माण | 781725.00 | 16000.00 | 1250.00 | 03 माह |
| 12 | जयनगर | ग्राम बेरोगाई पंचायत खरियोडीह में आर0ई0ओ0 रोड भातु यादव घर से हरिलाल यादव घर सामुदायिक भवन भाया मथुरा यादव घर तक पीसीसी पथ निर्माण | 1711962.00 | 34500.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 13 | मरकच्चो | ग्राम गुरहा टोला कोठियार कान्दु टोला से पक्की सडक तक पीसीसी पथ एवं नाली निर्माण | 2394625.00 | 48000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 14 | चंदवारा | ग्राम खांडी में नीचे टोला आर0ई0ओ0 रोड से ब्रहमदेव यादव घर से टेकन पासवान के घर तक पीसीसी पथ निर्माण | 2478516.00 | 50000.00 | 5000.00 | 03 माह |

निविदा की शर्तें www.koderma.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखें।

जिला अभियंता,
जिला परिषद्, कोडरमा

PR 364023 Panchayati Raj (25-26)_D


## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा खंडित करना निंदनीय कार्य : कमल बगड़िया

**रामगढ़ ।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा को खंडित करना किसी गिरी हुई मानसिकता वाले व्यक्ति का ही कार्य हो सकता है । रामगढ़ की धरती जहां पर कांग्रेस का अधिवेशन हुआ , जहां महात्मा गांधी सहित अनेक नेताओं ने उपस्थित होकर सुभाष चंद्र बोस के साथ गरम दल एवं नरम दल का गठन किया, जिससे रामगढ़ को एक नई पहचान मिली। थाना चौक स्थित गांधी चौक एवं मुक्तिधाम स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का समाधि स्थल उनकी याद दिलाता है। यह बातें सोमवार को समाज सेवी सह मुक्तिधाम संस्था को कोषाध्यक्ष एवं संयोजक कमल बगड़िया ने गांधी चौक स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा को असामाजिक तत्वों द्वारा खंडित किये जाने पर कही । उन्होंने कहा की यह कार्य निंदनीय है । श्री बगड़िया ने कहा की हम प्रशासन से आग्रह करते हैं।

## पारस डेम का टूटा गेट बना किसानों की परेशानी का कारण



नवीन मेल संवाददाता

**भरनो (गुमला) ।** इस वर्ष अच्छी बारिश होने के बावजूद भरनो प्रखंड के किसानों की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही है। पारस डेम से निकली मुख्य नहर में चूल्लूभर पानी भी नहीं बह रहा, जिससे किसानों के बीच गहरी चिंता व्याप्त है। किसान मटर, फ्रेंचबीन, टमाटर, अदरक सहित कई सब्ज़ियों की फसल लगा चुके हैं, परंतु सिंचाई के लिए पानी न मिलने से उनकी मेहनत पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। किसान अब बरसात के दौरान बने छोटे-छोटे गड्ढों के पानी से ही अपने खेतों की सिंचाई करने को विवश हैं। नहर में पानी न आने का मुख्य कारण पारस जलाशय का टूटा हुआ गेट और कई स्थानों पर नहर का क्षतिग्रस्त होना बताया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, जलाशय का गेट पिछले डेढ़ वर्ष से खराब पड़ा है, लेकिन विभाग की ओर से अब तक कोई सुधारात्मक कदम नहीं उठाया गया है। स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि सोमवार को किसानों ने पूर्व मुखिया मुकेश उरांव की अगुवाई में श्रमदान कर खुद ही नहर की मरम्मत शुरू कर दी। किसानों ने अपने खर्च से सीमेंट, बालू, चिप्स सहित निर्माण सामग्री जुटाई और टूटे हुए हिस्से को दुरुस्त किया।श्रमदान करने वालों में रतिया उरांव, गणेश उरांव, रंजीत महतो, अरुण महतो, जीतराम उरांव, बिरसा उरांव, छोटन उरांव, बिशून उरांव, अमर गोप, माटू उरांव, रेयाज अख्तर, बबलू उरांव समेत कई किसान शामिल थे।

### सेलिब्रेशन ऑफ फॉक एंड ट्रेडिशन कार्यक्रम में तीन छात्राओं ने लिया हिस्सा

# शिक्षक बच्चों के साथ देश का भी भविष्य निर्माण करते हैं : प्राचार्य

नवीन मेल संवाददाता




**बरही ।** ऑडरें हाउस रांची में चल रहे लोक 2025-सेलिब्रेशन ऑफ फॉक एंड ट्रेडिशन कार्यक्रम में डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के तीन छात्राओं ने हिस्सा लिया है. जिनकी अगुवाई विद्यालय के कला शिक्षक ललन यादव कर रहे हैं. कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्राओं में मिताली कशिश कुमारी, दिलकश कायनात व तनु कुमारी आरोही सोनाक्षी का नाम शामिल हैं. ज्ञात हो कि झारखंड सरकार के पर्यटन व संस्कृति विभाग की निगरानी में 10 से 15 अक्तूबर तक फॉक ऑटोपीडिया फाउंडेशन के तत्वाधान में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है. जिसमें भारत के 11 राज्य सहित नेपाल के भी कई प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया है. इस कार्यक्रम में सोहराय पेंटिंग, जारोपेटिया पेंटिंग, मिथिला पेंटिंग, भोजपुरी पेंटिंग, पिछवाई पेंटिंग जैसे भारत के विभिन्न राज्यों में आयोजित होनेवाले कलाओं की सुंदर प्रदर्शनी लगाई गई है. इस प्रदर्शनी में डीएवी बरही की छात्राओं ने भी कला शिक्षक के मार्गदर्शन में उम्दा कला दिखाने का काम किया है. प्राचार्य डॉ आशुतोष कुमार मैढ ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन से हीं विद्यार्थी भविष्य में अपने क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए बेहतर प्रदर्शन करने में सक्षम हो पाते हैं.

सुप्रभात

विचार प्रवाह

मेरे मन का राज्य अज्ञान से मलिन है। प्रभु! मुझे आशीर्वाद दें कि आत्मानुशासन के सतत प्रयासों की निरन्तर वर्षा द्वारा मैं अपनी आध्यात्मिक लापरवाही के नगरों से, अज्ञान के प्राचीन मलबे को हटाने में समर्थ बन सकूँ। - श्री श्री परमहंस योगानंद

## संपादकीय

# जहरीले कफ सिरप से सीख

छिंदवाड़ा, बैतुल और पंधुरना- ये तीनो मध्य प्रदेश के ग्रामीण जिले हैं, जहां ज्यादातर आदिवासी आबादी रहती है। इन तीनों जिलों में लगभग दो दर्जन बच्चों की मौत हो गई, जिनमें से अधिकतर पांच वर्ष से कम उम्र के थे, जिन्होंने डायथिलीन ग्लाइकॉल (डीईजी) से संदूषित कफ सिरप पिया था। डीईजी का सेवन विशेष रूप से बच्चों में किडनी फेल होने और मृत्यु का कारण बनता है। दवा के रूप में यह जहर मध्य प्रदेश के कई जिलों और राजस्थान में फैल गया, जिससे और भी जानें गईं। इस मामले में अब तक तीन दूषित कफ सिरप की पहचान की गई है: कोल्ड्रिफ, रेस्पिफ्रेश टीआर और रीलाइफ। तमिलनाडु स्थित श्रीसन फार्मास्युटिकल्स, कोल्ड्रिफ का निर्माण करती थी। रेडनेक्स फार्मास्युटिकल्स और शेप फार्मा की भी दूषित सिरप बनाने वाली कंपनियां है। श्रीसन के मालिक को गिरफ्तार कर उसका विनिर्माण लाइसेंस रद्द कर दिया गया है। पिछले कुछ वर्षों में भारत में बने डीईजी-दूषित सिरप के कारण दुनिया भर में कम से कम 150 बच्चों की मौत हो चुकी है। यह त्रासदी एक भयावह श्रृंखला में शामिल हो गई है: 2022 में गांबिया, उसी वर्ष उज्बेकिस्तान, 2020 में जम्मू और कश्मीर, 1998 में गुड़गांव, 1986 में मुंबई। हर बार, यही क्रम दोहराया जाता है—दूषित सिरप, मृत बच्चे, जन आक्रोश, और फिर सन्नाटा। गिरफ्तारियां तो होती हैं, लेकिन भारत में दवाओं को दूषित करने के आरोप में किसी को जेल नहीं भेजा गया है।तमिलनाडु औषधि नियंत्रण विभाग के निरीक्षण में पाया गया कि श्रीसन फार्मास्युटिकल्स ने 364 विनिर्माण नियमों का उल्लंघन किया है, जिनमें से 39 'बहुत गंभीर' और 325 'गंभीर' श्रेणी के हैं। खबरों के मुताबिक, रिपोर्ट में अयोग्य कर्मचारियों, घटिया पानी और उपकरणों, कीट नियंत्रण की कमी, उत्पादन निगरानी प्रक्रियाओं की कमी, और गुणवत्ता आश्वासन या डाटा संग्रह के अभाव का हवाला दिया गया है। सिरप में इस्तेमाल किया गया डीईजी कथित तौर पर बिना बिल के खरीदा गया था, जिससे अवैध स्रोत का संकेत मिलता है। पुलिस ने उस डॉक्टर को भी गिरफ्तार कर लिया है, जिसने यह सिरप लिखा था, हालांकि चिकित्सा समूहों का तर्क है कि असली जिम्मेदारी नियामकों की है, न कि चिकित्सकों की। लेकिन सिर्फ गिरफ्तारी से व्यवस्था ठीक नहीं होगी। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने भारत की नियामक खामियों पर गहरी चिंता व्यक्त की है और चेतावनी दी है कि ऐसी दवाएं अनियमित माध्यमों से दूसरे देशों तक पहुंच सकती हैं। भारत का कहना है कि इनमें से किसी भी सिरप का निर्यात नहीं किया गया, लेकिन अतीत को मिटाया नहीं जा सकता। भारत में डीईजी त्रासदियों में मौतों का भूगोल चिंताजनक रूप से एक जैसा है। पीड़ित लगभग हमेशा गरीब, ग्रामीण और बेजुबान होते हैं। ये सिरप सस्ते होने के कारण गरीब लोग खरीदते हैं। निर्माता अक्सर छोटी कंपनियां होती हैं, जिन पर बहुत कम निगरानी होती है, और ये ढीले खरीद मानकों वाले राज्यों में अपना उत्पाद बेचते हैं। आखिर ये सिरप शहरी भारत के संपन्न इलाकों में क्यों नहीं पहुंचते? जाने-माने जन स्वास्थ्य कार्यकर्ता और 'द ट्रुथ पिल: द मिथ ऑफ ड्रग रेगुलेशन इन इंडिया' के सह-लेखक दिनेश ठाकुर कहते हैं: 'संपन्न लोग शायद इन उत्पादों को उन दुकानों से खरीदते हैं, जहां छोटी और मध्यम दवा कंपनियों द्वारा बनाए गए कफ सिरप नहीं होते। बड़े शहरों की दवा दुकानों में बड़ी दवा कंपनियों द्वारा बनाए गए कफ सिरप मिलते हैं, जो एक हद तक औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 की अनुसूची एम का पालन करती हैं।'

**डीईजी का सेवन विशेष रूप से बच्चों में किडनी फेल होने और मृत्यु का कारण बनता है। दवा के रूप में यह जहर मध्य प्रदेश के कई जिलों और राजस्थान में फैल गया, जिससे और भी जानें गईं।**

### 14 अक्टूबर : विश्व मानक दिवस

# मानकों का महत्व : डिजिटल युग से लेकर पर्यावरण संरक्षण तक



विश्व मानक दिवस, जो हर साल 14 अक्टूबर को मनाया जाता है, हमारे जीवन में व्यवस्था, सुरक्षा और विश्वास की नींव को रेखांकित करता है। यह महज़ एक औपचारिक उत्सव नहीं, बल्कि उन अदृश्य मानकों का सम्मान है जो आधुनिक समाज को एकजुट और समृद्ध बनाते हैं। मानक वे मज़बूत धागे हैं जो उद्योग, व्यापार, उपभोक्ता और पर्यावरण को एक सामंजस्यपूर्ण ढांचे में पिरोते हैं। ये तकनीकी दिशानिर्देशों से कहीं बढ़कर हैं; ये विश्वास, समानता और स्थिरता का आधार हैं। यह दिन हमें याद दिलाता है कि मानकों के अभाव में हमारा जीवन अव्यवस्था और असुरक्षा के भंवर में खो सकता है। चाहे बात रोज़मर्रा के उपकरणों की हो, स्वास्थ्य सेवाओं की, या पर्यावरण संरक्षण की, मानक हर कदम पर हमारा साथ देते हैं, हमें एक सुरक्षित, सुगम और टिकाऊ भविष्य की ओर ले जाते हैं। अंतर्राष्ट्रीय मानक दिवस, जो प्रत्येक वर्ष 14 अक्टूबर को मनाया जाता है, की शुरुआत 1970 में अंतर्राष्ट्रीय मानक संगठन (आईएसओ) द्वारा मानकों के वैश्विक महत्व को रेखांकित करने के लिए की गई थी। 1947 में स्थापित आईएसओ, आज विश्व स्तर पर मानकों के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाता है। इसके साथ ही अंतर्राष्ट्रीय इलेक्ट्रोटेक्निकल कमीशन (आईईसी) और अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (आईटीयू) जैसे संगठन भी तकनीकी नवाचार, वैश्विक व्यापार, उपभोक्ता सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने वाले मानकों के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। ये मानक न केवल उद्योगों और समाज के लिए एक साझा मापदंड स्थापित करते हैं, बल्कि एक सुरक्षित, टिकाऊ और समृद्ध विश्व की नींव भी रखते हैं। अंतर्राष्ट्रीय मानक दिवस 2025 की थीम "एक बेहतर विश्व के लिए हमारा साझा दृष्टिकोण" इस बात को रेखांकित करती है कि मानक केवल तकनीकी दिशानिर्देश नहीं, बल्कि एक ऐसी साझा दृष्टि हैं जो हमें नवाचार, समावेशिता और स्थिरता के माध्यम से एक बेहतर भविष्य की ओर ले जाती है। मानकों का प्रभाव हमारे दैनिक जीवन में सर्वव्यापी है, फिर भी हम इसे अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं। सुबह जब आप अपने स्मार्टफोन को चार्ज करते हैं, तो वह चार्जर आईएसओ और आईईसी जैसे वैश्विक मानकों के अनुरूप होता है, जो न केवल आपके डिवाइस की सुरक्षा और कार्यक्षमता सुनिश्चित करता है, बल्कि आपको जोखिमों से भी बचाता है। इसी तरह, आपके घर की बिजली व्यवस्था, आपके द्वारा उपभोग किया जाने वाला भोजन, या आपके द्वारा संचालित वाहन—सभी अंतर्राष्ट्रीय मानकों की बदौलत सुरक्षित, विश्वसनीय और कुशल हैं। इन मानकों के अभाव में तकनीकी खराबी से लेकर उपभोक्ताओं की जान को खतरा तक बढ़ सकता है। उदाहरण के लिए, आईएसओ 22000 जैसे खाद्य सुरक्षा मानक यह गारंटी देते हैं कि आपका भोजन न केवल स्वच्छ है, बल्कि स्वास्थ्य के लिए पूरी तरह सुरक्षित भी है। मानकों का महत्व केवल उपभोक्ताओं तक सीमित नहीं है, ये वैश्विक व्यापार, अर्थव्यवस्था और सामाजिक कल्याण के लिए आधारशिला हैं। मानक अंतरराष्ट्रीय व्यापार को सरल और विश्वसनीय बनाते हैं, क्योंकि ये विभिन्न देशों के उत्पादों और सेवाओं की गुणवत्ता को एकसमान करते हैं। उदाहरणस्वरूप, आईएसओ 9001 गुणवत्ता प्रबंधन मानक विश्व भर में लाखों संगठनों द्वारा अपनाया गया है, जो उनके उत्पादों और सेवाओं को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में विश्वसनीय बनाता है। इसी तरह, आईएसओ 14001 पर्यावरण प्रबंधन मानक कंपनियों को पर्यावरणीय प्रभाव कम करने और सतत विकास को बढ़ावा देने में सक्षम बनाता है। ये मानक न केवल पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देते हैं, बल्कि उपभोक्ताओं और निवेशकों के बीच संगठनों की साख को भी मजबूत करते हैं। मानकों के अभाव में, वैश्विक व्यापार में अविश्वास और अराजकता फैल सकती है, जो आर्थिक प्रगति को ठप कर सकती है। डिजिटल युग में मानकों की प्रासंगिकता और भी गहन हो गई है। साइबर सुरक्षा, डेटा गोपनीयता और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) जैसे क्षेत्रों में मानक पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हैं। उदाहरण के लिए, आईएसओ/आईईसी 27001 सूचना सुरक्षा मानक संगठनों को डेटा उल्लंघनों और साइबर खतरों से बचाता है। आज, जब डेटा हमारी सबसे मूल्यवान संपत्ति है, ये मानक न केवल संगठनों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं, बल्कि उपभोक्ताओं का भरोसा भी कायम रखते हैं। इसके अतिरिक्त, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) और स्मार्ट सिटी जैसी तकनीकों में मानक उपकरणों और प्रणालियों के बीच तालमेल सुनिश्चित करते हैं। बिना मानकों के, तकनीकी प्रगति अव्यवस्थित और असुरक्षित हो सकती है, जिससे नवाचार की गति मंद पड़ सकती है। मानकों का सामाजिक और पर्यावरणीय प्रभाव भी गहरा है। आईएसओ 50001 जैसे ऊर्जा दक्षता मानक ऊर्जा खपत और कार्बन उत्सर्जन को कम करके जलवायु परिवर्तन से लड़ने में योगदान देते हैं। उदाहरण के लिए, ऊर्जा-कुशल उपकरण और भवन उपभोक्ताओं के बिजली बिल को कम करते हैं और पर्यावरणीय बोझ को हल्का करते हैं। इसी तरह, आईएसओ 13485 जैसे चिकित्सा उपकरण मानक मरीजों को सुरक्षित और प्रभावी उपचार सुनिश्चित करते हैं। ये मानक न केवल तकनीकी उत्कृष्टता को बढ़ावा देते हैं, बल्कि सामाजिक समानता और कल्याण को भी प्रोत्साहित करते हैं। संक्षेप में, मानक न केवल प्रगति के प्रहरी हैं, बल्कि एक सुरक्षित, टिकाऊ और समावेशी भविष्य के निर्माणकर्ता भी हैं। विश्व मानक दिवस हमें मानकों के गतिशील और निरंतर विकसित होने वाले स्वरूप की याद दिलाता है। तकनीकी नवाचार और सामाजिक परिवर्तनों के साथ तालमेल बिठाने के लिए मानकों को समय के साथ अपडेट करना अनिवार्य है। उदाहरण के लिए, जलवायु परिवर्तन और डिजिटल परिवर्तन जैसी वैश्विक चुनौतियों ने नए मानकों के निर्माण को प्रेरित किया है। आईएसओ जैसे संगठन उभरती आवश्यकताओं को संबोधित करने के लिए नवीन मानक विकसित करते हैं, जिसमें तकनीकी विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं, उद्योगपतियों और उपभोक्ताओं का सहयोग शामिल होता है। विश्व मानक दिवस इस सामूहिक प्रयास को प्रोत्साहित करता है और सभी हितधारकों को मानकों के निर्माण व कार्यान्वयन में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करता है। विश्व मानक दिवस यह स्पष्ट करता है कि मानक महज तकनीकी दस्तावेज नहीं, बल्कि हमारे समाज की रीढ़ हैं। वे हमें सुरक्षा, विश्वास और प्रगति का आधार प्रदान करते हैं। यह दिन हमें याद दिलाता है कि मानकों का पालन करना केवल एक दायित्व नहीं, बल्कि एक अनमोल अवसर है—जो हमें बेहतर उत्पाद, उन्नत सेवाएँ और एक समृद्ध भविष्य की ओर ले जाता है। मानकों को अपनाकर हम न केवल अपने जीवन को सरल और सुरक्षित बनाते हैं, बल्कि एक ऐसी दुनिया का निर्माण करते हैं जो समावेशी, टिकाऊ और समृद्ध हो। 14 अक्टूबर का यह दिन हमें प्रेरणा देता है कि हम मानकों को न केवल अपनाएँ, बल्कि उनके विकास में योगदान दें और उन्हें अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाएं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आज की बात



प्रो. आरके जैन

# झूमता लोहरदगा बना उड़ता लोहरदगा

झारखंड का एक छोटा सा जिला है लोहरदगा सात प्रखंडों वाला यह जिला पहले जमाने में लोहरदगा एक अत्यंत ही शांतिप्रिय और नशा से कोसों दूर जिला के नाम से जाना जाता था। लोग निर्भीक होकर आराम से अपनी जिंदगी बसर करते थें। चोरी, हत्या, बलात्कार, दुर्घटना के आंकड़े बहुत ही कम होते थें लोग चैन से आपस में प्रेम पूर्वक रहते थें परंतु इधर कुछ दशक में लोहरदगा जिला अशांत है जिसमें से एक प्रमुख कारण है लोहरदगा का नशे के गिरफ्त में आना । जिले के आंकड़ों पर ध्यान दें तो लोहरदगा जिले में नशेड़ियों की संख्या तीव्र गति से बढ़ी है जिसके मूल में लोहरदगा जिले में नशे का व्यापार का तीव्र गति से फलना-फूलना प्रमुख कारण है। जिले का एक बहुत बड़ा युवावर्ग का हिस्सा किसी न किसी नशे के दलदल में फंसता जा रहा है। लोहरदगा के प्रायः सभी सातों प्रखंड आज नशा के गिरफ्त से अछूता नहीं है । शहरी क्षेत्र के अलावे ग्रामीण क्षेत्रों में भी युवावर्ग आज नशे के चंगुल में फंसते जा रहे हैं। सार्वजनिक स्थानों, सुनसान जगहों, पुराने अर्धनिर्मित भवनों सरकारी खंडर बने भवनों, बगीचों, पार्कों और यहां तक कि शैक्षणिक स्थानों पर भी शाम होते ही नशेड़ियों के जमघट लग जाते हैं। ब्राउन शुगर, चरस, अफीम, गांजा, हीरोइन, डेंड्राइट आदि सभी प्रकार का नशा आज लोहरदगा में निर्बाध रूप से इस्तेमाल किए जा रहे हैं जिसमें युवावर्ग के अलावे बूढ़े , बच्चें और छात्र वर्ग भी बिना किसी डर - भय के नशा में तल्लीन हैं। जिसको देखकर एक पुरानी फिल्म का गाना 'दम मारो दम' की याद अन्यास आ जाती है। नशा ही सभी अपराध का जड़ होता है नशे के कारण ही हत्या, चोरी, बलात्कार आदि अपराध होते हैं। नशा सभी प्रकार से नाश करने वाला होता है जिससे परिवार के परिवार उजड़ जाते हैं। इसके साथ ही नशा करने वाले व्यक्ति समाज में अपना प्रतिष्ठा खो जाते हैं और लोग उन्हें तिरस्कृत भाव से देखते हैं। आज का युवावर्ग देश का भविष्य है उन्हीं के हाथों पर देश की बागडोर है जिसे देश को आगे ले जाना है इसलिए देश को झूमता और उड़ता युवा नहीं चाहिए बल्कि ऐसे युवा की जरूरत है जो अपने योग्यता और शक्ति के बल पर देश को तरक्की के बुलंदी पर ले जाए और अपने देश , समाज और परिवार उसके इस उड़ान पर गौरवान्वित महसूस करे।

''उठो , जागो ! नशे को त्यागो !!
देश आज तुम्हें देख रहा है..
तरक्की की राह चल पड़ो ..
अपना भविष्य संवारों !!!''

आपकी बात



हिमांशु कुमार

# एआई की लहर में खत्म होती नौकरियां तकनीक वरदान या विनाश?

देश की बात



सनत जैन

अमेरिका में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की तेज रफ्तार ने टेक उद्योग की तस्वीर ही बदल कर रख दी है। बड़ी आईटी कंपनियाँ अब ऐसे दौर में पहुँच चुकी हैं, जहाँ मशीनें इंसानों से कहीं ज़्यादा तेज़, सटीक और सस्ती साबित हो रही हैं। जो प्रोजेक्ट पहले किसी इंजीनियर को दो साल पूरे करने में लगते थे, अब एआई से उन्हें महज़ 20-30 दिनों में पूरा हो रहे हैं। कंपनियों के लिए यह तकनीकी एक क्रांति की तरह है। यह एक वरदान भी है, जो सोचते हैं उसे कुछ ही समय में पूरा कर लेते हैं। उत्पादकता बढ़ी है, लागत घट गई है। मानव संसाधन जिसमें इंजीनियरों और कर्मचारियों की एक बड़ी फौज काम करती थी, उनके लिए यह बदलाव किसी डरावने सपने के साकार होने की तरह है। अमेरिका में इसका असर दिखना शुरू हो गया है। अमेरिका की दिग्गज कंपनियाँ मानव संसाधन का "री-स्ट्रक्चरिंग" कर "एआई एडॉप्शन" के नाम पर कर्मचारियों से इस्तीफा लेकर उन्हें नौकरी से हटा रही हैं। जिनकी सेवा अवधि 10 साल से कम है। उन्हें तीन महीने का वेतन देकर बाहर का रास्ता दिखाया जा रहा है। वहीं, पुराने कर्मचारियों को 18 महीने का वेतन देकर बाहर का रास्ता दिखाया जा रहा है। यह एक तरह की गुपचुप छंटनी है। जिसमें कंपनियाँ 'टर्मिनेशन' शब्द से बचते हुए बदलाव का नाम देकर हजारों नौकरियाँ को खत्म कर रही हैं। इससे अमेरिका जैसे देश में जहां एच-1वीजा लेकर जो लाखों लोग काम कर रहे हैं, उनके सामने अस्तित्व का संकट खड़ा हो गया है। अमेरिका के वर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जिस तरह से वीजा पर शुल्क लगा रहे हैं, बार-बार नियम बदल रहे हैं, उसे अमेरिका में रह रहे प्रवासी भारतीयों के लिए एक तरफ कुआं और दूसरी तरफ खाई बताया जा रहा है। यह लहर अब भारत पहुँच चुकी है। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज़ (टीसीएस) इन्फोसिस, विप्रो और एक्सेंचर जैसी कंपनियाँ भी "एआई स्किलिंग" के नाम पर कर्मचारियों की छंटनी दबे-छुपे तरीके से कर रही हैं। टीसीएस में इंजीनियरों को एआई और मशीन लर्निंग की ट्रेनिंग दी जा रही है, जो इस नए दौर की परीक्षा में पास नहीं होते हैं, उन्हें कंपनी से बाहर निकालने की तैयारी तरह-तरह से की जा रही है। जो कर्मचारी वर्तमान तकनीकी पर अपेक्षित परिणाम नहीं दे पा रहे हैं, उन्हें सुनयोजित तरीके से कंपनी से बाहर निकालने के लिए तरह-तरह के प्रयास शुरू हो गए हैं। भारत में भी जल्द ही बड़े पैमाने पर इसका असर दिखना शुरू हो जाएगा। सरकार और दूसरे संगठनों द्वारा लगातार एआई को प्रमोट किया जा रहा है। जैसे-जैसे एआई में काम बढ़ता जाएगा, मानव संसाधन कम होता चला जाएगा। इसका अगला कदम इस्तीफा और छटनी के रूप में भारत में भी शुरू हो चुका है। कर्मचारियों के लिए यह स्थिति बेहद चुनौतीपूर्ण है। सोशल मीडिया पर ऐसे कई उदाहरण सामने आ चुके हैं। जहाँ बिना किसी स्पष्ट कारण के इंजीनियरों एवं अन्य कर्मचारियों को अचानक नौकरी से निकाल दिया गया है। यह एक व्यक्ति या एक परिवार के लिए संकट नहीं है, बल्कि एक व्यापक सामाजिक और आर्थिक चुनौती बनकर सामने आ गया है। बेंगलुरु, पुणे, चेन्नई और हैदराबाद जैसे आईटी हब में बड़े पैमाने पर हजारों लोगों की नौकरियाँ जाती दिख रही हैं। तो उसका असर रियल एस्टेट, परिवहन, हॉस्पिटैलिटी और स्थानीय व्यवसायों तक पहुंचेगा जिसके कारण लाखों लोग बेरोजगार होंगे। यह सच है, एआई के ज़रिए कंपनियाँ अधिक कुशल हो रही हैं। यह भी उतना ही सच है, इससे मानव श्रम का महत्व तेजी से घट रहा है। आने वाले वर्षों में गिने चुने वही इंजीनियर और कर्मचारी मैदान में टिक पाएँगे जो खुद को एआई, मशीन लर्निंग, डेटा साइंस और रोबोटिक्स जैसी तकनीकों से लैस करेंगे। अब डिग्री और पिछले वर्षों के अनुभव का कोई महत्व नहीं रह गया है। सब काम सॉफ्टवेयर और मशीन करने लगी हैं। इसका असर सारी दुनिया में पड़ना शुरू हो गया है। भारत भी इससे अछूता नहीं है। एआई की अपडेटेड स्किल ही करियर और नौकरी की गारंटी होगी। एआई अब केवल एक तकनीक नहीं, बल्कि उद्योगों कृषि कार्यों एवं रोजगार के भविष्य में निर्णायक स्थिति बन गई है। अमेरिका से उठी छंटनी की लहर भारत तक पहुँच चुकी है। 'सुरक्षित' मानी जाने वाली आईटी नौकरियाँ भी अब सुरक्षित नहीं हैं। आने वाले समय में तकनीकी ही तय करेगी, कौन आगे बढ़ेगा और कौन तकनीकी दौड़ में पीछे छूटकर बेरोजगार हो जाएगा। एआई युग की यही सच्चाई है। जो खुद को बदलना सीखेगा, वही अपने भविष्य को सुरक्षित रख पाएगा। वैसे जिस तरह से मानव संसाधन की जगह तकनीकी और मशीने लेती चली जा रही हैं, इसका असर दुनिया के सभी देशों में देखने को मिलेगा। करोड़ों लोगों को काम नहीं मिलेगा। ऐसी स्थिति में इतनी बड़ी जनसंख्या को किस तरह से रोजगार से जोड़कर रखा जा सकता है? तकनीकी के इस दौर में एक नई चुनौती सामाजिक, शासन-प्रशासन के सामने वैश्विक स्तर पर खड़ी होती चली जा रही है। इसका जवाब किसी के पास नहीं है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

जहां भरोसा कुछ बढ़ा, गए वहीं से ख्वाब।
हिंसा, झूठ, फरेब के, शहर बसे हैं सा'ब।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# आवश्यक है समाज के बाहरी स्वरुप का निर्धारण

समाज का बाहरी स्वरुप होना नितान्त आवश्यक है और प्रत्येक समाज का यह स्वयं करणीय कर्म अर्थात कार्य है कि वह अपने लक्षण (स्वरूप) का निर्धारण स्वयं करे, जो देखने वालों को दिखाई दे। उदाहरण के रूप में आर्य सनातन वैदिक धर्मावलम्बी हिन्दुओं में बहुत पुरातन काल में यह सिर पर चोटी (शिखा) धारण करना, तिलक लगाना, धोती पहनना और नाम विशेष द्वारा प्रकट किया जाता था, किन्तु ज्यों-ज्यों पाश्चात्य प्रभाव बढ़ता जा रहा है त्यों-त्यों बाहरी लक्षण विलुप्त होते जा रहे हैं। चोटी तो अब लगभग विलुप्त ही हो चुकी है। यज्ञोपवीत भी बहुत ही कम लोग धारण कर रहे हैं। तिलाकादि भी बहुत कम लोग लगाया करते हैं। पहनावे में धोती का स्थान पैंट ने ले लिया है। कोट भी खूब पहना जाता है और टाई के बिना तो अब काम ही नहीं चलता। यद्यपि इसमें किसी प्रकार का कोई दोष नहीं है तदपि जातीय अर्थात राष्ट्रीय स्वरूप की आवश्यकता तो है ही। एक समय ऐसा भी था जब यदि किसी की चोटी को छल अथवा बल से काट दिया जाता था तो यह माना जाता था कि उसकी वह जातीयता समाप्त हो गई है। कहीं-कहीं नाम बदल जाने से जातीयता बदल जाना मान लिया जाता था। यदि किसी ने रामचन्द्र के स्थान पर अपना नाम रहमान अथवा रहीमुद्दीन रख लेता था तो यह समझ लिया जाता था कि वह हिन्दू से मुसलमान बन गया है। इसी प्रकार कोई करीम से अपना नाम कृष्टो रख लेता था तो समझा जाता था कि वह मुसलमान से ईसाई हो गया है। जो कोई पुनः अपने पूर्व समुदाय में वापस आना चाहता था तो उसको पूर्व के सब लक्षण स्वीकार करने पड़ते थे, परन्तु अब शनैः-शनैः नाम के अतिरिक्त अन्य बाहरी सभी लक्षण विलुप्त होते जा रहे हैं। उनको अब अनावश्यक समझा जाने लगा है। ऐसी परिस्थिति में यह प्रश्न उत्पन्न होता है कि आर्य सनातन वैदिक धर्मावलंबी हिन्दू समाज के घटकों का भी कोई बाहरी लक्षण होना चाहिए कि नहीं? ये लक्षण मान्यताओं से पृथक है, और मान्यताओं में ऐसा कुछ भी नहीं जिसका कि संबंध जातीय स्वरुप से हो। यह एक अति जटिल प्रश्न है कि लगभग दो सौ राजनीतिक मानव समुदायों के लिए इतने बाहरी लक्षण क्यों हैं और क्या वे हो भी सकते हैं? और अगर मान लिया जाये कि हो सकते हैं, तो क्या किसी प्रकार का कोई लाभ किसी जाति को होगा? जब संसार में यातायात के साधन सीमित अथवा नगण्य थे तब इन लक्षणों का औचित्य संभव प्रतीत होता था, परन्तु अब तो यातायात के साधन इतने विकसित, विस्तृत और सरल हो गये हैं कि इससे अनेक समुदायों के बाह्य लक्षण विलुप्त होते जा रहे हैं। विश्व के अधिकांश देशों में अब कमीज, पतलून अर्थात शर्ट-पैंट, कोट, टाई और जूते साधारण परिधान माना जाने लगा है। अब वस्त्रों द्वारा जातीयता का स्वरुप विलुप्त हो गया है। कुछ इस्लामी देशों को छोड़कर समस्त संसार में एकसमान वस्त्र धारण किए जाने लगे हैं। इससे यह स्पष्ट है कि अब जातीय पहरावा लक्षण नहीं रहा। शिखा अर्थात चोटी, जनेऊ और तिलक भी विलुप्त हो गए हैं। भाषा का ज्ञान अब देशगत जातियों का रह गया है,परन्तु सांस्कृतिक समाजों में यह भी विलुप्त होता जा रहा है। ऐसे में प्रश्न खड़ा होता है कि देश का बहुसंख्यक समाज इस सब में कहां खड़ा है? क्या देश के बहुसंख्यक समाज के लिए बाहरी लक्षणों की आवश्यकता है? क्यों कोई हिन्दू विशेष प्रकार के वस्त्र पहने अथवा कोई अन्य बाहरी लक्षण रखे और यदि रखे तो क्या रखे? ध्यातव्य है कि हिन्दू समाज केवल एक स्थानीय समुदाय नहीं वरन एक वैश्विक समाज है। यह तो ठीक है कि हिन्दू समुदाय का भारत देश से विशेष संबंध है और हिन्दू समुदाय के स्वभाव में भारतवर्ष के प्रति विशेष ममत्व भी है, परन्तु यह विषय तो यहाँ सरकार का है। इसी विषय पर तो असम और फिर देश के कई भागों में विवाद चल रहे हैं और गृहयुद्ध की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। यह असम के निवासियों की पहचान का विवाद है, यह असम के निवासियों की पहचान की लड़ाई है। यह विवाद हिन्दू अथवा अहिन्दू का नहीं है। यह लड़ाई असम की अस्मिता और पहचान की लड़ाई है। भारतीय अर्थात हिन्दू समाज के लक्षण और मान्यताओं से पृथक हिन्दू समाज की पहचान के लिए किसी बाहरी लक्षण की नितान्त आवश्यकता है और कोई ऐसा बाहरी लक्षण होना ही चाहिए जिसका मान्यताओं के साथ अटूट संबंध हो। वह संबंध भाषा का है, जो उन मान्यताओं को स्वीकार करते हैं, और जहां तक विदित हो पाया है, उनका संबंध संस्कृत भाषा से है। इन मान्यताओं को स्वीकार करने वालों का विचार करने का माध्यम सदा संस्कृत भाषा ही रही है और आज भी, संसार की सांझी भाषा अंग्रेजी होते हुए भी, भारतीय अर्थात हिन्दू समाज का सम्पूर्ण साहित्य संस्कृत भाषा में ही है। विद्वानों का मत है कि हिन्दू समाज की मान्यताओं की व्याख्या जिस विशेषता से संस्कृत भाषा में व्यक्त की जाती है वह किसी अन्य भाषा में व्यक्त नहीं की जा सकती। इस प्रकार यह निर्विवाद सत्य है कि इन मान्यताओं के मानने वालों का ऐतिहासिक संबंध संस्कृत भाषा के साहित्य से ही है। अतः भारतीय अर्थात हिन्दू समाज का श्रेष्ठ बाहरी लक्षण इस भाषा के अतिरिक्त अन्य किसी भाषा में नहीं हो सकता और प्रसन्नता की बात है कि इसका एक चिह्न तो अभी भी भारतीय समाज में विद्यमान है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



अशोक 'प्रवृद्ध'

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## छात्रों संग बेंच पर बैठे शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, 'विकसित भारत बिल्डाथॉन' शुरू



**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान सोमवार को कुछ समय के लिए एक 'छात्र' बन गए। ऐसा तब हुआ, जब सोमवार को उन्होंने दिल्ली छावनी स्थित केंद्रीय विद्यालय संख्या-2 का दौरा किया। यह दौरा स्कूल में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान हुआ, जिसमें केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने बच्चों के साथ बैठकर शिक्षा की बारीकियों को नजदीक से अनुभव किया। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को 'विकसित भारत बिल्डाथॉन 2025' का शुभारंभ भी किया। इस बिल्डाथॉन में देश भर के 25 लाख से अधिक छात्र शामिल हैं। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान कक्षा 1 के छात्रों के साथ बेंच पर बैठ गए और उनके साथ मिलकर कक्षा में पढ़ाया जा रहा अंकों का पाठ देखा-समझा।

## करूर भगदड़ : सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई जांच के दिए आदेश, पूर्व न्यायाधीश करेंगे जांच की निगरानी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को करूर भगदड़ घटना को लेकर सीबीआई जांच का आदेश दिया। यह एक दुखद घटना थी, जिसमें 41 लोगों की जान चली गई और 100 से ज्यादा घायल हो गए थे। अंतरिम आदेश में, न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने पूर्व सर्वोच्च न्यायालय न्यायाधीश न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी को सीबीआई जांच की निगरानी के लिए नियुक्त किया। शीर्ष अदालत ने आगे निर्देश दिया कि न्यायमूर्ति रस्तोगी के अलावा, तमिलनाडु के दो आईपीएस अधिकारी (जो राज्य के मूल निवासी नहीं हैं) भी निगरानी पैनल का हिस्सा होंगे। न्यायमूर्ति माहेश्वरी की अध्यक्षता वाली पीठ मद्रास उच्च न्यायालय द्वारा इस घटना की विशेष जांच दल (एसआईटी) के गठन के निर्देश को चुनौती देने वाली और स्वतंत्र जांच की मांग करने वाली याचिकाओं पर विचार कर रही थी। अभिनेता-राजनेता विजय की पार्टी, तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) ने जहां सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में जांच की मांग की, वहीं भाजपा नेता उमा आनंदन सहित कई अन्य केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच की मांग कर रहे थे। इससे पहले, मद्रास हाईकोर्ट ने इस दुखद घटना की जांच के लिए आईपीएस अधिकारी असरा गर्ग के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया था, जबकि सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका पर आगे कार्यवाही करने से इनकार कर दिया था।

3 सितंबर को पारित एक आदेश में, मद्रास उच्च न्यायालय ने इस घटना के बाद टीवीके के राजनीतिक नेतृत्व की आलोचना की थी। न्यायमूर्ति एन सेंथिलकुमार की एकल पीठ ने कहा, "आश्चर्यजनक रूप से, कार्यक्रम आयोजक, जिनमें राजनीतिक दल के नेता भी शामिल थे, अपने कार्यकर्ताओं, अनुयायियों और प्रशंसकों को छोड़कर कार्यक्रम स्थल से फरार हो गए। न तो कोई पश्चाताप है, न ही कोई जिम्मेदारी, और न ही खेद की अभिव्यक्ति।"

मद्रास उच्च न्यायालय ने "दुर्घटना के तुरंत बाद घटनास्थल से भाग जाने के लिए विजय, कार्यक्रम के आयोजकों और राजनीतिक दल के सदस्यों के आचरण की कड़ी निंदा की।"

अदालत ने आगे कहा, "ऐसी पार्टी का यह दायित्व है कि वह भीड़ से उत्पन्न भगदड़ जैसी स्थिति में फंसे लोगों को बचाने और उनकी सहायता करने के लिए तत्काल कदम उठाती, जिसमें कई बच्चों, महिलाओं और कई युवाओं की मृत्यु हो गई।"

## ममता के बाद सांसद सौगत रॉय ने कहा
## पुलिस हर जगह गश्त नहीं कर सकती

**एजेंसी। कोलकाता**




दुर्गापुर सामूहिक बलात्कार मामले पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की टिप्पणी पर विपक्ष के बढ़ते हमलों के बीच, तृणमूल कांग्रेस के एक अन्य नेता ने विवादास्पद टिप्पणी करते हुए कहा है कि महिलाओं को देर रात बाहर नहीं निकलना चाहिए और पुलिस हर जगह सुरक्षा प्रदान नहीं कर सकती। टीएमसी सांसद सौगत रॉय ने मेडिकल कॉलेज की छात्रा के साथ हुए बलात्कार पर बोलते हुए कहा कि पुलिस घटना सामने आने के बाद ही कार्रवाई कर सकती है। उन्होंने महिलाओं से सतर्क रहने का भी आग्रह किया। यह टिप्पणी ओडिशा के जलेश्वर की रहने वाली एक मेडिकल कॉलेज की छात्रा के साथ शुक्रवार रात दुर्गापुर स्थित उसके संस्थान के परिसर के बाहर कुछ लोगों द्वारा कथित तौर पर बलात्कार किए जाने के दो दिन बाद आई है। टीएमसी सांसद ने एएनआई को बताया बंगाल में ऐसे मामले दुर्लभ हैं। बंगाल में महिलाओं की सुरक्षा किसी भी अन्य राज्य से बेहतर है... लेकिन महिलाओं को देर रात कॉलेज नहीं छोड़ना चाहिए क्योंकि पुलिस हर जगह गश्त नहीं कर सकती। उन्होंने आगे कहा, हर इंच पर सुरक्षा मुहैया नहीं कराई जा सकती। हर सड़क पर पुलिस तैनात नहीं की जा सकती। घटना सामने आने के बाद पुलिस कार्रवाई कर सकती है... इसलिए महिलाओं को भी सतर्क रहना चाहिए। इस घटना पर आक्रोश उस समय राजनीतिक तूफान में बदल गया जब पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने सवाल उठाया कि कथित दुर्गापुर मेडिकल कॉलेज सामूहिक बलात्कार मामले की पीड़िता रात 12:30 बजे कैसे बाहर थी। पश्चिम बंगाल में मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने एक निजी कॉलेज की मेडिकल छात्रा के साथ कथित सामूहिक बलात्कार की घटना के विरोध में सोमवार को पश्चिम बर्धमान जिले के दुर्गापुर में छह दिवसीय धरना शुरू किया। राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने सिटी सेंटर इलाके में धरने की शुरुआत की। भाजपा नेता अधिकारी ने धरना मंच से तीखा हमला बोलते हुए कहा कि हम ओडिशा की अपनी बहन की रक्षा करने में नाकाम रहे और इस राज्य की मुख्यमंत्री महिलाओं से अपनी सुरक्षा खुद करने को कह रही हैं।

## सरकार ने शुरू किया 'कर्मचारी नामांकन अभियान'

**नई दिल्ली।** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने सोमवार को 'कर्मचारी नामांकन अभियान, 2025' (ईईसी 2025) की घोषणा की है, यह ईपीएफओ के माध्यम से बड़ी संख्या में कर्मचारियों को संगठित सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाने की एक महत्वपूर्ण पहल है।

आधिकारिक बयान में कहा गया कि यह योजना 1 नवंबर, 2025 से 30 अप्रैल, 2026 तक लागू रहेगी। यह योजना, 2009 से 2016 तक छूटे हुए पात्र कर्मचारियों के नामांकन के लिए वर्ष 2017 में चलाए गए इसी तरह के सफल नामांकन अभियान के बाद, मंत्रालय का एक सतत प्रयास है। इस अभियान का उद्देश्य कर्मचारी भविष्य निधि एवं विविध प्रावधान अधिनियम, 1952 के अंतर्गत पहले से पंजीकृत और नए आने वाले नियोक्ताओं, दोनों को स्वेच्छा से पात्र कर्मचारियों की घोषणा और नामांकन के लिए प्रोत्साहित करना है। मंत्रालय ने कहा, "नियोक्ता उन सभी मौजूदा कर्मचारियों का नामांकन कर सकते हैं, जो 1 जुलाई, 2017 और 31 अक्टूबर, 2025 के बीच प्रतिष्ठान में शामिल हुए हैं।

### पीएम का 'मिशन बिहार', कल बूथ कार्यकर्ताओं को देंगे जीत का मंत्र
## 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' अभियान से जुड़ें : मोदी



- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 अक्टूबर को 'मेरा बूथ सबसे मज़बूत' अभियान के तहत बिहार के बूथ-स्तरीय भाजपा कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद करेंगे।
- संवाद के दौरान प्रधानमंत्री कार्यकर्ताओं से सुझाव भी मांगेंगे ताकि संगठन को जमीनी स्तर पर और मज़बूत किया जा सके।
- मोदी ने एक्स पर लिखा – "बिहार में भाजपा-एनडीए की जीत के लिए हमारे समर्पित कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा से जुट गए हैं। ऐसे कार्यकर्ताओं से संवाद हमेशा नई प्रेरणा देता है।"

**एजेंसी। नई दिल्ली**

नरेंद्र मोदी 15 अक्टूबर को 'मेरा बूथ सबसे मज़बूत' अभियान के तहत बिहार के बूथ-स्तरीय पार्टी कार्यकर्ताओं से बातचीत करेंगे और आगामी विधानसभा चुनावों से पहले उनके सुझाव मांगेंगे। एक्स पर एक पोस्ट में, प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा कि बिहार में भाजपा-एनडीए की जीत के लिए हमारे समर्पित कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा से जुट गए हैं। ऐसे समर्पित कार्यकर्ताओं से बातचीत करने से हमेशा नई प्रेरणा मिलती है। 15 अक्टूबर को मुझे ऐसे कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद करने का अवसर मिलेगा।

भागीदारी का आह्वान करते हुए, प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि मेरा अनुरोध है... आप सभी 'मेरा बूथ सबसे मज़बूत' अभियान से जुड़ें और आज ही अपने सुझाव साझा करें। मैं उनके सुझावों के आधार पर कुछ चुनिंदा कार्यकर्ताओं से सीधे चर्चा भी करूँगा। 'मेरा बूथ सबसे मज़बूत' पहल एक दीर्घकालिक, संवादात्मक आउटरीच कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य जमीनी स्तर पर पार्टी के कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ जुड़ाव को मज़बूत करना है। बिहार विधानसभा चुनाव सभी 243 सीटों के लिए 6 और 11 नवंबर को होने हैं, जबकि मतगणना 14 नवंबर को होगी। कई दौर की चर्चाओं के बाद, सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन - जिसमें जनता दल (यूनाइटेड), भारतीय जनता पार्टी , लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) और राष्ट्रीय लोक मोर्चा शामिल हैं - रविवार को अपने सीट बंटवारे के फॉर्मूले की घोषणा कर सकता है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा सहित गठबंधन के वरिष्ठ नेताओं ने सीट बंटवारे और चुनाव के लिए उम्मीदवारों के चयन को अंतिम रूप देने के लिए नई दिल्ली में व्यापक बैठकें की हैं।

## राजनीति में आय ठप फिल्मों में वापसी मजबूरी : केंद्रीय मंत्री

**नई दिल्ली।** आर्थिक तंगी का हवाला देते हुए, केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी ने राजनीति से दूर होकर अपने अभिनय करियर में वापसी की इच्छा जताई है। अभिनेता से राजनेता बने गोपी ने केरल के कन्नूर में एक कार्यक्रम में बोलते हुए कहा कि मंत्री पद संभालने के बाद से उनकी आय में काफी गिरावट आई है, समाचार एजेंसी एएनआई ने बताया। उन्होंने कहा कि मैं सचमुच अभिनय जारी रखना चाहता हूँ। मुझे और कमाई करनी है; मेरी कमाई अब पूरी तरह बंद हो गई है। गोपी ने अपने स्थान पर केंद्रीय मंत्री के रूप में नियुक्त किए जाने के लिए राज्यसभा सांसद सदानंदन मास्टर का नाम प्रस्तावित किया और कहा कि वह अपनी पार्टी के सबसे युवा सदस्य हैं। मैंने कभी मंत्री बनने के लिए प्रार्थना नहीं की। चुनाव से एक दिन पहले, मैंने पत्रकारों से कहा था कि मैं मंत्री नहीं बनना चाहता, मैं अपना सिनेमा जारी रखना चाहता हूँ। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री और पर्यटन मंत्री ने कहा कि मैंने अक्टूबर 2008 में पार्टी की सदस्यता ली थी... मैं जनता द्वारा चुना गया पहला सांसद था और पार्टी को लगा कि मुझे मंत्री बनाना चाहिए। गोपी केरल से भाजपा के पहले लोकसभा सांसद हैं और मलयालम फिल्म उद्योग में लंबे समय से सक्रिय अभिनेता हैं। उन्होंने यह टिप्पणी राज्यसभा सांसद सी सदानंदन मास्टर के सांसद कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद की। गोपी पहले भी कह चुके हैं कि वह नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार में पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस, पर्यटन राज्य मंत्री के पद से इस्तीफा देना चाहते हैं। उन्होंने इसके लिए अभिनय में अपने रुझान और विभिन्न फिल्म परियोजनाओं में अपनी पूर्व प्रतिबद्धताओं का हवाला दिया था।

## 'वोट चोरी' के आरोपों की जांच की मांग वाली याचिका पर सुनवाई से SC ने किया इनकार



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 'वोट चोरी' के आरोपों की जांच वाली याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया है. पिछले दिनों कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने चुनाव आयोग और केंद्र सरकार पर 'वोट चोरी' का आरोप लगाया था. इसके बाद एक वकील ने इन आरोपों की जांच करने की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर की थी. जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची ने इस याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है.सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता को चुनाव आयोग से संपर्क करने या वैकल्पिक उपाय अपनाने को कहा है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा 2024 के लोकसभा चुनाव में बेंगलुरु सेंट्रल निर्वाचन क्षेत्र के वोटर लिस्ट में हेर-फेर किए जाने का आरोप लगाया था।

## केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने नाराजगी से किया इंकार, कहा- हर तरह से संतुष्ट हैं



**पटना।** बिहार में चुनाव को लेकर एनडीए के बीच सीट बंटवारा हो चुका है। सीट बंटवारे के बाद एनडीए के घटक दलों को मन मुताबिक सीटें न मिलने पर वे अपनी प्रतिक्रिया भी खुलकर दे रहे हैं। हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने खुलकर कहा कि उन्होंने 15 सीटों की मांग की थी। हालांकि, उन्होंने साफ किया कि वे छह सीट से भी संतुष्ट हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हैं। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने सोमवार को आईएएनएस से बातचीत में कहा कि लोकसभा चुनाव में भी हमारी पार्टी को दो लोकसभा सीट और एक राज्यसभा सीट देने की बात कही गई थी, लेकिन मिली एक थी। आज भी हम एनडीए के साथ हैं। हमें पंजीकृत पार्टी के रूप में मान्यता के लिए कम से कम आठ सीटों की मांग की थी। इसलिए, हमने कम से कम 15 सीटें मांगी थी, लेकिन सिर्फ छह सीटें मिली हैं। हम छह सीट से भी संतुष्ट हैं। हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने हमें काफी इज्जत दी है। वे हर तरह से गयाजी के विकास के लिए काम कर रहे हैं। गयाजी, बिहार और देश के विकास के लिए हम कोई भी कुर्बानी सहने को तैयार हैं।

## आज का राशिफल

**मेष :** ज का दिन आपके लिए किसी शुभ और मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए रहेगा। आपको किसी योजना में अपेक्षा से अधिक धन मिलने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा होना होगा।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को अपने साथियों से कोई सरप्राइज गिफ्ट मिल सकता है। आप किसी मकान की खरीदारी के लिए कोई लोन अप्लाई कर सकते हैं।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आप दूसरों के मामले में बेवजह ना बोले, नहीं तो आपको बेवजह का तनाव बना रहेगा। आप संतान के करियर को लेकर अपने जीवनसाथी से सलाह मशवरा कर सकते हैं। आपका कोई काम लंबे समय से रुका हुआ होने से आपके मन में समस्या रहेगी।

**कर्क :** आज आपको व्यवसाय से जुड़ी समस्याओं को लेकर किसी अनुभवी व्यक्ति से बातचीत करनी होगी। आपका किसी बात को लेकर मन परेशान रहेगा। आप बेवजह किसी बात को लेकर क्रोध न करें। आपका काम को लेकर मनोबल बढ़ेगा।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए प्रभाव और प्रताप में वृद्धि लेकर आने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपको अपने कामों को लेकर पूरी ईमानदारी दिखानी होगी। आपकी किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मुलाकात होगी हो सकती है। भौतिक संसाधनों में वृद्धि होगी।

**कन्या :** व्यापार कर रहे लोगों के लिए आज का दिन सामान्य रहने वाला है। आपको काम थोड़ा सोच समझकर करने होंगे। नौकरी की तलाश में लगे लोगों को किसी मनचाही नौकरी की प्राप्ति हो सकती है। आपको अत्यधिक फायदे के चक्कर में धन लगाने से बचना होगा।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए कुछ नए काम की शुरुआत करने के लिए अच्छा रहेगा। आपको अपने विरोधियों से सतर्क रहने की आवश्यकता है। यदि आप किसी प्रॉपर्टी की खरीदारी को लेकर परेशान थे, तो आपकी वह समस्या भी दूर होगी। आपको कानूनी मामलों में अपनी आंख और कान को खुले रखने होंगे।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। मित्रों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आप अपने मित्रों के साथ कुछ आनंदमय पल व्यतीत करेंगे। पेट से संबंधित कोई समस्या आपको परेशानियों दे सकती है। कार्यक्षेत्र में आपको सहकर्मियों का पूरा साथ मिलेगा।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपकी कुछ पुराने लोगों से मुलाकात होगी। आपके कामों से आपकी एक नई पहचान मिलेगी। बिजनेस में आपका कोई प्रोजेक्ट लंबे समय से रुका हुआ था, तो उसके भी पूरा होने की संभावना है।

**मकर :** आज आपको भाई-बहनों का पूरा साथ मिलेगा। आपके प्रतिद्वंदी भी आपको परेशान करने की कोशिश कर सकते हैं। आप अपने खान-पान पर पूरा ध्यान दें। बैंकिंग क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को अपने कामों से सफलता मिलेगी। आपकी किसी नए काम को करने की इच्छा जागृत हो सकती

**कुंभ :** आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में अच्छा रहने वाला है। राजनीतिक और सामाजिक कार्यक्रमों में आपकी काफी रुचि रहेगी। आप अपने कामों को लेकर किसी दूसरे पर डिपेंड ना रहें। आपको आय और व्यय में तालमेल बनकर चलना होगा।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए सुखमय रहने वाला है। यदि आपको किसी बात को लेकर कोई चिंता थी, तो वह भी दूर होगी। परिवार के सदस्यों के साथ कहीं घूमने-फिरने जा सकते हैं। आप अपने संतान को यदि कोई जिम्मेदारी देंगे, तो वह उस पर खरी उतरेगी।

## पवन सिंह से तलाक विवाद के बीच ज्योति सिंह काराकाट से लड़ेंगी निर्दलीय चुनाव

- **काराकाट के लोगों का ज्योति सिंह से गहरा नाता है और वे उनसे विधानसभा में प्रतिनिधित्व करने का आग्रह कर रहे हैं।**

**नवीन मेल संवाददाता**



सार्वजनिक वैवाहिक विवाद के बीच, भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह की पत्नी ज्योति सिंह ने सोमवार को घोषणा की कि वह रोहतास ज़िले की काराकाट सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में बिहार विधानसभा चुनाव लड़ेंगी। यह घोषणा उनके पिता रामबाबू सिंह द्वारा उनके राजनीति में आने की पुष्टि के एक दिन बाद की गई है। रामबाबू सिंह ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि ज्योति सिंह बिहार विधानसभा चुनाव लड़ेंगी। किस सीट से, किस पार्टी के बैनर तले, या निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में, यह जल्द ही तय किया जाएगा।रामबाबू सिंह ने कहा कि ज्योति को काराकाट से चुनाव लड़ाने की जनता की माँग बढ़ रही है, जहाँ उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव में अपने पति के लिए प्रचार करते हुए निवासियों के साथ घनिष्ठ संबंध बनाए थे। उन्होंने आगे कहा कि काराकाट के लोगों का ज्योति सिंह से गहरा नाता है और वे उनसे विधानसभा में प्रतिनिधित्व करने का आग्रह कर रहे हैं। यह राजनीतिक घोषणा ऐसे समय में हुई है जब ज्योति सिंह और पवन सिंह सार्वजनिक रूप से वैवाहिक विवाद में उलझे हुए हैं।

रामबाबू सिंह ने अभिनेता पर क्रूरता और बेईमानी का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने सुलह के सभी प्रयासों को ठुकरा दिया है। उन्होंने कहा, "मैंने उनसे अपनी बेटी को स्वीकार करने की विनती की, लेकिन उन्होंने केवल अदालत का ही हवाला दिया।" उन्होंने आगे कहा, "जब तक तलाक कानूनी रूप से अंतिम रूप नहीं ले लेता, ज्योति को अपने पति के साथ रहने का पूरा अधिकार है।" कथित तौर पर, पवन सिंह ने तीन महीने पहले हुई अपनी आखिरी मुलाकात में रामबाबू से कहा था कि अब मामला अदालत में सुलझाया जाएगा।

## जल्द ही महागठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर पूरी तस्वीर साफ हो जाएगी: पप्पू यादव

**पटना।** पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने सोमवार को बिहार विधानसभा चुनाव के लिए महागठबंधन में सीटों के बंटवारे को लेकर बड़ा दावा किया। उन्होंने समाचार एजेंसी से बातचीत में कहा कि महागठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर फैसला लगभग-लगभग हो चुका है। कल दोपहर तक पूरी तस्वीर साफ हो जाएगी। किसी को भी महागठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं एक बात पूरे दावे के साथ कहता हूं कि बिहार में महागठबंधन के पक्ष में सकारात्मक माहौल है। स्थिति पूरी तरह से हमारे पक्ष में है। प्रदेश का गरीब-गुरबा हमारे साथ है। निश्चित तौर पर आगे के चुनाव में हमारे लिए नतीजे सकारात्मक निकलकर ही सामने आएंगे। इसके अलावा, उन्होंने सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस का रुख स्पष्ट किया।

## कोलकाता: ईडी ने कॉनकास्ट स्टील मामले में 133 करोड़ की संपत्ति कुर्क की

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कोलकाता जोनल कार्यालय ने मेसर्स कॉनकास्ट स्टील एंड पावर लिमिटेड (सीएसपीएल) और इसके प्रमोटर संजय सुरेका के खिलाफ धन शोधन के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। 10 अक्टूबर को ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत 133.09 करोड़ रुपये की चल और अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क किया है। यह कार्रवाई सीबीआई और बीएसएफबी, कोलकाता द्वारा दर्ज एक एफआईआर के आधार पर शुरू हुई जांच का हिस्सा है, जिसमें कंपनी और इसके निदेशकों पर बैंकों और वित्तीय संस्थानों के साथ 6,210.72 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का आरोप है। जांच में पता चला कि संजय सुरेका ने बैंकों से लिए गए कर्ज को गलत तरीके से अपनी समूह कंपनियों में डायवर्ट किया। इसके अलावा, फर्जी स्टॉक स्टेटमेंट और बैलेंस शीट में हेरफेर कर धोखाधड़ी की गई। सुरेका ने अपने रिश्तेदारों, कर्मचारियों और शेल कंपनियों के नाम पर कई संपत्तियां खरीदीं। कर्ज की राशि को बीडीजी ग्रुप ऑफ कंपनीज के डिबेंचर में निवेश किया गया।

## बीजेपी से आखिरी सांस तक लड़ता रहूंगा : तेजस्वी

**एजेंसी। पटना**



**14 आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने के लिए पर्याप्त आधार हैं**
**अदालत**

बिहार में होने वाले हाई-वोल्टेज चुनाव से कुछ हफ़्ते पहले राष्ट्रीय जनता दल के प्रथम परिवार को बड़ा झटका देते हुए, दिल्ली की एक अदालत ने आज पार्टी संस्थापक लालू प्रसाद यादव, उनके बेटे और मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव और पूर्व मुख्यमंत्री व लालू यादव की पत्नी राबड़ी देवी के खिलाफ भ्रष्टाचार के एक मामले में आरोप तय किए। वरिष्ठ नेता और उनके परिवार के सदस्यों ने खुद को निर्दोष बताया और कहा कि उन पर मुकदमा चलेगा।राउज़ एवेन्यू की एक अदालत ने आज लालू यादव और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश से संबंधित धाराओं और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत आरोप तय किए। लालू यादव और तेजस्वी यादव सहित अन्य ने खुद को निर्दोष बताया; राबड़ी देवी ने कहा कि मामला "गलत" है। वहीं, तेजस्वी ने इसको लेकर एक एक्स पोस्ट भी किया है। उन्होंने लिखा कि जब तक दंगाई एवं संविधान विरोधी बीजेपी सत्ता में है और मेरी उम्र है बीजेपी से लड़ते रहेंगे। तूफ़ानों से लड़ने में मज़ा ही कुछ और है। हमने संघर्ष पथ चुना है। संघर्ष पथ पर चलते-चलते अच्छे मुसाफ़िर बन निश्चित ही मंजिल प्राप्त करेंगे। राजद नेता ने आगे कहा कि एक महीना पहले बिहार आकर गृहमंत्री अमित शाह जी हमें धमकी दे रहे थे कि हमको चुनाव लड़ने लायक नहीं छोड़ेंगे। हम लड़ेंगे और जीतेंगे। हम बिहारी है बिहारी, बाहरी से नहीं डरते। जय बिहार, जय बिहारी! यह मामला लालू प्रसाद यादव के रेल मंत्री रहते हुए रांची और पुरी स्थित दो आईआरसीटीसी होटलों के टेंडर में कथित भ्रष्टाचार से जुड़ा है। विशेष न्यायाधीश (सीबीआई) ने पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव और अन्य आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किए। वे अदालत में प्रत्यक्ष रूप से पेश हुए। अदालत ने धोखाधड़ी, षड्यंत्र और भ्रष्टाचार से जुड़े अपराधों की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप तय किए हैं। हालाँकि, सभी आरोपियों पर आपराधिक षड्यंत्र का आरोप लगाया गया है। यह आदेश खुली अदालत में सुनाया गया और अदालत एक विस्तृत आदेश अपलोड करेगी। अदालत ने कहा कि सभी 14 आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने के लिए पर्याप्त आधार हैं।

## आरएसएस 'तालिबानी मानसिकता' वाला संगठन है : यतींद्र सिद्धारमैया

**एजेंसी। नई दिल्ली**



कर्नाटक कांग्रेस एमएलसी यतींद्र सिद्धारमैया और मंत्री प्रियांक खड़गे ने विचारधारा और दृष्टिकोण में समानताओं का हवाला देते हुए आरएसएस और तालिबान के बीच समानताएँ बताईं। यतींद्र सिद्धारमैया ने कहा कि आरएसएस एक "तालिबान मानसिकता" प्रदर्शित करता है, जो हिंदू धर्म की एक ही व्याख्या थोपने की कोशिश करता है, ठीक वैसे ही जैसे तालिबान इस्लाम की करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि धर्म में वे एक ही दृष्टिकोण चाहते हैं। इस्लाम में वे एक खास दृष्टिकोण चाहते हैं। वे महिलाओं की आज़ादी पर पाबंदियाँ लगाते हैं। आरएसएस भी इसी तरह का व्यवहार करता है। वे हिंदू धर्म को एक खास नज़रिए से देखना चाहते हैं।प्रियांक खड़गे ने भी अपनी बात रखते हुए कहा कि किसी भी तरह की कट्टरता तालिबान के बराबर है। तालिबान कभी महिलाओं का सम्मान नहीं करता, आरएसएस भी नहीं करता। तालिबान संविधान का सम्मान नहीं करता, आरएसएस भी उसका सम्मान नहीं करता। तालिबान अपने तथाकथित धर्मयुद्ध के लिए गरीब लोगों का इस्तेमाल करता है, और यहाँ भी आरएसएस अपने मकसद के लिए गरीब लोगों का इस्तेमाल करता है। खड़गे ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को पत्र लिखकर सरकारी संस्थानों, सार्वजनिक खेल के मैदानों और मंदिरों में आरएसएस की सभी गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने का आग्रह किया। अपने पत्र में, उन्होंने आरोप लगाया कि आरएसएस शाखाओं और सभाओं के माध्यम से बच्चों और युवाओं के बीच विभाजनकारी विचार फैलाता है। उन्होंने इन गतिविधियों को असंवैधानिक और राष्ट्रीय एकता के विपरीत बताया।



# वैभव बिहार रणजी टीम के उपकप्तान बने

## शुरुआती दो राउंड के लिए हुआ टीम का ऐलान

## बिहार रणजी में सकीबुल गनी करेंगे कप्तानी...

**एजेंसी । नई दिल्ली**

वैभव सूर्यवंशी को 15 अक्टूबर से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी 2025-26 सीजन के लिए बिहार टीम का उपकप्तान बनाया गया है। टीम की कप्तानी बल्लेबाज सकीबुल गनी करेंगे। अगले साल की शुरुआत में अंडर-19 वर्ल्ड कप होना है। ऐसे में वैभव का पूरे सीजन खेलना मुश्किल है। बिहार क्रिकेट एसोसिएशन ने रणजी ट्रॉफी 2025-26 के पहले दो राउंड के लिए टीम जारी की है। बिहार 15 अक्टूबर को अपने पहले मैच में अरुणाचल प्रदेश से भिड़ेगा। इसके बाद 25 अक्टूबर को उसका सामना मणिपुर से होगा। इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया में जड़े शतक 14 साल के वैभव ने भारत की अंडर-19 टीम के लिए खेलते हुए इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया में शतक जड़े हैं। वैभव ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर इंडिया अंडर-19 टीम के लिए खेलते हुए ब्रिस्बेन में पहले यूथ टेस्ट में 78 गेंदों पर शतक लगाया। ऑस्ट्रेलिया में हुई मल्टी-डे सीरीज में वह दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। उन्होंने तीन पारियों में कुल 133 रन बनाए। भारत ने यह सीरीज 2-0 से जीती। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यूथ वनडे में तीन मैचों में 124 रन बनाए। इसमें एक 68 गेंदों में 70 रन की पारी भी शामिल थी। इससे पहले, इंग्लैंड के खिलाफ 5 यूथ वनडे मैचों में उन्होंने 174.02 के स्ट्राइक रेट से 355 रन बनाए थे। लेफ्ट हैंड बैटर वैभव इंडियन प्रीमियर लीग के इतिहास में शतक लगाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी हैं। 14 साल की उम्र में सूर्यवंशी ने आईपीएल आईपीएल 2025 में गुजरात टाइटंस के खिलाफ 35 गेंदों में शतक जड़ा था।

**बिहार की रणजी टीम** > सकीबुल गनी (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी (उपकप्तान), पीयूष कुमार सिंह, भास्कर दुबे, अर्नव किशोर, आयुष लोहारुका, बिपिन सौरभ, अमोद यादव, नवाज खान, साकिब हुसैन, राघवेंद्र प्रताप सिंह, सचिन कुमार सिंह, हिमांशु सिंह, खालिद आलम और सचिन कुमार।

**वैभव सूर्यवंशी घरेलू करियर...**

**फर्स्ट क्लास:** 100 रन · 05 मैच · 63.29 स्ट्रा. रेट

**लिस्ट ए:** 132 रन · 06 मैच · 110 स्ट्रा. रेट

---

### लाहौर टेस्ट-पाकिस्तान पहली पारी में 378 रन पर ऑलआउट

# दूसरे दिन 65 रन बनाने में गंवाए 5 विकेट साउथ अफ्रीका से मुथुस्वामी को 6 विकेट

**एजेंसी । नई दिल्ली**

लाहौर टेस्ट के दूसरे दिन पाकिस्तान की टीम पहली पारी में 378 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ दूसरे दिन 313/5 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया और 65 रन बनाने में 5 विकेट गंवा दिए। पहले दिन रविवार को पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला किया। पाकिस्तान से इमाम-उल-हक और सलमान आगा ने सबसे ज्यादा 93-93 रन बनाए। साउथ अफ्रीका की तरफ से सेनुरन मुथुस्वामी ने 6 विकेट लिए। रिजवान 75 रन बनाकर आउट हुए टीम ने आज 313/5 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया।



### पहले दिन शान और इमाम ने 161 रन जोड़े

पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही। टीम का पहला विकेट मात्र 2 रन पर गिर गया। कागिसो रबाडा ने अब्दुल्लाह शफीक को एलबीडब्ल्यू आउट किया। इसके बाद कप्तान शान मसूद ने इमाम के साथ पारी को आगे बढ़ाया। दोनों ने अपनी फिफ्टी पूरी की। इमाम अपने शतक से मात्र 7 रन दूर रह गए। उन्हें 93 रन पर मुथुस्वामी ने कैच आउट कराया। इमाम ने अपनी पारी में 7 चौके और एक सिक्स लगाया।

मोहम्मद रिजवान (62) और सलमान आगा (52) ने अपनी पारी को आगे बढ़ाया। दिन का पहला विकेट रिजवान का गिरा। रिजवान 75 रन बनाकर आउट हुए। पाकिस्तान का पहली पारी में यह छठा विकेट था। इसके बाद नोमान अली और साजिद खान खाता भी नहीं खोल सके। शाहीन शाह अफरीदी 7 रन बनाकर लौटे। पारी का आखिरी विकेट सलमान आगा का गिरा। आगा 93 रन बनाकर पवेलियन लौटे। साउथ अफ्रीका की तरफ से सेनुरन मुथुस्वामी ने सबसे ज्यादा 6 विकेट झटके। प्रेनेलन सुब्रयेन ने 2 विकेट लिए। कागिसो रबाडा और सिमोन हार्मर को एक-एक विकेट मिला।

# हरभजन सिंह को उम्मीद, ऑस्ट्रेलिया में जमकर रन बनाएंगे रोहित-कोहली

**एजेंसी । नई दिल्ली**



भारत के दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह का मानना है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा की जोड़ी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मुकाबलों की वनडे सीरीज में जमकर रन बनाएगी। ये सीरीज 19-25 अक्टूबर के बीच खेली जाएगी। 'रो-को' को इस वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। इस साल मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद से यह उनका 'ब्लू जर्सी' में पहला मैच होगा। टीम की कमान शुभमन गिल के हाथों में है। हरभजन ने जियोहॉटस्टार के 'अमूल क्रिकेट लाइव' पर कहा, "कृपया विराट की फिटनेस के बारे में कोई सवाल न करें। फिटनेस के मामले में वह एक 'गुरु' हैं। हर कोई उन्हें फॉलो करता है। विराट कोहली की फिटनेस को लेकर कोई चिंता की बात नहीं है। वह फिट हैं, शायद अपने साथ खेलने वाले कई खिलाड़ियों से भी ज्यादा फिट हैं। आज के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वह यकीनन सबसे फिट खिलाड़ी हैं।

---

# घाना ने पांचवीं बार फीफा विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया



**एजेंसी । नई दिल्ली**

घाना ने एक बार फिर अपने फुटबॉल सफर में शानदार वापसी की है। अफ्रीकी कप ऑफ नेशंस 2025 के लिए क्वालीफाई न कर पाने के बाद अब उन्होंने फीफा विश्व कप में जगह बना ली है। कोमोरोस के खिलाफ 1-0 की जीत ने उन्हें ग्रुप-आई में शीर्ष स्थान पर पहुंचा दिया और विश्व कप का टिकट दिला दिया। फीफा विश्व कप 2026 में यह घाना की पांचवीं भागीदारी होगी। उन्होंने पहली बार 2006 में जर्मनी विश्व कप में खेला था। पिछली बार कतर में वे ग्रुप स्टेज से ही बाहर हो गए थे, इसलिए इस बार टीम बेहतर प्रदर्शन करने के इरादे से मैदान में उतरेगी। मैडागास्कर ने पूरे क्वालीफाइंग मुकाबलों में घाना को कड़ी चुनौती दी, लेकिन आखिरी मैच में मोहम्मद कुदूस के निर्णायक गोल ने घाना की राह आसान कर दी।

# बेटियां बेमिसाल : '14 अक्टूबर' को जन्मीं भारत की दो खिलाड़ी, जिन्होंने अलग-अलग खेलों में लहराया परचम

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारतीय खेल जगत के लिए '14 अक्टूबर' का दिन बेहद खास है। इस दिन दो ऐसी महिला खिलाड़ियों का जन्म हुआ, जिन्होंने वैश्विक मंच पर अलग-अलग खेलों में भारत का नाम रोशन किया। इनमें से पहली खिलाड़ी पूनम राउत हैं। 14 अक्टूबर 1989 को मुंबई में जन्मीं पूनम राउत की कहानी 'दंगल' फिल्म से कम नहीं है। बोरीवली वेस्ट में पली-बढ़ीं पूनम को बचपन से ही क्रिकेट खेलने का शौक था। जब एक बार पूनम गली क्रिकेट खेल रही थीं, तो पिता ने उन्हें बल्लेबाजी करते हुए देख लिया। इसके बाद पिता ने उन्हें क्रिकेट कोचिंग के लिए भेजा। कभी पिता भी टेनिस बॉल से क्रिकेट खेलते थे, लेकिन परिस्थितियों के चलते टीम इंडिया के लिए खेलने का सपना साकार नहीं कर सके। परिवार के गुजर-बसर के लिए उन्होंने ड्राइवर की नौकरी शुरू कर दी। घर में इतनी जगह तक नहीं थी कि क्रिकेट किट रखी जा सके, लेकिन उन्होंने बेटी के जरिए ही अपने अधूरे सपने को पूरा करने की ठानी। उन्होंने 10 हजार रुपए उधार लेकर बेटी को क्रिकेट एकेडमी भेजा।



**2021** में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शानदार शतक लगाया।

**2017** वर्ल्ड कप फाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 115 गेंदों पर 86 रन की शानदार पारी खेली।

जब पूनम महज 16 साल की थीं, तो उनका सेलेक्शन एशिया कप के लिए हो गया था। आनन-फानन में पिता ने बेटी का पासपोर्ट बनवाने के लिए दौड़-भाग शुरू की, लेकिन इसमें देरी हो गई। पूनम राउत को आखिरकार मार्च 2009 में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डेब्यू का मौका मिला।

# गौतम गंभीर : बतौर खिलाड़ी जीते दो विश्व कप, कोच बनकर भी मनवाया लोहा

**एजेंसी । नई दिल्ली**




बतौर खिलाड़ी भारतीय क्रिकेट टीम को विश्व कप खिताब जिताने के बाद गौतम गंभीर ने कोच के तौर पर भी अपनी गहरी छाप छोड़ी। गौतम गंभीर अपनी रणनीतिक सोच और नेतृत्व क्षमता के लिए जाने जाते हैं। एक कप्तान के तौर पर दो आईपीएल ट्रॉफी जीतने वाले गौतम गंभीर ने कोच के रूप में भी खिताब जीता। गंभीर की कोचिंग में भारत ने 'चैंपियंस ट्रॉफी 2025' और 'एशिया कप 2025' के खिताब अपने नाम किए। गौतम गंभीर की कोचिंग की खासियत उनका आक्रामक लेकिन संतुलित दृष्टिकोण है। वह खिलाड़ियों में आत्मविश्वास जगाने और टीम भावना मजबूत करने पर जोर देते हैं। गंभीर खेल के हर पहलू में अनुशासन, जिम्मेदारी और मानसिक मजबूती को प्राथमिकता देते नजर आए हैं। उनकी रणनीति स्थिति अनुसार होती है। 14 अक्टूबर 1981 को दिल्ली के कारोबारी परिवार में जन्मे गौतम गंभीर को घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के बाद भारतीय टीम में मौका मिला। उन्होंने भारत की ओर से 58 टेस्ट, 147 वनडे और 37 टी20 मैच खेले, जिसमें कुल 20 शतक जमाए। इस दौरान 10,324 रन अपने नाम किए।

---

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# भारतीय शेयर बाजार हल्की गिरावट के साथ बंद, आईटी व एफएमसीजी में हुई बिकवाली



**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार सोमवार के कारोबारी सत्र में हल्के लाल निशान में बंद हुआ। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 173.77 अंक या 0.21 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 82,327.05 और निफ्टी 58 अंक या 0.23 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 25,227.35 पर था। गिरावट का नेतृत्व आईटी और एफएमसीजी स्टॉक्स ने किया। सूचकांकों में निफ्टी आईटी 0.78 प्रतिशत, निफ्टी एफएमसीजी 0.90 प्रतिशत, निफ्टी पीएसई 0.55 प्रतिशत, निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.84 प्रतिशत, निफ्टी मेटल 0.43 प्रतिशत और निफ्टी एनर्जी 0.30 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। निफ्टी पीएसयू बैंक 0.24 प्रतिशत, निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज 0.16 प्रतिशत, निफ्टी रियल्टी 0.02 प्रतिशत और निफ्टी प्राइवेट बैंक 0.10 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ।

# एनएसई पर 16 अक्टूबर को सूचीबद्ध होगा गुजरात का पहला ग्रीन बॉन्ड, 8 गुना हुआ सब्सक्राइब

**सूरत ।** गुजरात राज्य का पहला ग्रीन बॉन्ड 16 अक्टूबर को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर सूचीबद्ध होगा। इसे सूरत नगर निगम की ओर से जारी किया गया है। यह जानकारी सरकार की ओर से दी गई। सूरत नगर निगम में नगर आयुक्त शालिनी अग्रवाल ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत करते हुए कहा, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2070 तक नेट जीरो के लक्ष्य के तहत यह ग्रीन बॉन्ड जारी किए गए थे। यह ग्रीन म्युनिसिपल बॉन्ड 6 अक्टूबर से लेकर 9 अक्टूबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुले थे। इसका साइज 200 करोड़ रुपए का था और यह आठ गुना से अधिक सब्सक्राइब हुआ है।

# ट्रेड डील पर बातचीत के लिए अमेरिका जाएगा भारतीय प्रतिनिधिमंडल...

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारत और अमेरिका प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के पहले चरण को अंतिम रूप देने के लिए अपनी बातचीत में लगातार प्रगति कर रहे हैं। भारतीय अधिकारियों का एक दल ट्रेड डील पर आगे की बातचीत के लिए इस सप्ताह वाशिंगटन डीसी के लिए रवाना हो सकता है। एक सरकारी अधिकारी ने कहा, "दोनों देशों के बीच बातचीत काफी अच्छे माहौल में आगे बढ़ रही है। भारत ने अमेरिका से तेल और गैस का आयात बढ़ाने की पेशकश की है, जिससे ट्रेड सरप्लस की भरपाई करने में मदद मिलेगी और साथ ही देश को भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच विश्वसनीय आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अपने ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाने में मदद मिलेगी।



**भारत की ओर से प्रस्ताव**

- भारत ने अमेरिका से तेल और गैस आयात बढ़ाने का प्रस्ताव रखा।
- उद्देश्य: ट्रेड सरप्लस में संतुलन लाना और ऊर्जा आपूर्ति स्रोतों में विविधता सुनिश्चित करना।

भारत द्वारा ट्रेड पैकेज के हिस्से के रूप में अमेरिका से और अधिक रिन्यूएबल एनर्जी टेक्नोलॉजी प्राप्त करने की भी संभावना है, जो देश को जलवायु परिवर्तन से लड़ने में मदद करेगा।

यह घटनाक्रम नए अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर के नई दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास में कार्यभार संभालने के बाद सामने आया है। गोर ने पिछले सप्ताह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और रक्षा, व्यापार और टेक्नोलॉजी सहित द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में दोनों देशों के लिए जरूरी क्रिटिकल मिनरल के महत्व पर भी चर्चा हुई। गोर ने कहा, "अमेरिका भारत के साथ अपने संबंधों को महत्व देता है और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी के सशक्त नेतृत्व में, मैं दोनों देशों के आने वाले दिनों को लेकर आशावादी हूं। राष्ट्रपति ट्रंप, प्रधानमंत्री मोदी को अपना एक महान और निजी मित्र मानते हैं।

इससे पहले सितंबर में ट्रेड डील पर बातचीत के लिए अमेरिकी अधिकारियों के एक दल ने नई दिल्ली का दौरा किया था, जिसके बाद वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के नेतृत्व में एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल वाशिंगटन गया था।

# एक समृद्ध भारत की कल्पना समावेशी विकास के बल पर ही संभव : गोयल



**एजेंसी । नई दिल्ली**

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि पीएम गति शक्ति का उद्देश्य केवल रोड और रेलवे लाइन की प्लानिंग से जुड़ा नहीं रह गया है। हम पीएम गतिशक्ति की मदद से नेशनल प्लानिंग के कहीं अधिक गहन इंटीग्रेशन की ओर बढ़ रहे हैं।

केंद्रीय मंत्री गोयल ने भारत मंडपम में पीएम गति शक्ति की चौथी वर्षगांठ पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा, "112 आकांक्षी जिलों का एक ही डेटाबेस पर मानचित्रण, यानी 112 आकांक्षी जिलों के लिए पीएम गतिशक्ति जिला मास्टर प्लान, इन आकांक्षी जिलों को अत्यंत समग्र रूप से देखने में हमारी मदद करेगा। उन्होंने आगे कहा, "अगर हम एक समृद्ध भारत की कल्पना कर रहे हैं तो यह समावेशी विकास के बल पर ही संभव है। जब तक देश के 140 करोड़ नागरिकों का विकास नहीं होता तब तक देश का विकास पूरा नहीं हो सकता। इसलिए, एरिया अप्रोच प्लानिंग के एक टूल के रूप में भी यह किसी क्षेत्र की संपूर्ण योजना है, ताकि उस क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक, प्रत्येक व्यवसाय, प्रत्येक उद्योग को जीवन के सभी पहलुओं का लाभ मिले, चाहे वह स्वास्थ्य सेवा हो, शिक्षा हो, व्यवसायों के लिए कुशल लॉजिस्टिक्स हो, क्षेत्र का औद्योगिक विकास हो, पर्यावरणीय नियोजन हो, सुरक्षा हो, खनिजों या खनिज संपदा की क्षमता का दोहन हो या रिन्यूएबल एनर्जी से बिजली उत्पादन की क्षमता का दोहन हो।

# जीएसटी कटौती से महंगाई में बड़ी गिरावट, खुदरा मुद्रास्फीति दर आठ वर्षों के निचले स्तर पर पहुंची

**नई दिल्ली ।** खुदरा मुद्रास्फीति दर सितंबर में कम होकर 1.54 प्रतिशत हो गई है। यह महंगाई का जून 2017 के बाद सबसे निचला स्तर है। यह जानकारी सरकार की ओर से जारी किए गए डेटा में दी गई। सितंबर में खुदरा महंगाई दर में अगस्त के मुकाबले 0.53 प्रतिशत की कमी आई है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से बताया गया कि खाद्य महंगाई दर सितंबर में -2.28 प्रतिशत रही है। ग्रामीण इलाकों में खाद्य महंगाई दर -2.17 प्रतिशत और शहरी इलाकों में खाद्य महंगाई दर -2.47 प्रतिशत रही है। खाद्य महंगाई दर अगस्त में 0.64 प्रतिशत थी। महंगाई दर में कमी की वजह जीएसटी सुधार को माना जा रहा है, जिससे देश में दैनिक उपभोग से लेकर गाड़ियों तक की कीमतों में कमी देखी गई है।



# सोने व चांदी में उछाल, ऑल-टाइम हाई पर कीमतें

**एजेंसी । नई दिल्ली**

सोने और चांदी में सोमवार को तूफानी तेजी देखने को मिली, जिससे दोनों कीमती धातुओं के दाम नए ऑल-टाइम हाई पर पहुंच गए हैं। आखिरी कारोबारी सत्र के मुकाबले सोने की कीमत में 2,600 रुपए प्रति 10 ग्राम से अधिक और चांदी के दाम में 10,000 रुपए प्रति किलो से ज्यादा का उछाल देखने को मिला है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत 1,24,155 रुपए पर पहुंच गई है, जो कि इससे पहले शुक्रवार को 1,21,525 रुपए प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई थी। 24 कैरेट के सोने में 24 घंटों में 2,630 रुपए प्रति 10 ग्राम की तेजी आई है। 22 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत बढ़कर 1,13,726 रुपए हो गई है, जो कि इससे पहले 1,11,317 रुपए प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई थी। वहीं, 18 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम बढ़कर 93,116 रुपए हो गया है, जो कि पहले 91,144 रुपए प्रति 10 ग्राम था।



# न्यूज बॉक्स

## तेज रफ्तार पिकअप ने ली युवक की जान, एक युवक गंभीर रूप से घायल



**हुसैनाबाद।** पलामू जिला के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के जपला-दंगवार मुख्य सड़क के बरवाडीह गांव के समीप रविवार की रात करीब 7: 30 बजे तेज रफ्तार पिकअप वाहन की टक्कर में बाइक सवार युवक की मौत हो गयी, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार बिहार के रोहतास जिला के डेहरी ऑन सोन निवासी आलोक खरवार अपने भाई सूरज खरवार के साथ बाइक से जपला से अपने घर डेहरी लौट रहा था,इसी क्रम में दंगवार की तरफ से तेज रफ्तार से आ रही पिकअप वाहन की चपेट में आ गया। जिससे आलोक खरवार (27 वर्ष ) की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। जबकि गंभीर रूप से घायल सूरज रजवार 32 वर्ष को पुलिस और ग्रामीणों के सहयोग से अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया। वहीं आक्रोशित ग्रामीणों ने जपला दंगवार मुख्य सड़क पर शव को रखकर करीब एक घंटे तक सड़क को जाम कर दिया। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों सड़क पर प्रदर्शन करते हुए जपला दंगवार मुख्य सड़क को जाम कर दिया, दोषी वाहन चालक की गिरफ्तारी और मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा की मांग कर रहे थे ।सड़क जाम की सूचना मिलते ही हुसैनाबाद थाना के थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी,देवरी ओपी, दंगवार ओपी, घटना स्थल पर पहुंचकर लोगों को समझा बुझाकर जाम को हटाया।

## हस्त नक्षत्र और विधूति योग में 20 को मनेगी दिपावली, धनतेरस 18-19 को

**मोहम्मदगंज।** दिपावली का त्योहार इस बार कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष में 20 अक्टूबर को हस्त नक्षत्र और विधूति योग में मनाई जाएगी। इस संबंध में पंचांग में वर्णित जानकारी को देते हुए भीमचुल्हा पर्यटक स्थल स्थित मंदिर के पुजारी सह गाइड पंडित गंगा तिवारी ने दी है। उन्होंने बताया कि दिपावली कृष्ण प्रदोष निशोथ व्यापिनी अमावस्या को उक्त नक्षत्र और योग और स्थिर लग्न मुहूर्त में मनाई जाएगी। जिसमें चित्रा नक्षत्र भी विद्यमान रहेगा। मान्यतानुसार इस दिन धन और वैभव की कामना को लेकर महालक्ष्मी, महासरस्वती,विघ्नर्ता भगवान गणेश और धनकुबेर की विधि-विधान पूर्वक पूजा-अनुष्ठान का बड़ा महत्व होता है। इस वर्ष अमावस्या तिथि के दो दिनी होने के कारण दीपोत्सव 5 नहीं इस बार 6 दिनों की होगी। जो धनतेरस से शुरू होकर भैया दूज तक मनाई जाएगी। बताया गया है कि अमावस्या तिथि 20 को 2.32 बजे दोपहर से प्रारंभ होकर 21 अक्टूबर की शाम 4.26 बजे तक रहेगी। इस दिन स्नान और दान के अलावा माता काली के विसर्जन का भी शुभ योग है। जबकि दिपावली चतुर्दशी युक्त अमावस्या में ही उक्त तिथि को सोमवार के दिन मनेगी। इससे पूर्व धनतेरस का शुभ मुहूर्त कार्तिक कृष्ण प्रदोष व्यापिनी त्रयोदशी तिथि में शनिवार 18 अक्टूबर को दोपहर 1.20 से 19 अक्टूबर के दोपहर 1.54 बजे तक है। यह धन-सुख, स्वास्थ्य और समृद्धि का प्रतीक है। इस दिन सोना, चांदी, गहने, गाड़ी, बर्तन, भूमि-भवन और वस्त्र की खरीदारी का बड़ा महत्व बताया गया है। इस दिन अन्य शुभ और लाभदायक वस्तुओं की खरीदी जाती है।

## मैदानी इलाकों में भी जंगल की तरह फैलने लगे बाग-बगीचा

**मोहम्मदगंज।** एक जमाना ऐसा भी था,तब बताया जाता है कि मीलों में फैले बाग-बागीचा हुआ करते थे। इससे ही गांवों और जगह के नाम और उनकी पहचान भी हुआ करती थी। ऐसे बागीचे इस इलाके में भी हुआ करते थे। जिसमें खासकर, आम और महुआ के बड़ी संख्या में पेड़ लगे होते थे। मगर बाद में इनके निजी क्षेत्र में होने की वजह से इनकी बड़े पैमाने पर कटाई से कई सारी जरूरतें पूरी की गई। जिससे हरियाली मिटती चली गई थी। मगर जब पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को पौधारोपण के लिए प्रेरित किया गया, तब से गांव-गांव में एक बार फिर से बाग-बगीचा नजर आए हैं। बल्कि जंगल की तरह हरियाली भी लौट आई है। लोगों की मानें,तो वैश्विक महामारी कोरोना के फैलने की वजह ऑक्सीजन की कमी के सामने आने के बाद से मैदानी के साथ ही जंगलों-पहाड़ों के भी पेड़ों की कटाई से परहेज किया जाने लगा है। इतना ही नहीं लोग इन्हें बचाने के लिए भी आगे आए। नतीजतन, मैदानी के साथ ही जंगलों-पहाडों में भी हरियाली की चादर फैल गई है। जो पहले अंधाधुंध कटाई से विरान हो गए थे। इस बार की करीब चार महीने की लगातार बारिश ने तो पेड़ों की वृद्धि को उर्वरा शक्ति प्रदान कर दी है।

## विवेकानंद छठ पूजा समिति की बैठक सपन्न

**चंदवा।** स्थानीय जय हिन्द पुस्तकालय के सभागार में रविवार की संध्या विवेकानंद छठ पूजा समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता विनोद कुमार गुड्डू ने की। बैठक में पुरानी कमेटी को भंग करते हुए नई कमेटी गठन का प्रस्ताव लाया गया जिसे सर्वसम्मति से नई कमेटी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष रमेश प्रसाद, उपाध्यक्ष राजेंद्र यादव,अरुण साहू,राजेश विश्वकर्मा,विजय प्रसाद,शिवकेश्वर यादव,श्रवण प्रसाद,राजेश चंद्रवंशी,सचिव आनंद वर्मा,सहसचिव संजीव आजाद,अजय वैद्य,आशीष गुप्ता,अंकित कुमार,कोषाध्यक्ष रंजन विश्वकर्मा एवं चंद्रभूषण केसरी को बनाया गया। समिति के द्वारा घाट की सफाई,प्रकाश की व्यवस्था, मूर्ति पूजन घाट में जलावन की व्यवस्था के अलावे ध्वनि विस्तारक यंत्र की व्यवस्था कराएगी। छठ पूजा पर सेवा दे रहे देवनद दामोदर छठ पूजा समिति के अध्यक्ष मन्नू गुप्ता ,युवा भारत के अंकित कुमार, श्री श्री छठ पूजा सेवा समिति थाना टोली के नवनीत कुमार ने आपसी सहमति में बनाकर काम करने का निर्णय लिया गया। बैठक में उप प्रमुख अश्विनी कुमार मिश्रा,कृपाचार्य सिंह,रिंकू कुमार,दुलारचंद बैठा, अक्षय,अंकित कुमार,कमलेश कुमार,रूपेश कुमार,सौरव श्रीवास्तव,मनोज कुमार,सुभाष कुमार,रंजन कुमार,मन्नू गुप्ता, आनंद वर्मा, मोनू कुमार,मनीष सिंह,विजय कुमार समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। समिति की अगली बैठक शुक्रवार 17 अक्टूबर को संध्या 7 बजे जय हिंद पुस्तकालय में रखी गई है।

## सर्पदंश से महिला गंभीर

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के अलीनगर गांव में बीती रात सोते समय फुलकुमारी देवी नामक एक महिला को जहरीले सांप ने डस लिया। परिजनों ने तत्काल उसे हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से चिकित्सक ने गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया। चिकित्सक के अनुसार इलाज के बाद महिला की स्थिति अब खतरे से बाहर बताई जा रही है।

### 'आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान' के तहत विधानसभा सम्मेलन का भव्य आयोजन

# पीएम के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भरता की नई परिभाषा गढ़ रहा है: नीरा यादव

- कार्यक्रम में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम और पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह भी थे मौजूद

**नवीन मेल संवाददाता**




हुसैनाबाद (पलामू) ।भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में सोमवार को भाजपा कार्यालय हुसैनाबाद में "आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान" के तहत विधानसभा सम्मेलन का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एवं कोडरमा विधायक नीरा यादव, विशिष्ट अतिथि पलामू सांसद विष्णु दयाल राम व पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के जिला अध्यक्ष अमित तिवारी व संचालन जिला मंत्री सोमेश सिंह ने किया। कार्यक्रम में राम प्रवेश सिंह, रणजीत पासवान, उदय विश्वकर्मा, संतोष सिंह, अजय गुप्ता एवं अजीत सिंह सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सम्मेलन में सैकड़ों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति ने पूरे परिसर को जोश, उमंग और देशभक्ति की भावना से भर दिया। मुख्य अतिथि श्रीमती नीरा यादव ने कहा कि 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भरता की नई परिभाषा गढ़ रहा है। आत्मनिर्भर भारत अभियान न केवल आर्थिक सशक्तिकरण का प्रतीक है, बल्कि यह हमारे राष्ट्रीय गौरव और सांस्कृतिक स्वाभिमान से जुड़ा जनआंदोलन है। हमें 'हर घर स्वदेशी' का मंत्र अपनाकर भारत को सशक्त राष्ट्र बनाने में योगदान देना होगा।'विशिष्ट अतिथि सांसद विष्णु दयाल राम ने अपने वक्तव्य में कहा कि 'प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने आत्मनिर्भरता को राष्ट्रीय चरित्र का हिस्सा बना दिया है। आज दुनिया भारत को नए नजरिए से देख रही है। यह आत्मविश्वास, स्वदेशी भावना और संगठन शक्ति का परिणाम है।

'विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'आत्मनिर्भर भारत' का जो संकल्प देश के सामने रखा है, वह भारत के पुनर्जागरण का मार्ग है। भारत को पुनः विश्वगुरु बनाने के लिए 'स्वदेशी' का भाव अनिवार्य है। जब हम अपने स्थानीय उद्योगों, कारीगरों और संसाधनों को प्राथमिकता देंगे, तभी भारत आत्मनिर्भर बनेगा। मोदी जी का 'हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी' का आह्वान केवल नारा नहीं, बल्कि भारत के उत्थान की दिशा में एक विराट आंदोलन है। भाजपा का उद्देश्य केवल राजनीति नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुँचाना है। झारखंड की धरती में असीम संभावनाएँ हैं; यदि इन्हें स्वदेशी दृष्टिकोण से सशक्त किया जाए, तो यह प्रदेश आत्मनिर्भर भारत का मजबूत स्तंभ बनेगा।' सम्मेलन के समापन पर मौजूद सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने स्वदेशी अपनाने का संकल्प लिया और यह प्रण किया कि वे समाज के हर वर्ग तक स्वदेशी उत्पादों के उपयोग और आत्मनिर्भरता के संदेश को पहुंचाएंगे।सभी ने यह भी तय किया कि वे जन-जन को प्रेरित कर "हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी" के अभियान को जनांदोलन का स्वरूप देंगे।

### हुसैनाबाद में मोतियाबिंद शिविर का उद्घाटन

# आखों की रौशनी लौटाना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य : उपाधीक्षक

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिला अंधापन नियंत्रण समिति एवं राधा लक्ष्मी ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को हुसैनाबाद अस्पताल में निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर का उद्घाटन अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ.एसके रवि,डॉ.विनोद कुमार और राधा लक्ष्मी ट्रस्ट के संचालक डॉक्टर अखिलेश कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से फिता काटकर किया। इस अवसर पर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ.एसके रवि ने कहा कि किसी व्यक्ति की आंखों की रौशनी लौटाना सबसे सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। इस दिशा में जिला अंधापन नियंत्रण समिति और राधा लक्ष्मी ट्रस्ट दंगवार द्वारा इस क्षेत्र में पिछले कई सालों से शिविर आयोजित कर बेहतर कार्य कर रही है। उन्होंने क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं से अपील की है कि अपने-अपने क्षेत्रों से मोतियाबिंद रोग से ग्रस्ति लोगों को इस शिविर में पहुंचाने का काम करें। डॉक्टर अखिलेश गुप्ता ने बताया कि आईएलओ द्वारा लेंस प्रत्यारोपण किया जा रहा है। सभी मरीजों को निःशुल्क दवा और चश्मा भी दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिविर के आज पहले दिन नेत्र चिकित्सक



डॉ. धीरज प्रसाद और डॉ. आशुतोष कुमार के द्वारा 20 मरीजों का मोतियाबिंद का सफल ऑपरेशन किया गया। इस मौके पर निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार, उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी, नेत्र चिकित्सक बिरजू प्रसाद,दयानंद कुमार, जयप्रकाश सिंह उर्फ बच्चा सिंह,डॉ.सुशील कुमार, विनोद सिंह उर्फ लाल सिंह, विवेक कुमार, एएनएम आरती कुमारी, रानी कुमारी, रेखा कुमारी, सेलिना मिंज,अनुराधा कुमारी,अनुप्रिया मिंज, सुजीत कुमार, अजय प्रसाद गुप्ता,विशाल कुमार, लल्लू, अमीत ,मिथिलेश कुमार, बसंती देवी, रागनी कुमारी, विपिन कुमार, संतोष सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

## चंदवा-लोहरदगा मार्ग पर बाइक हुई दुर्घटनाग्रस्त

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत चंदवा-चांपी-लोहरदगा मुख्य मार्ग पर स्थित डेढ़टंगवा घाटी में रविवार की रात्रि हुए बाइक दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान लोहरदगा स्पेशल ब्रांच में तैनात अधिकारी अभिषेक कुमार की मां विभा देवी (50) के रूप में हुई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि विभा देवी मूल रूप से बिहार के जहानाबाद की रहने वाली थी व लोहरदगा जिले में स्पेशल ब्रांच में तैनात अपने पुत्र के साथ बाइक पर पलामू एक्सप्रेस पकड़ने टोरी जंक्शन के लिए आ रही थी, इसी दौरान डेढ़ टंगवा घाटी में जर्जर सड़क पर बने गड्ढे के कारण बाइक असंतुलित हो गई व बाइक के पीछे बैठी विभा देवी सड़क पर गिर गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद लोहरदगा की ओर से आ रहे कार पर सवार युवकों ने मानवता का परिचय देते हुए घायल महिला व उसके पुत्र को चंदवा सीएचसी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉ नीलिमा कुमारी ने महिला को मृत घोषित कर दिया।


### हैदरनगर के कुकही में नशा मुक्ति एवं शराबबंदी पर चला जागरुकता अभियान

# समाज को जिम्मेवारी लेने से ही होगा अभियान सफल : सीओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड क्षेत्र के कुकही पंचायत सचिवालय परिसर में सोमवार को नशा मुक्ति एवं शराबबंदी के प्रति जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रशासनिक और पुलिस पदाधिकारियों का सक्रिय सहयोग रहा है। कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख कलावती देवी, अंचल अधिकारी संतोष कुमार, हैदरनगर थाना प्रभारी अफजल अंसारी, हुसैनाबाद की महिला थाना प्रभारी पार्वती कुमारी विशेष रुप से भाग लिया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज को शराब और नशे के दुष्प्रभावों से मुक्त करना, अफीम की खेती पर रोक लगाना और महिलाओं - बच्चों के बीच जागरुकता फैलाना है। मुखिया रेणु देवी ने कहा कि शराब समाज के लिए अभिशाप है। इससे न केवल आर्थिक हानि, बल्कि पारिवारिक और मानसिक शांति भी खत्म होती है। वरिष्ठ समाजसेवी सह अधिवक्ता प्रेमतोष सिंह ने कहा कि शराबबंदी में महिलाओं की भूमिका सबसे अहम है। नारी शक्ति अगर ठान ले, तो समाज से नशे जैसी बुराई को खत्म किया जा सकता है।

# राष्ट्रीय नवीन मेल: तीन दशक की अटूट पत्रकारिता



**14 अक्टूबर** 1994 यही वह दिन था जब राष्ट्रीय नवीन मेल ने पलामू के (एक गांव, अब शहर) डालटनगंज की धरती से पत्रकारिता यात्रा की शुरूआत की थी। समय का यह सिलसिला अब पूरे 31 वर्षों का हो चला है। इन तीन दशकों में यह अखबार न सिर्फ खबरों का माध्यम बना, बल्कि पलामू और आसपास के अंचलों की आवाज, संस्कृति का दर्पण और जनता का आत्मीय साथी बन गया। सत्य, निष्पक्षता और जनसेवा की मूल भावना पर चलते हुए राष्ट्रीय नवीन मेल आज भी उस मिशन के प्रति अडिग है, जिससे इसकी नींव रखी गई थी, समाज को जोड़ना, जागरूक बनाना और बदलाव की दिशा देना। यूं तो 1998 से मैं सक्रिय पत्रकारिता में हूं। इसकी शुरुआत भी राष्ट्रीय नवीन मेल से बतौर संवाददाता से हुआ है। इस अखबार ने बहुत कुछ सिखलाया है। फिर कई वर्षों तक दूसरे क्षेत्रीय, राष्ट्रीय अखबारों में काम करने का अवसर मिला। बीते वर्षों में अखबारी दुनिया से बहुत कुछ सीखा, समाज की नब्ज परखी, लोगों की संवेदनाएं जानी और पत्रकारिता को केवल पेशा नहीं, जनसेवा का संकल्प माना। यह सफर संघर्षों से भरा रहा, लेकिन हर चुनौती ने सीखने और मजबूत बनने का अवसर दिया। एक समय आया जब अपनी जन्मभूमि और कर्मभूमि की पुकार इतनी गूंज उठी कि अपनी मिट्टी का ऋण चुकाने वापस लौटना पड़ा।

अप्रैल 2024 में जब मैं राष्ट्रीय नवीन मेल परिवार के साथ पुनः स्थानीय संपादक के रूप में जुड़ा, तब अखबार के पुनर्निर्माण और विस्तार का एक नया अध्याय शुरू हुआ। पिछले एक वर्ष के इस सफर में न केवल नए प्रयोग हुए, बल्कि जनता से जुड़ाव और भी गहरा हुआ।

पिछले महीनों में अखबार ने अपनी कवरेज का दायरा और गहराई दोनों बढ़ाई हैं। ग्रामीण इलाकों में संवाददाताओं की सक्रियता, जन सरोकार से जुड़े मुद्दों पर निरंतर रिपोर्टिंग और प्रशासन को जागृत करने वाली खबरें हमारे मिशन की पहचान बनीं। सड़क, पानी, बिजली, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे मूलभूत विषयों पर सटीक, निर्भीक और संवेदनशील पत्रकारिता ने न केवल जनमत को दिशा दी बल्कि नीतिगत संवाद की भी राह खोली। सांस्कृतिक और सामाजिक घटनाओं की कवरेज में भी राष्ट्रीय नवीन मेल ने अपनी अलग पहचान बनाई। मेदिनीनगर की दुर्गा पूजा, नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह, किसानों की समस्याएं। हर मुद्दे को राष्ट्रीय नवीन मेल उसी संवेदनशीलता से देखा, जिस संवेदना से पाठक जुड़ा रहता है। यही भावनात्मक रिश्ता हमारे अखबार और पाठकों के बीच सबसे बड़ी शक्ति है।

प्रिंट और डिजिटल दोनों माध्यमों में अखबार की मौजूदगी अब पहले से कहीं मजबूत है। अब खबरें केवल सूचना नहीं, बल्कि प्रेरणा बन रही हैं। कई अवसरों पर हमारे समाचारों पर जनप्रतिनिधियों ने तत्काल प्रतिक्रिया दी, प्रशासन ने कार्रवाई की। यह हमारे काम की सार्थकता का प्रमाण है।

पलामू की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों बेतला के अद्भुत जंगलों, राजा मेदिनी राय की विरासत, झारखंड-बिहार की साझा संस्कृति और स्थानीय लोककला को सहेजने की दिशा में भी राष्ट्रीय नवीन मेल ने अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाई है। स्वतंत्रता संग्राम के अमर नायकों और जननायकों की यादों को शब्दों में सजोना हमारा नैतिक कर्तव्य रहा है।

महंगाई, बेरोजगारी, स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी और शिक्षा व्यवस्था की चुनौतियों पर भी बिना झिझक सवाल उठाए। निष्पक्ष विश्लेषण किया, समाधान की राह सुझाई। यही हमारी उस परंपरा का हिस्सा है, जो पत्रकारिता को सच्चे अर्थों में जनता की आवाज बनाती है।

स्थापना दिवस के इस गौरवपूर्ण अवसर पर हम यह स्वीकार करते हैं कि राष्ट्रीय नवीन मेल' का लक्ष्य केवल खबरें देना नहीं, बल्कि जनचेतना जगाना है। पत्रकारिता तभी सार्थक है जब वह आमजन की आंख, कान और आत्मा बने, जब वह उनके सपनों को शब्द और संघर्षों को सम्मान दे।

आने वाले वर्षों में हमारा संकल्प और भी मजबूत होगा- सत्य, निष्पक्षता और सादगी के मार्ग पर चलते हुए हम हर खबर को जनहित की दिशा में एक कदम बनाएंगे। हमारा लक्ष्य है कि पलामू और आसपास के अंचलों का हर नागरिक आत्मविश्वास से कह सके- राष्ट्रीय नवीन मेल हमारा अखबार है, हमारी आवाज है।

आप सभी पाठकों, शुभचिंतकों और सहयोगियों के प्रति हृदय से आभार। आप ही की स्नेहशीलता और विश्वास से यह अखबार झारखंड-बिहार की पत्रकारिता में अपने स्वर्णिम अध्याय लिख रहा है।

**राणा अरुण सिंह**
*स्थानीय संपादक*

## पेज एक के शेष

**लालू, राबड़ी और...**
टूरिज्म कॉरपोरेशन) के ठेके देने के बदले में दी गई रिश्वत के रूप में देखा जा सकता है। जज ने कहा कि सीबीआई ने सबूतों की पूरी चेन पेश की है और अदालत को यह स्पष्ट रूप से दिखता है कि सभी आरोपी एक व्यापक साजिश का हिस्सा थे। कोर्ट ने यह भी कहा कि आरोपियों की दलीलें कोर्ट को संतुष्ट नहीं कर पाईं। कोर्ट ने आईपीसी 420 (धोखाधड़ी), आईपीसी 120बी (आपराधिक साजिश), भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13(2) और धारा 13(1)(डी) (सरकारी पद का दुरुपयोग करके अनुचित लाभ प्राप्त करने) के तहत ये आरोप तय किए हैं। राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव पर 120बी और 420 आईपीसी के तहत ट्रायल चलेगा। आरोप तय होने के बाद लालू प्रसाद ने अदालत में कहा, हम आरोपों को स्वीकार नहीं करते, मुकदमे का सामना करेंगे। तेजस्वी यादव ने भी यही कहा, हम आरोपों से इनकार करते हैं और कानूनी रूप से मुकदमे का सामना करेंगे।

**5 जुलाई 2017...**
यह कंपनी लालू परिवार के हित में संचालित की जा रही थी और अंततः इस संपत्ति का नियंत्रण राबड़ी देवी और तेजस्वी प्रसाद यादव के हाथों में चला गया। सीबीआई ने अपनी जांच पूरी करने के बाद लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव, प्रेमचंद गुप्ता और अन्य 10 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दायर की थी।

**सत्य और सेवा...**
हमारी कोशिश रही कि हर खबर निष्पक्ष हो, हर सूचना सटीक हो और हर संपादन तथ्यपरक हो। पाठकों का विश्वास हमारे लिए सबसे बड़ी पूंजी है और यही पूंजी हमें गतिशील बनाती है। हमने स्थानीय संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन को भी अपनी प्राथमिकता बनाया है। पलामू की धरती पर बिखरी सांस्कृतिक विविधता, पारंपरिक त्योहार, लोककथाएं और कला के प्रति हमारा सम्मान और समर्थन अखबार की आत्मा की तरह है। हम चाहते हैं कि हमारी पीढ़ी इन्हें समझे, सराहे और आगे बढ़ाए। इसलिए हर वर्ष त्योहारों, धार्मिक आयोजनों, और लोक कला के संरक्षण की खबरों में हम नई ऊर्जा के साथ पत्रकारिता करते हैं। एक संपादक के रूप में मेरा यह मानना है कि पत्रकारिता सिर्फ सूचना का आदान-प्रदान नहीं बल्कि समाज की नैतिक आवाज भी है। हम जानते हैं कि जिम्मेदारी के साथ यह शक्ति बड़ी होती है, इसलिए कभी भी त्वरित सफलता के लिए अपनी निष्ठा से समझौता नहीं किया। अखबार के हर पृष्ठ पर हमें समाज के लिए समर्पण की गंध आती है। यही मूलमंत्र हमारे पत्रकारों और सम्पादकीय टीम की मेहनत का आधार है। आगे का रास्ता भी आसान नहीं होगा। बदलते युग, नई तकनीकें और मीडिया के बढ़ते विकल्प हमें चुनौती देते हैं। परंतु मुझे विश्वास है कि इस अखबार की जड़ें अब इतनी गहरी हो चुकी हैं कि वे किसी भी तूफान का सामना कर सकती हैं। यही वजह है कि हम हर दिन नई ऊर्जा, नवीन विचार और समाज के प्रति दायित्व के साथ काम करते हैं। हमारा लक्ष्य केवल खबरें देना नहीं, बल्कि एक ऐसा मंच तैयार करना है जो पलामू और आसपास के क्षेत्र के हर नागरिक का सशक्त साथी बने। तीस सालों से चल रही यह यात्रा बताती है कि पत्रकारिता की सबसे बड़ी पूंजी पाठकों का विश्वास और समाज से जुड़ाव है। 'राष्ट्रीय नवीन मेल' ने इन्हीं मूल्यों को अपनाया और इन्हीं से निरंतर अपनी शक्ति बढ़ाई है। मैं गर्व महसूस करता हूं कि इस अखबार के साथ जुड़कर मैं लेखनी की सेवा में जनता और समाज का साथ पाया है। मैं अपने पूरे संपादकीय परिवार का आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने इस सफर में मेरी प्रेरणा और सहयोग के स्तंभ बने। साथ ही उन पाठकों का भी धन्यवाद जो हर दिन हमें पढ़ते हैं, समझते हैं और हमारे प्रयासों को सम्मान देते हैं। हम आगे भी इसी भावना, ईमानदारी और निष्ठा के साथ अखबार को अखंडित रखते हुए पलामू और आसपास के लोगों की सेवा करते रहेंगे। अंत में यह कहना चाहूंगा कि 'राष्ट्रीय नवीन मेल' केवल एक समाचार माध्यम नहीं, बल्कि एक संस्था है जो समाज के उज्जवल भविष्य का संदेशवाहक है। हम उम्मीद करते हैं कि आने वाले वर्षों में भी यह प्रकाश पुंज समाज की अंधकारमयी समस्याओं को दूर करने में अग्रणी भूमिका निभाएगा और पत्रकारिता की परंपरागत सीमाओं को न केवल हराएगा, बल्कि एक नए अध्याय की शुरुआत करेगा। यह यात्रा संभव नहीं होती अगर हमारे समाज के सभी वर्गों का समर्पण और सहयोग न होता, सामाजिक संस्थाओं से जुड़े लोग, प्रशासनिक पदों पर विराजमान अधिकारी, किसान और मजदूर, समाजसेवी और नेता। उनकी भागीदारी और समर्थन के बिना यह मुकाम सम्भव नहीं था। राष्ट्रीय नवीन मेल परिवार उनके विश्वास और सहयोग का सदैव आभारी रहेगा। विशेष रूप से राष्ट्रीय नवीन मेल उन सुधि पाठकों का आभार व्यक्त करना चाहता है, जिनके सुझावों और आलोचनाओं के कारण हम निरंतर सुधार कर बेहतर पत्रकारिता करके आगे बढ़ रहे हैं। उनका विश्वास और संवाद हमें सशक्त बनाता है। हमारा संकल्प है कि आगे भी निरंतर प्रयास करेंगे ताकि सत्य और सेवा की यह अनमोल धरोहर और प्रगाढ़ हो, और पत्रकारिता का यह प्रकाश पुंज समाज के अंधकार को दूर करने का माध्यम बना रहे। हम आशा करते हैं कि आने वाले वर्षों में भी हमारा अखबार नई चुनौतियों का सामना करते हुए समाज में सकारात्मक बदलाव की मजबूत प्रेरणा बनेगा।

**रांची में दो...**
उनके पास से हथियार और कारतूस बरामद किए गए। पुलिस जांच में सामने आया कि घायल अपराधी आफताब डोरंडा के कुसई कॉलोनी में हुई हालिया फायरिंग में शामिल था। उसने रंगदारी वसूली और दहशत फैलाने के उद्देश्य से फायरिंग को अंजाम दिया था। रांची एसएसपी राकेश रंजन के अनुसार, सुजीत सिन्हा गिरोह शहर में बिल्डरों और कारोबारियों से रंगदारी वसूली के लिए लगातार दहशत फैलाने की कोशिश कर रहा था। दूसरी मुठभेड़ मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र में सोमवार को दोपहर में हुई। मौके से उसके साथी संजय राम को भी गिरफ्तार किया गया। जवाबी कार्रवाई में प्रभात राम घायल हो गया। रांची पुलिस के अनुसार, प्रभात राम गिरोह ईंट-भट्ठा और कोयला कारोबारियों से अवैध वसूली करता था। साथ ही, भय फैलाने के लिए फायरिंग की घटनाओं को अंजाम देता था।

**हजारीबाग में नक्सली...**
इलाके में सक्रिय है और किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने अभियान की रूपरेखा तैयार की और सोमवार के तड़के बलों को जंगल की ओर रवाना किया गया। सर्च ऑपरेशन के दौरान जंगल के एक गुप्त ठिकाने से नक्सलियों द्वारा छिपाई गई हथियारों की खेप और विस्फोटक सामग्री बरामद हुई। उन्होंने कहा कि पुलिस और सीआरपीएफ के बीच बेहतर समन्वय से क्षेत्र में नक्सलियों की गतिविधियों में लगातार कमी आई है।

**केरल में लोहरदगा...**
वह केरल के कालीकट जिले के बलसिरी थाना क्षेत्र के ऐगेरूल में काम करता था। रविवार की रात केरल में काम करने वाले कुछ साथियों के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपितों ने परमेश्वर टोप्पो की चाकू मारकर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद सभी आरोपित फरार हो गए। बलसिरी थाने की पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना देकर बताया कि परमेश्वर टोप्पो की हत्या हो गई है और शव स्वास्थ्य केंद्र में पड़ा हुआ है।

**रांची के युवक...**
कुछ महीने पहले ही उन्होंने इस कोर्स में दाखिला लिया था और उनका सपना था कि ट्रेनिंग पूरी कर देश लौटकर पायलट बनें। इंस्टीट्यूट की ओर से रविवार देर रात विमान दुर्घटना में उनकी मृत्यु की सूचना परिवार के लोगों को दी गई। होनहार युवक की असामयिक मृत्यु से माता-पिता और परिजन गहरे शोक में हैं। जोहानसबर्ग में भारतीय दूतावास के माध्यम से पीयूष का पार्थिव शरीर भारत लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पीयूष रांची स्थित जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली का पूर्व छात्र था।

**मोकीर, हॉविट और...**
मोकिर ने निरंतर विकास के नए सामान्य बनने के कारणों को उजागर करने के लिए ऐतिहासिक स्रोतों का उपयोग एक साधन के रूप में किया। एघियन और हॉविट ने निरंतर विकास के पीछे के तंत्रों का भी अध्ययन किया। वर्ष 1992 के एक लेख में, उन्होंने 'रचनात्मक विनाश' नामक एक गणितीय मॉडल का निर्माण किया और बताया कि जब कोई नया और बेहतर उत्पाद बाजार में प्रवेश करता है, तो पुराने उत्पाद बेचने वाली कंपनियां नुकसान में आ जाती हैं नए उत्पाद और उत्पादन के तरीके पुराने तरीकों को बदलते रहते हैं, और यह प्रक्रिया कभी खत्म नहीं होती।

**पलामू एसीबी ने...**
हालांकि अजय भारती ने जांच रिपोर्ट पॉजिटिव दिखाने के एवज में 10 हजार रुपए की मांग की थी। बाद में यह सौदा 5 हजार रुपए में तय हुआ। लीलावती कुमारी रिश्वत देना नहीं चाहती थीं, जिसके बाद उन्होंने पलामू एसीबी कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई।

**घाटशिला विस सीट...**
यह उपचुनाव 16 नवंबर तक पूरा कर लिया जाएगा। निर्वाचन के लिए 21 अक्टूबर को नामांकन की अंतिम तारीख रहेगी। 22 अक्टूबर को नामांकन की जांच होगी और 24 अक्टूबर तक उम्मीदवार अपने नाम वापस ले सकेंगे। 11 नवंबर को मतदान होगा। मतदान का समय सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित किया गया है।

# पाकिस्तान में पुलिस फायरिंग में 250 की मौत का दावा, 1500 लोग घायल

## गाजा पीस डील के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे

**एजेंसी । इस्लामाबाद**

पाकिस्तान में गाजा पीस प्लान को समर्थन देने के खिलाफ पिछले पांच दिनों से प्रदर्शन जारी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान की राजनीतिक पार्टी तहरीक-ए-लब्बैक ने दावा किया है कि पुलिस की फायरिंग में अब तक उनके 250 से ज्यादा कार्यकर्ता और नेता मारे गए हैं, जबकि 1,500 से अधिक घायल हुए हैं। दरअसल, पाकिस्तान सरकार ने ट्रम्प के पीस प्लान का समर्थन किया है। इसे लेकर कई पार्टियां नाराज हैं। टीएलपी चीफ साद हुसैन रिजवी विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने सरकार विरोधी, गाजा समर्थक और इजराइल विरोधी अभियान के तहत लाहौर से इस्लामाबाद तक लंबा मार्च किया। मार्च के दौरान रिजवी को भी 3 गोली लगी है। पार्टी के प्रवक्ता के मुताबिक, रिजवी की हालत नाजुक बनी हुई है। उन्हें पास के एक मेडिकल सेंटर ले जाया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। घटना कहां हुई या कितने लोग मरे हैं, इस बारे में अभी कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

### टीएलपी नेता को गिरफ्तार करने की कोशिश की तो हिंसा भड़की

इस प्रदर्शन की शुरुआत तब हुई, जब गुरुवार देर रात पंजाब पुलिस ने टीएलपी मुख्यालय पर छापा मारकर इसके नेता साद रिजवी को गिरफ्तार करने की कोशिश की थी। साद निकल गया, लेकिन पुलिस और साद समर्थकों के बीच हुई झड़पों में कई लोग घायल हुए थे। पुलिस ने शहर के अंदर और बाहर की सड़कें बंद कर दी थी। दंगा रोकने के लिए पुलिस को प्रमुख रास्तों पर तैनात किया गया और सरकारी दफ्तरों व विदेशी दूतावासों वाले रेड जोन को पूरी तरह सील कर दिया गया।



प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर ईंटों और पत्थरों से हमला किया




गाजा सीजफायर प्लान के विरोध में इस्लामाबाद में विरोध

### 2 पुलिस अधिकारियों की भी हुई मौत

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में सुरक्षा बलों और तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान के प्रदर्शनकारियों के बीच सोमवार को हिंसक झड़पें हुईं। इसमें 2 पुलिस अधिकारियों की मौत हो गई और दर्जनों दूसरे अधिकारी घायल हुए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक ऑपरेशन रात 2 बजे शुरू हुआ और सुबह 7 बजे तक चला। मुरीदके में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए सख्त कार्रवाई की। पाकिस्तान रेंजर्स सहित सुरक्षा बलों ने लाठीचार्ज और आंसू गैस का इस्तेमाल किया।

### 2015 में हुई थी टीएलपी की स्थापना

टीएलपी की स्थापना 2015 में खादिम हुसैन रिजवी ने की थी। वे पंजाब के धार्मिक विभाग में काम करते थे, लेकिन 2011 में सलमान तासीर की हत्या करने वाले मुमताज कादरी का समर्थन करने पर नौकरी से निकाले गए। 2016 में कादरी को सजा होने पर टीएलपी ने ईश निंदा के मुद्दे पर देशव्यापी प्रदर्शन शुरू किए। खादिम ने फ्रांस के खिलाफ भी भड़काऊ बयान दिए। उनकी मृत्यु के बाद 2021 में बेटे साद रिजवी ने संगठन संभाला।

# जापान में विदेशी माता-पिता से जन्मे बच्चों की संख्या रिकॉर्ड स्तर पर

जनसांख्यिकीय बदलाव से बढ़ रहा राजनीतिक विवाद

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** जापान में 2024 में विदेशी माता-पिता से जन्मे बच्चों की संख्या ने रिकॉर्ड स्तर छू लिया है, जो देश में तेजी से बदलते जनसांख्यिकीय परिदृश्य और आव्रजन को लेकर गर्म होती राजनीतिक बहस को दर्शाता है। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, गैर-जापानी दंपतियों के यहाँ 22,878 बच्चे पैदा हुए, जो कुल नवजात शिशुओं का 3.2% है। यह आंकड़ा पिछले वर्ष की तुलना में 3,000 अधिक और एक दशक पहले की तुलना में 50% की वृद्धि दर्शाता है। दूसरी ओर, जापानी दंपतियों से जन्मे बच्चों की संख्या घटकर 686,173 रह गई, जो पिछले साल से 41,115 कम है।

निक्केई बिजनेस अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक, विदेशी नवजात शिशुओं ने जापानी जन्म दर में आई गिरावट की आधी से अधिक भरपाई की। जापान, जो विश्व के सबसे तेजी से वृद्ध होते देशों में से एक है, अपनी 125 मिलियन की जनसंख्या को बनाए रखने के लिए आवश्यक जन्म दर को बढ़ाने में जूझ रहा है। श्रम की कमी और बढ़ती उम्र की आबादी के कारण, जापान ने हाल के वर्षों में अधिक प्रवासी श्रमिकों को काम पर रखा है, जिससे गैर-जापानी निवासियों की संख्या बढ़कर 39.5 लाख हो गई है। इनमें से अधिकांश 20-30 वर्ष की आयु के हैं, जो लंबे समय तक रहने और बच्चे पैदा करने की संभावना रखते हैं। राष्ट्रीयता के आधार पर, चीनी महिलाएं विदेशी माताओं का सबसे बड़ा समूह हैं, इसके बाद फिलीपींस और ब्राजील की महिलाएं हैं।

### जनसांख्यिकीय रुझान: आंकड़ों का विश्लेषण-

*नीचे दिया गया चार्ट जापान में जन्म दर और विदेशी नवजात शिशुओं के अनुपात को दर्शाता है:*

| वर्ष | जापानी दंपतियों से जन्म | विदेशी दंपतियों से जन्म | कुल जन्मों में विदेशी बच्चों का % |
|---|---|---|---|
| 2014 | 750,000 | 15,000 | 2.0% |
| 2023 | 727,288 | 19,878 | 2.7% |
| 2024 | 686,173 | 22,878 | 3.2% |

*स्रोत: जापान स्वास्थ्य मंत्रालय, निक्केई बिज़नेस*

### राजनीतिक और सामाजिक प्रभाव

यह जनसांख्यिकीय बदलाव जापान में आव्रजन को एक प्रमुख चुनावी मुद्दा बना रहा है। ओइज़ुमी जैसे शहरों में, जहाँ दर्जनों राष्ट्रीयताएँ रहती हैं, विविधतापूर्ण आबादी ने दक्षिणपंथी राजनेताओं को सख्त आव्रजन नियमों की मांग करने के लिए प्रेरित किया है। जुलाई 2024 के उच्च सदन चुनावों में, लोकलुभावन पार्टी संसेतो ने विदेशी कामगारों के विरोध में प्रचार कर शानदार प्रदर्शन किया। सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी की नई नेता साने ताकाइची, जो अक्टूबर 2025 में प्रधानमंत्री बनने की उम्मीद कर रही हैं, ने आव्रजन और "बुरे व्यवहार वाले" विदेशी पर्यटकों को अपनी मुहिम का हिस्सा बनाया।

### भविष्य की चुनौतियां

न्याय मंत्रालय के अनुसार, 2040 तक विदेशी निवासियों का अनुपात जनसंख्या के 10% को पार कर सकता है, जो 2023 के राष्ट्रीय जनसंख्या अनुसंधान के पूर्वानुमान से तीन दशक पहले है। विशेषज्ञों का कहना है कि विदेशी परिवारों के लिए बेहतर नीतियाँ और सहायता आवश्यक है। कंसाई अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन विश्वविद्यालय के प्रोफेसर तोषिहिरो मेंजू ने निक्केई को बताया, "विदेशी बच्चों और उनके परिवारों के लिए सहायता कई क्षेत्रों में अपर्याप्त है और गैर-लाभकारी संगठनों पर निर्भर है। हमें एक ऐसा समाज बनाना होगा जहां ये बच्चे जापानी बोलें, समान अवसर पाएं और अपने परिवारों का भरण-पोषण कर सकें।" उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसा न होने पर समाज में विभाजन बढ़ सकता है। इस तरह जापान के सामने एक दोहरी चुनौती है- कम होती जन्म दर और बढ़ती विदेशी आबादी। जहां विदेशी नवजात शिशु जन्म दर में गिरावट को कम करने में मदद कर रहे हैं, वहीं सामाजिक और राजनीतिक तनाव बढ़ रहा है। ऐसे में नीति निर्माताओं को एक संतुलित दृष्टिकोण अपनाना होगा, जो प्रवासियों के एकीकरण को बढ़ावा दे और समाज में सामंजस्य बनाए रखे।

# ट्रंप के पास चीन से ज्यादा ऑप्शंस, वेंस ने बीजिंग को चेताया, ट्रंप ने जिनपिंग का बुरा दौर बताया



**एजेंसी । नई दिल्ली**

टैरिफ़ को लेकर अमेरिका और चीन के बीच तनाव के बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने रविवार को व्यापार समझौते पर बातचीत फिर से शुरू करने के लिए खुलेपन का संकेत दिया। हालांकि, दोनों नेताओं ने चेतावनी दी कि बीजिंग द्वारा हाल ही में घोषित निर्यात नियंत्रण वार्ता में एक बड़ी बाधा हैं। उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने दुनिया की दो प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के बीच बढ़ते व्यापार युद्ध में चीन से तर्क का रास्ता चुनने का आह्वान किया। वेंस ने आगे दावा किया कि दोनों देशों के बीच टैरिफ युद्ध के लंबे समय तक जारी रहने के बीच व्यापार वार्ता में ट्रंप का प्रभाव ज्यादा है। वेंस के इस बयान के कुछ ही घंटों बाद, ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथसोशल पर एक बयान साझा किया, जिसमें चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के लिए संभावित ऑफ-रैंप का संकेत दिया गया, साथ ही एक परोक्ष धमकी भी दी गई कि एक पूर्ण व्यापार युद्ध चीन को नुकसान पहुँचाएगा। उन्होंने रविवार को पोस्ट में लिखा कि चीन की चिंता मत करो, सब ठीक हो जाएगा! राष्ट्रपति शी जिनपिंग का हाल ही में एक बुरा दौर आया है। वह अपने देश के लिए मंदी नहीं चाहते, और न ही मैं। अमेरिका चीन की मदद करना चाहता है, उसे नुकसान नहीं पहुंचाना चाहता। ट्रंप और वेंस दोनों की टिप्पणियों से यह प्रतिबिंबित हुआ कि अमेरिका अभी भी चीन पर उसके हालिया व्यापारिक कदमों को वापस लेने के लिए दबाव बनाए रखना चाहता है।

# लद्दाख, हिमाचल, उत्तराखंड सीमा से सटे चीन के कई बड़े प्रोजेक्ट से भारत को खतरा

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** वास्तविक नियंत्रण रेखा ( एलएसी ) के पास चीन की बढ़ती गतिविधियां भारत के लिए गंभीर सुरक्षा चिंता का विषय बन रही हैं। तिब्बती विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि चीन का नया रेलवे और हाईवे प्रोजेक्ट, जो लद्दाख के डेमचोक से मात्र 20-30 किलोमीटर दूर प्रस्तावित है, भारत के लिए सैन्य और भू-राजनीतिक खतरा पैदा कर सकता है। यह परियोजना तिब्बत की राजधानी ल्हासा को जोड़ने के नाम पर शुरू की गई है, लेकिन इसके पीछे सैन्य प्रभुत्व और प्राकृतिक संसाधनों के दोहन की मंशा साफ झलकती है।



**चीन का महत्वाकांक्षी रेलवे प्रोजेक्ट :** चीन ने तिब्बत में 5,000 किलोमीटर के रेल नेटवर्क की योजना बनाई है, जिसका एक हिस्सा पश्चिमी तिब्बत से कैलाश पर्वत, न्गारी, और अक्साई चिन होते हुए पूर्वी तुर्किस्तान तक जाएगा। न्यूज एजेंसी एएनआई की रिपोर्ट के अनुसार, यह रेलवे लाइन अगले पांच वर्षों में पूरी हो सकती है। तिब्बत पॉलिसी इंस्टीट्यूट के रिसर्च स्कॉलर त्सेवांग दोरजी ने बताया कि यह प्रोजेक्ट वास्तविक नियंत्रण रेखा के पश्चिमी सेक्टर में पीपुल्स लिबरेशन आर्मी की आवाजाही और सैन्य संसाधनों की ढुलाई को तेज करेगा। इसके अलावा, नाग्चु और न्गारी के बीच बन रहा हाईवे पीएलए की गतिविधियों को और सुगम बनाएगा।

### संसाधन दोहन और सैन्य रणनीति

तिब्बती लेखक और कार्यकर्ता तेंजिन त्सुंडु के अनुसार, यह रेलवे लाइन लद्दाख, हिमाचल, और उत्तराखंड से सटी भारतीय सीमा के समानांतर होगी। यह क्षेत्र यूरेनियम, लिथियम, सोना, तांबा, और जिंक जैसे प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध है, जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में वैश्विक मांग को पूरा करते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यह प्रोजेक्ट न केवल सैन्य प्रभुत्व स्थापित करने के लिए है, बल्कि तिब्बत के विशाल खनिज भंडारों के दोहन के लिए भी डिजाइन किया गया है।

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद चीन की सतर्कता

2020 के ऑपरेशन सिंदूर, जिसमें भारत ने वास्तविक नियंत्रण रेखा पर आक्रामक जवाबी कार्रवाई की थी, ने चीन को सतर्क कर दिया है। दोरजी के अनुसार, अरुणाचल प्रदेश में जल संसाधनों पर नियंत्रण के बाद, चीन अब पश्चिमी सेक्टर में रणनीतिक बढ़त लेने की कोशिश में है। यह रेलवे और हाईवे तनाव को संघर्ष में बदलने की स्थिति में पीपुल्स लिबरेशन आर्मी को तेजी से तैनाती में लाभ दे सकते हैं।

**आंकड़े: तिब्बत में चीन का रेल नेटवर्क**

| विशेषता | विवरण |
|---|---|
| वर्तमान रेल नेटवर्क | ₹1,400 किमी (2024) |
| प्रस्तावित विस्तार | 5,000 किमी (2035 तक) |
| प्रमुख रूट | ल्हासा-शिगात्से-न्गारी-अक्साई चिन |
| लद्दाख से दूरी | डेमचोक से 20-30 किमी |

### भारत के लिए चुनौतियां

भारत के हिमालयी क्षेत्र में रेलवे और बुनियादी ढांचा परियोजनाएँ अभी योजना स्तर पर हैं, जबकि चीन युद्धस्तर पर काम कर रहा है। त्सुंडु ने चेतावनी दी कि यह प्रोजेक्ट भारत के लिए गंभीर सुरक्षा चिंता है, क्योंकि यह चीन की विस्तारवादी नीति को दर्शाता है। यदि भारत ने समय रहते जवाबी कदम नहीं उठाए, तो यह हिमालय क्षेत्र में उसकी स्थिति को कमजोर कर सकता है। ऐसे में चीन का यह रेलवे और हाईवे प्रोजेक्ट भारत के लिए सैन्य, आर्थिक, और भू-राजनीतिक चुनौती है। तिब्बती विशेषज्ञों ने भारत से वास्तविक नियंत्रण रेखा पर निगरानी बढ़ाने और हिमालयी क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को तेजी से विकसित करने की सलाह दी है। समय रहते सतर्कता और रणनीतिक जवाब ही भारत को इस खतरे से निपटने में सक्षम बनाएंगे।

# ज्ञान की नगरी में जातिवाद पलायन व शराबबंदी की गूंज

बोधगया विधानसभा क्षेत्र

**संवाददाता**

**पटना।** बिहार का बोधगया, जो कभी गौतम बुद्ध को ज्ञान देने वाली नगरी थी, आज जातिवाद, बेरोजगारी और अभावों से जूझ रही है। विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही यहां पलायन, शराबबंदी, और जंगलराज जैसे मुद्दे चर्चा के केंद्र में हैं। स्थानीय लोगों की बातें और आंकड़े इस क्षेत्र की जटिल सामाजिक-राजनीतिक तस्वीर को उजागर करते हैं।

### चुनावी माहौल: प्रमुख मुद्दे

बोधगया विधानसभा क्षेत्र में लोगों से बातचीत में तीन प्रमुख मुद्दे उभरे: पलायन, शराबबंदी, व जातीय समीकरण। महाबोधि मंदिर के आसपास की भीड़ में युवा कारोबारी धरम कुमार ने बताया कि वह और उनके दोस्त जन स्वराज पार्टी को समर्थन देंगे। कारण? शराबबंदी। प्रकाश कहते हैं, "शराबबंदी शुरू होने पर लगा कि यह सही है, लेकिन चोरी-छिपे शराब की बिक्री और बढ़ती कीमतों ने हालात बिगाड़ दिए।" उन्होंने पीके के वादों, खासकर पलायन रोकने और शराबबंदी हटाने की नीति पर भरोसा जताया।

### पलायन: रोजगार की तलाश

पलायन बोधगया की बड़ी समस्या है। स्थानीय निवासी रहिमन ने बताया कि वह काम की तलाश में देहरादून से लद्दाख तक गए, लेकिन शादी के बाद लौट आए। उनके तीन बच्चे सरकारी स्कूल में पढ़ते हैं, और वह चाहते हैं कि सरकार स्थानीय रोजगार सुनिश्चित करे। बिहार सरकार के आंकड़ों के अनुसार, 2020-2024 में गया जिले से लगभग 2 लाख लोग रोजगार के लिए पलायन कर चुके हैं।

### जंगलराज का साया

जातिवाद व दबंगई व अगड़ों -पिछड़ों का अलग -अलग जगह दबंगई का डर यहाँ के मतदाताओं में गहरा है। एक भुक्तभोगी ने कहा, "हम जंगलराज की कहानियाँ सुनकर बड़े हुए। पहले भी दुकान खोलने से पहले 'प्रसाद' चढ़ाना पड़ता था।" आज भी स्थिति बहुत ज्यादा बदली नहीं है। हाल ही में तमाम अपहरण और हत्या की घटनाएं सामने आई हैं या नहीं? दिल्ली के एक सत्ताधारी नेता ने गया की रैली में जंगलराज व पलायन तथा जातिवाद को मुद्दा बनाकर आरजेडी और कांग्रेस पर निशाना साधा था, लेकिन उनके गठबंधन वाली सरकार में भी तो वही सब हो रहा है। टिकट उसी आधार पर तय किया जा रहा है। जिसका असर सब जगह भी दिखता है ।

### जातीय समीकरण

गया जिले की 10 विधानसभा सीटों में यादव, भूमिहार, कोइरी, दलित, और मुस्लिम वोट बैंक निर्णायक हैं। बोधगया, एक एससी रिजर्व सीट, 2020 में आरजेडी ने जीती थी। कुछ दलित ने चिराग पासवान को पसंद बताया, जिसे उनके दोस्तों ने उनकी जाति ( पासवान ) से जोड़ा। हालाँकि कुछ लोग कहते हैं कि नई पीढ़ी जाति को कम महत्व देती है, लेकिन यह अब भी राजनीति का आधार है।

### गया का राजनीतिक परिदृश्य

- **कुल सीटें:** 10 (गया जिला)
- **2020 में एनडीए:** 5 सीटें (बीजेपी: 2, हम: 3)
- **2020 में आरजेडी:** 5 सीटें
- **बोधगया सीट:** एससी रिजर्व, आरजेडी विजयी

आज जो हालात हैं उसमें बोधगया में पलायन, शराबबंदी व जातिवाद की चुनौतियों से जूझ रहा है। प्रशांत किशोर की नई पार्टी के बारे में कुछ लोग चर्चा कर रहे हैं , लेकिन ज्यादातर लोग कह रहे हैं कि वह तो मोदी के आदमी हैं। नीतीश व अन्य दलों का वोट काटकर भाजपा का लाभ पहुंचाने का काम कर रहे हैं। यदि कुछ सीटें जीत लिए तो भाजपा को मदद करेंगे।

## इंस्टाग्राम पर भावुक कविता साझा कर तोड़ी चुप्पी

# इरफान के बेटे बाबिल खान ने अवसाद से लड़ाई का दर्द बयां किया

दिवंगत अभिनेता इरफान खान के बेटे अभिनेता बाबिल खान ने सोशल मीडिया पर एक भावुक कविता साझा की है जिसमें उन्होंने अवसाद से अपनी लड़ाई का खुलासा किया है। बाबिल ने 2022 में फिल्म ''क़ला'' से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की थी जिसमें उनके साथ तृप्ति डिमरी नजर आई थीं। बाबिल मई में उस समय विवादों में घिर गए थे जब उन्होंने एक वीडियो पोस्ट किया था जिसमें वह बेहद भावुक नजर आए थे और उन्होंने फिल्म जगत को बनावटी करार दिया था।

***बाबिल खान ने इंस्टाग्राम पर साझा की कविता :*** *बाबिल खान ने इंस्टाग्राम पर एक हालिया संदेश के ज़रिए अवसाद से अपनी लड़ाई को सार्वजनिक रूप से व्यक्त किया है। यह उनके भावुक वीडियो के ऑनलाइन व्यापक ध्यान आकर्षित करने और प्रशंसकों व फ़िल्म उद्योग में चिंता पैदा करने के महीनों बाद आया है।*



कहानी फिल्म जगत की